नई दिल्ली
गुरुवार, 26 जून 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 72
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


## स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी

# शुभांशु की 'शुभ-यात्रा'

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा/नई दिल्ली

भारत ने अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रच दिया है। लखनऊ के रहने वाले शुभांशु शुक्ला (39) ने बुधवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की ओर उड़ान भरकर भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में 41 साल बाद वापसी कराई। वह अमेरिका की प्राइवेट कंपनी एक्सिओम मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए हैं। इस मिशन में भारत के अलावा हंगरी और पोलैंड के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल हैं। शुभांशु ने अंतरिक्ष से तिरंगे के साथ संदेश दिया कि यह केवल मेरी नहीं, 140 करोड़ भारतीयों की यात्रा है। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार ▶▶ शेष पेज 5 पर


प्रक्षेपण 1


अंतरिक्ष में 2

**परिवार ने की सत्यनारायण भगवान की कथा**

शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला, जो कि एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी हैं, ने बताया कि परिवार ने उनके सफल मिशन के लिए सत्यनारायण भगवान की कथा और हवन का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि अब डर नहीं लग रहा, हम बस खुश हैं कि बेटा इतिहास रचने जा रहा है। उनकी मां आस्था शुक्ला ने कहा कि वह खुद बहुत उत्साहित हैं कि वह भारत के लिए कुछ नया करने जा रहे हैं। हम तो बस यही चाहेंगे कि वो मिशन पूरा कर के जल्दी लौट आएं। उनकी पत्नी डॉ. कामना शुभा शुक्ला और उनका पांच साल का बेटा इस वक्त फ्लोरिडा में ही है। उन्होंने वहीं से लांच देखा और सबको थैंक्स कहा।


### मोदी कैबिनेट में सफल प्रक्षेपण पर प्रस्ताव पारित



पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुई कैबिनेट की बैठक में भी अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण पर एक प्रस्ताव पारित कर खुशी जताई गई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि 'हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरीका के अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते और शुभकमानाए देते हैं।

**एक्स पर पोस्ट के जरिए वायुसेना की प्रतिक्रिया रक्षा मंत्री ने भी दी अपनी शुभकामनाएं**

## ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा भारत के लिए अभूतपूर्व क्षणः वायुसेना




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

'एक्सिओम-4' मिशन की अंतरिक्ष यात्रा में भारत की ओर से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला शामिल हुए हैं। भारतीय वायुसेना ने बुधवार को उनकी इस ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा को लेकर एक्स पर एक पोस्ट की। जिसमें लिखा, भारत के लिए 'डेजा वू मूवमेंट', 'आसमान जीतने से ▶▶ शेष पेज 5 पर

**वायुसेना ने साझा की शुक्ला की फोटो**

*अपनी पोस्ट में वायुसेना ने लखनऊ के रहने वाले ग्रुप कैप्टन शुक्ला का एक प्रोफाइल फोटो भी साझा किया। जिसमें वह गहरे नीले रंग की एक यूनिफॉर्म में अपने इस वैश्विक अंतरिक्ष मिशन पर रवाना होने के लिए पूरी तरह से तैयार और उत्साहित नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ वायुसेना ने कैप्शन में लिखा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ट्रेंड इन ब्लू, बाउंड फार द स्टार्स, विशिंग यू सक्सेस इन दिस ग्लोरियस मिशन।*

**रक्षा मंत्री ने भी बढ़ाया हौसला**

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी वायुसेना के अधिकारी ग्रुप कैप्टन शुक्ला का हौसला बढ़ाया। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत समेत चार देशों के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर जा* ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### सेंसेक्स 700 अंक चढ़ा निफ्टी में 25200 बढ़त



**मुंबई।** कारोबार के अंत में सेंसेक्स 700.40 अंक यानी 0.85 फीसदी की बढ़त के साथ 82,755.51 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 200.40 अंक यानी 0.80 फीसदी की बढ़त के साथ 25,244.75 के स्तर पर बंद हुआ सीजफायर का जश्न बाजार में बरकरार रहा और सेंसेक्स-निफ्टी दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। शेयरों में खरीदारी रही।

### उत्तराखंडः नहर में गिरी कार, बच्चे समेत 4 की मौत



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। हल्द्वानी में बुधवार सुबह मूसलधार बारिश कार अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसके बाद वह बहने लगी। कार में कुल सात लोग सवार थे। हादसे में एक मासूम बच्चे समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**आपातकाल पर पीएम मोदी ने कांग्रेस को घेरा, 'काला चिट्ठा' लाया गया सामने**

# संविधान की भावना का मखौल उड़ाया, लोकतंत्र को बना दिया बंधक, गरीबों पर ढाए गए जुल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। भाजपा देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेस पर हमलावर है। उन्होंने आपातकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो गए हैं। यह वो वक्त था जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी भारतीय कभी नहीं भूल सकता कि किस तरह हमारे संविधान की भावना का उल्लंघन किया गया। संसद की आवाज दबाई गई और अदालतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। 42वां संशोधन उनकी हरकतों का एक प्रमुख उदाहरण है। गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों को खास तौर पर निशाना ▶▶ शेष पेज 5 पर

**इमरजेंसी की 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस पर हमला**

**42 वां संशोधन उनकी हरकतों का सबूत**



**गरीबों और वंचितों के सपने पूरे करेंगे**

पीएम ने लिखा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने तथा विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएं तथा गरीबों और वंचितों के सपनों को पूरा करेंगे।

**आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम**

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हैं। ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, अलग-अलग विचारधाराओं से आए थे जिन्होंने एक ही उद्देश्य से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया।

**तब मैं आरएसएस का प्रचारक था**

आपातकाल के दिनों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब जब आपातकाल लगाया गया था, तब मैं आरएसएस का युवा प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सीखने का एक अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने की अहमियत को फिर से पुष्ट किया।

**2 मिनट का मौन**

केंद्र सरकार ने भी इस मौके पर एक संकल्प लिया है, कैबिनेट बैठक में बाकायदा दो मिनट का मौन तक रखा गया। पीएम मोदी ने भी आपातकाल को लेकर सोशल मीडिया पर पर एक पोस्ट शेयर की। उन्होंने लिखा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो गए हैं। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं।

### कांग्रेस के कुकृत्य को जब याद दिलाया जा रहा है, तो कांग्रेस पार्टी की बौखलाहट सामने आ रहीः पात्रा

**भाजपा ने खड़गे को लिया आड़े हाथ, कांग्रेस अध्यक्ष ने आपातकाल को बताया था 50 वर्ष पुरानी घटना**



**हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने बृहस्पतिवार को केन्द्रीय कार्यालय में मीडिया बाइट देते हुए आपातकाल के दौरान हुई लोकतंत्र की हत्या को याद किया। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा आपातकाल को 50 वर्ष पुरानी घटना बताए जाने पर तीखी आलोचना की। संविधान हत्या दिवस पर हो रही चर्चा को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाये गए सवाल पर डॉ. पात्रा ने लोकतंत्र का उपहास करार दिया। डॉ. पात्रा ने आपातकाल के उस काले दौर को याद करते हुए कांग्रेस की मानसिकता पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े किए। उन्होंने कहा कि आज से 50 वर्ष पहले, आज ही के दिन, आपातकाल के रूप में देश के लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला हुआ था। यह उस काले अध्याय का पचासवां वर्ष है, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार और कांग्रेस पार्टी ने देश पर आपातकाल थोपा था। स्वाभाविक रूप से, इतिहास को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए। इतिहास से सीख लेनी चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक देश में वैसी गलतियां दोबारा न दोहराई जाए। इसी भावना के साथ, भारतीय जनता पार्टी आज समग्र देश में इस काले दिन को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप ▶▶ शेष पेज 5 पर

## चुनाव आयोग पर फिर खरगे प्रहार, मोदी सरकार की कठपुतली दिया करार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस के देशव्यापी संविधान बचाओ आंदोलन से घबराकर और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए मोदी सरकार आपातकाल की बात कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि पिछले 11 वर्षों से देश में अघोषित आपातकाल लागू है।

कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश एवं कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, आर्थिक बदहाली जैसे मुद्दों पर अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए पचास वर्ष बाद आपातकाल का मुद्दा उठा रही है। अगर संविधान संकट में है, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही है। भाजपा-आरएसएस पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि देश की आजादी और संविधान निर्माण में जिनका कोई योगदान नहीं रहा, जिन लोगों ने कभी संविधान एवं बाबासाहेब अंबेडकर का पुतला जलाया था, वे आज संविधान के सम्मान की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस का कहना था कि संविधान में मनुस्मृति के अंश नहीं हैं, इसलिए वे इसे स्वीकार नहीं करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन कर रही है और विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। अगर कोई छात्र देशहित में कुछ कहता है तो उसे देशद्रोही बताया जाता है और पत्रकारों को जरूरी सवाल पूछने पर जेल में डाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार देश की संपत्ति चुनिंदा उद्योगपतियों को सौंप रही है। खरगे ने कहा कि मोदी सरकार देश के संघीय ढांचे को लगातार कमजोर कर रही है और विपक्ष-शासित राज्यों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने राज्यपालों द्वारा जनहितैषी बिलों को लंबित रखने या उन्हें वापस भेजने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को आईना दिखाने का काम किया। चुनाव के बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई एक मुठभेड़ में टीटीपी ने किया यह कारनामा**

## मारा गया विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाला पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में की गई बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत-पाकिस्तान में चरम सीमा पर जा पहुंचे तनाव के बीच देश में आक्रोश के साथ सबसे ज्यादा पाकिस्तान की सेना के जिस अधिकारी की चर्चा हुई थी। वो था मेजर मुईज अब्बास शाह। क्योंकि अब्बास ने ही ये दावा किया था कि उसने एयर स्ट्राइक के बाद भारत की वायुसेना के अधिकारी विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ा। आज देश में एक बार फिर से मेजर अब्बास की चर्चा इसलिए हो रही है। क्योंकि उसे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने ढेर कर दिया है। यह एक प्रकार से अभिनंदन की गिरफ्तारी के बाद उसके साथ बना हुआ भारत का बदला पूरा होने के समान है। साथ ही पाकिस्तान की सेना का यह एक बड़ा नुकसान है। मेजर अब्बास के साथ पाक सेना का एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पाक विमानों को खदेड़ने में शामिल अभिनंदन**

*गौरतलब है कि 14 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला किया था। जिसमें केंद्रीय अर्धसैन्यबल के कुल 40 जवान शहीद हो गए थे। जवाब में हमले के 12 दिन बाद भारत ने 26 फरवरी को बालाकोट एयरस्ट्राइक की और पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मौजूद आतंकवादियों के प्रशिक्षण ठिकानों को मटियामेट कर दिया था। इसके बाद पाक ने भारत के सैन्य ठिकानों पर हमले की योजना बनाई और करीब 24 लड़ाकू विमान भारत पर हमले के लिए भेजे। जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। आसमान में दोनों वायु सेनाओं के बीच कांटे की लड़ाई हुई। अभिनंदन वर्धमान भी पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को खदेड़ने वाली भारतीय वायु योद्धाओं की टीम में शामिल थे। उस दौरान उनकी तैनाती श्रीनगर वाली वायुसेना के मिग-21 बाइसन लड़ाकू विमानों की 51वीं स्क्वाड्रन में थी।*

**सोयाबीन का उत्पादन बढ़ाने पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह इंदौर में आज करेंगे बैठक**

## सोयाबीन के खेत का दौरा, किसानों के संवाद और फार्म रिसोर्स हब का शिलान्यास करेंगे शिवराज सिंह

- मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा महाराष्ट्र के कृषि मंत्री और सोयाबीन उत्पादक राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी, हितधारक भी होंगे शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणा के क्रम में उपजवार और राज्यवार प्रमुख फसलों के विकास का सिलसिला सोयाबीन उत्पादन पर इंदौर में अहम बैठक के साथ प्रारंभ हो रहा है। शिवराज सिंह आज बृहस्पतिवार, 26 जून को मध्य प्रदेश के इंदौर में सोयाबीन उत्पादन को लेकर एक अहम बैठक करेंगे। इस अहम बैठक का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर में किया जाएगा। इस बैठक में मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के कृषि मंत्री सहित सोयाबीन उत्पादक प्रमुख राज्यों के अधिकारी, संबद्ध संस्थानों के पदाधिकारी, प्रगतिशील किसान व अन्य सभी हितधारक शामिल रहेंगे। मुख्य बैठक से पहले शिवराज सिंह सोयाबीन के खेत का दौरा कर वहां किसानों से संवाद करेंगे। उसके साथ ही फार्म रिसोर्स हब का शिलान्यास करेंगे। बैठक में 'खाद्य तेलों पर राष्ट्रीय मिशन-तिलहन' पर प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। उसके बाद सोयाबीन के इतिहास, वर्तमान परिदृश्य, चुनौतियों और उत्पादकता ▶▶ शेष पेज 5 पर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी**

## आगरा के सिंगना में सीआईपी के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना को स्वीकृति दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (सीएसएआरसी) की स्थापना के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू और शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन और मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। भारत में आलू क्षेत्र में उत्पादन क्षेत्र, प्रसंस्करण क्षेत्र, पैकेजिंग, परिवहन, विपणन, मूल्य श्रृंखला आदि में महत्वपूर्ण रोजगार अवसरों के सृजन की क्षमता है। इसलिए, इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं का दोहन करने और उनका पता लगाने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र उत्तर प्रदेश के आगरा के सिंगना में स्थापित किया जा रहा है। सीएसएआरसी द्वारा विकसित आलू और शकरकंद की उच्च उपज प्रदाता पोषक तत्वयुक्त और जलवायु अनुकूल किस्में न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर विज्ञान और नवाचार के माध्यम से दक्षिण एशिया क्षेत्र में भी आलू और शकरकंद क्षेत्रों के सतत विकास को महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान करेंगी।

**बड़ा फैसला : पहला चरण फरवरी में आयोजित किया जाएगा, दूसरा चरण मई में होगा**

## 2026 से साल में 2 बार होगी 10वीं की बोर्ड परीक्षा, सीबीएसई ने दी 'मानदंडों' को मंजूरी

**इस फैसले से छात्रों को यह होगा फायदा**

इस फैसले के बाद छात्रों को अपने अंकों में सुधार का मौका मिल पाएगा। यदि किसी छात्र के अंक पहले चरण में कम रह जाते हैं, तो वह दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करके सुधार कर सकेगा।




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई शैक्षणिक सत्र 2026 से साल में दो बार 10वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित करने वाला है। बोर्ड ने मानदंडों को मंजूरी दे दी है। अगले वर्ष से परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण फरवरी में आयोजित किया जाएगा, दूसरा चरण मई में होगा। पहला चरण सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगा। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने दी है। कक्षा 10 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के पहले चरण में उपस्थित होना अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक रहेगा। आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा। इस फैसले के बाद छात्रों को अपने अंकों में सुधार का मौका मिल पाएगा। यदि किसी छात्र के अंक पहले चरण में ▶▶ शेष पेज 5 पर

- **आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा**
- **दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित होंगे**



**किन्हीं 3 विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) ने कक्षा 10वीं के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसित एक कदम है। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे। छात्रों के लिए पहले ▶▶ शेष पेज 5 पर

**स्वीकृत मानदंड मंगाई गई प्रतिक्रियाओं पर आधारित**

*स्वीकृत मानदंडों के अनुसार शीतकालीन सत्र में भाग लेने वाले स्कूलों के कक्षा 10वीं के छात्रों को किसी भी चरण में बोर्ड परीक्षा में बैठने का विकल्प मिलेगा। शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा। सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी। बाद में इन पर हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए इसे सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था। यह निर्णय नई शिक्षा नीति की* ▶▶ शेष पेज 5 पर

# धार्मिक स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वागतपूर्ण बनाया जाए : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




धार्मिक स्थल केवल आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि संस्कृति, सेवा और आत्मिक ऊर्जा के केंद्र होते हैं। हमारा प्रयास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सांस्कृतिक रूप से जागरूक भारत के सपने के अनुरूप इन स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वागतपूर्ण बनाया जाए। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को आयोजित नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की परिषद बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह जानकारी दी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के पुनरुद्धार के लिए चलाई जा रही राष्ट्रव्यापी पहल से प्रेरणा लेते हुए, मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने 'धार्मिक स्थल सौंदर्यीकरण एवं विकास समिति' के गठन की घोषणा की। यह समिति एनडीएमसी क्षेत्र में धार्मिक स्थलों का सर्वेक्षण, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता सुविधाओं का उन्नयन, मंदिर परिसरों में रोशनी, रास्तों और सौंदर्यीकरण में सुधार, धार्मिक गतिविधियों में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसका ध्यान रखते हुए हितधारकों से समन्वय रखेगी।

बैठक में नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, परिषद अध्यक्ष केशव चंद्र, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, विधायक एवं परिषद सदस्य वीरेंद्र सिंह कादियान तथा परिषद सदस्य अनिल वाल्मीकि और सरिता तोमर भी उपस्थित रहे।

### आपातकाल की निंदा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि बैठक में सभी परिषद सदस्यों ने सर्वसम्मति से 25 जून 1975 को लगे आपातकाल की 50वीं बरसी पर एक निंदा प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में उस दौर को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताया गया, जब नागरिकों के मौलिक अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कुचल दिया गया था। परिषद ने इस ऐतिहासिक भूल से सीख लेते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया।

### प्रमुख परियोजनाओं आदि को दी मंजूरी : चहल

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिहं चहल ने बताया कि बैठक में नागरिक सुविधाओं में सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास और जनकल्याण से जुड़ी कई प्रमुख योजनाओं को मंजूरी दी गई। जानकारी के अनुसार परिषद ने हर बाजार में पिंक टॉयलेट : गरिमा और सुरक्षा की दिशा में ठोस कदम, नई रोड-स्वीपिंग मशीनों की खरीद, झुग्गी क्लस्टरों और धोबी घाटों का उन्नयन, सार्वजनिक शौचालयों की बेहतर देखरेख और समग्र शहरी प्रशासन की ओर एक ठोस दृष्टिकोण जैसे नागरिक प्रस्तावों का मंजूरी दी।

## दमकल विभाग की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंची

# रोहिणी में पांच मंजिला इमारत में आग लगने से चार की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



रोहिणी के रिठाला इलाके में विनिर्माण की कई इकाइयों वाली पांच मंजिला इमारत में आग लग जाने से चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे लगी आग पर काबू पाने में 12 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। रोहिणी सेक्टर-5 इलाके में लगी आग पर काबू पाने के लिये दमकल विभाग की 16 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था।

दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास की है। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं है और इस संबंध में जांच की जा रही है। मलबे में कोई दबा है या नहीं यह पता लगाने के लिए बुधवार शाम तक सर्च अभियान जारी था। पुलिस ने खबर लिखे जाने तक आग में झुलसे चार लोगों के शव बरामद किए थे। तीन घायल लोगों को बाबा साहब आंबेडकर (बीएसए) अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पहचान नितिन बंसल (31), राकेश (30) और विरेंद्र (25) के रूप में हुई है। नितिन बंसल और राकेश आग में 80 प्रतिशत तक झुलस गए हैं जबकि विरेंद्र मामूली रूप से झुलसा है। नितिन और राकेश को बाद में आगे के उपचार के लिए राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल भेजा गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि देर रात करीब एक बजकर 15 मिनट पर दमकल कर्मियों की मदद से पहली मंजिल से तीन लोगों के शव बरामद किए जो झुलसे हुए थे। बाद में एक और शव बरामद किया गया। बुधवार सुबह छह बजे तक निचली मंजिलों पर आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन भारी धुएं के कारण तीसरी और सबसे ऊपरी मंजिल पर आग बुझाने का कार्य दिनभर चलता रहा। डीएफएस के सहायक मंडल अधिकारी (एडीओ) राजेश कुमार ने बताया कि शाम को कूलिंग कार्य जारी था। डीएफएस के सूत्रों के अनुसार, इमारत में कोई अग्नि सुरक्षा उपाय नहीं थे और आपातकालीन स्थिति में परिसर को खाली कर सकने के लिए कोई उचित क्षेत्र भी नहीं था। अग्निशमन अधिकारी ने कहा, शुरू में हमें पता चला कि प्रिंटिंग के लिए भूतल पर रसायन रखा हुआ था।

पुलिस के अनुसार आग लगने की सूचना मंगलवार को शाम सात बजकर 29 मिनट पर बुध विहार थाने को पीसीआर के जरिये मिली थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस के साथ आपातकालीन अधिकारी रिठाला में राणा कॉम्प्लेक्स, गेट नंबर 2 स्थित घटनास्थल पर पहुंचे, जहां जलती हुई इमारत के अंदर कई लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। यहां इस पांच मंजिला इमारत में कई निर्माण इकाइयां चलाई जा रही थी। पुलिस ने बताया कि भवन के मालिक सुरेश बंसल के बेटे नितिन बंसल द्वारा भूतल और प्रथम तल का उपयोग रेडीमेड और प्लास्टिक बैग बनाने के लिए किया जाता था। जबकि दूसरी मंजिल आनंद नाम के व्यक्ति को कपड़े से संबंधित काम के लिए किराए पर दी गई थी और तीसरी तथा सबसे ऊपरी मंजिल का उपयोग राकेश अरोड़ा नाम के व्यक्ति द्वारा गोदाम के रूप में किया जा रहा था, जो डिस्पोजेबल (इस्तेमाल के बाद फेंक दिए जाने वाले) वस्तुओं का कारोबार करते हैं। इलाके में रहने वाले लोगों ने बताया कि इमारत में रहने वाले कुछ लोग पहली और दूसरी मंजिल से कूद गए थे, जिन्हें पास के अस्पताल में ले जाया गया।

# हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट के नाम पर करते थे फ्रॉड, दो चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईएफएसओ यूनिट ने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) बुकिंग के नाम पर लोगों को ठगने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इसमें शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। इनके पास से पांच मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और नौ डेबिट कार्ड बरामद हुये हैं। फर्जीवाड़ कई क्यूआर कोड के जरिये किया जा रहा था। जांच में 1000 से अधिक शिकायतें एनसीआरपी से जुड़ी मिली हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कथित तौर पर गूगल पर भुगतान किए गए विज्ञापनों के माध्यम से इन नकली प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने के लिए जाली दस्तावेजों और नकली पहचानकर्ताओं का इस्तेमाल किया। परिणामस्वरूप भारत भर में हजारों व्यक्तियों को अग्रिम भुगतान करने के लिए प्रेरित कर धोखा दिया गया। आरोपी भ्रामक वेबसाइटों में यूपीआई क्यूआर कोड थे जो जाली पहचान का उपयोग करके खोले गए बैंक खातों से जुड़े थे। देश भर के पीड़ितों से 1,200 से 1,500 तक के अग्रिम भुगतान करने के लिए गुमराह किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ऋषभ गुप्ता, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट बुकिंग सेवाओं की झूठी पेशकश करने वाली धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों के

■ एनसीआरपी पर हो चुकी थी एक हजार शिकायतें

निर्माण में शामिल था। आगे की जांच में कपिल त्यागी की गिरफ्तारी हुई, जिसकी पहचान ऋषभ गुप्ता ने ऑपरेशन के मास्टरमाइंड के रूप में की गई। कपिल त्यागी का पहले भी इसी तरह के अपराधों से जुड़ा आपराधिक इतिहास रहा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्णा कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी म. नं. 270, गांव वजीराबाद, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 393/2022 अन्तर्गत धारा 283 आईपीसी थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्णा कुमार** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्णा कुमार** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 393/2022 अन्तर्गत धारा 283 आईपीसी थाना वजीराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कृष्णा कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**चतिन्दर सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 32
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/8153/N/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 (2)(1) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मुकेश मंडल पुत्रः गबरू मंडल, पताः** मकान नं. 10, गली नं. 7, साकेत ब्लॉक, मंडावली, दिल्ली, **FIR No. 640/2021, U/s 283 IPC,** थानाः मंडावली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश मंडल** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश मंडल** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 640/2021, U/s 283 IPC,** थानाः मंडावली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मुकेश मंडल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03,**
**कोर्ट नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7865/ED/2025**
**(Court Matter)**

# युवती को छत से धक्का देकर मारने का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के अशोक नगर में 19 वर्षीय युवती से विवाद के बाद उसे छत से धक्का देकर मारने के आरोपी 26 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी व्यक्ति बुर्के में था और उसने महिला को कथित तौर पर छत से धक्का दे दिया था। पुलिस सूत्रों ने कहा कि दोनों रिश्ते में थे और महिला इस बात से परेशान थी कि व्यक्ति दूसरी महिला से शादी कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में रामपुर के निवासी तौफीक ने सोमवार की सुबह युवती को छत से धक्का दे दिया था। बाद में युवती को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। तौफीक पांचवीं मंजिल पर स्थित महिला के घर में बुर्का पहने हुए आया था तभी उनके बीच विवाद हुआ था। ज्योति नगर थाने को सुबह साढ़े आठ बजे के आसपास इस घटना की सूचना मिली थी। आरोपी को मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मामले में हत्या के आरोप भी जोड़े हैं। घटना की कड़ियों का पता लगाने के लिए आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

### परिवार ने आरोपी के लिये मांगी मौत की सजा

मृतक युवती के परिजनों ने आरोपी के लिये मौत की सजा की मांग की है। युवती के शोकाकुल माता-पिता ने कहा कि आरोपी को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए तभी उनकी बेटी को न्याय मिल सकेगा। युवती के पिता सुरेंद्र ने कहा, मेरी बेटी को ऐसे नहीं मरना चाहिए था। जिस आदमी ने ऐसा किया है, उसे भी ऐसी ही सजा मिलनी चाहिए। उसे भी वैसा ही दर्द महसूस होना चाहिए। युवती की मां कांता ने भी आरोपी को मौत की सजा दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि उसे फांसी होनी चाहिए। तभी मेरी बेटी की आत्मा को शांति मिलेगी। कांता ने कहा कि जब उनकी बेटी पानी की टंकी की जांच करने के बाद वापस नहीं लौटी तो उनके पति छत पर पहुंचे। युवती की मां ने कहा कि जब वह (युवती के पिता) छत पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक आदमी उनकी बेटी से झगड़ रहा है। जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उन्हें धक्का देकर दूर कर दिया और हमारी बेटी को छत से नीचे फेंक दिया। युवती की छोटी बहन मीनाक्षी इस घटना के बाद से सदमे में है। उसने कहा कि आरोपी को गोली मार देनी चाहिए।

## बिजनेसमैन के घर 30 लाख की चोरी

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज साउथ इलाके में बिजनेसमैन के घर दिनदहाड़े सनसनीखेज 30 लाख की लूट का मामला सामने आया है। वारदात के बाद बदमाश पीड़ित को डराते हुए आसानी से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से तफ्तीश कर रही है। वारदात को सुलझाने के लिए जिले के आपरेशन सेल को भी लगाया गया है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि यह वारदात 23 जून को हुई है। गैस डिस्ट्रीब्यूशन का बिजनेस करने वाले करण चोपड़ा ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी। उन्होंने बताया कि तीन-चार बदमाश जबरदस्ती उनके घर में घुसे और लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। मौके पर क्राइम टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया और छानबीन शुरू की गई। इस मामले में अलग-अलग धाराओं के तहत वसंत कुंज साउथ थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। कुछ संदिग्धों के बारे में भी पुलिस को जानकारी मिली है, उनकी तलाश की गई है। पुलिस का दावा है कि केस के आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे।

# पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने दो जालसाजों को राजस्थान के सीकर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर भोले भाले नौजवानों को ठगते थे। एक पीड़ित को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के माध्यम से जॉब का झांसा देकर 84,400 रुपये की ठगी की गई थी और उसे निवेश पर उच्च रिटर्न का लालच भी दिया गया था। अपराध में इस्तेमाल किए गए दो मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड भी जब्त कर लिये गये हैं।

पुलिस के अनुसार बुराड़ी के संत नगर निवासी 43 वर्षीय पंकज गुप्ता द्वारा 84,400 रुपये की ठगी के संबंध में एक शिकायत एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से उत्तरी जिले के साइबर पुलिस स्टेशन में प्राप्त हुई थी। आरोप लगाया गया था कि उन्हें व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब के बारे में एक मैसेज मिला था। जब उन्होंने रुचि दिखाई, तो उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया और पैसे कमाने के लिए रेस्तरां की रेटिंग करने के लिए कहा गया। बाद में उन्हें प्रीपेड कार्य करने के लिए कहा गया, यानी पहले भुगतान करें और फिर लाभ कमाएं। इस प्रक्रिया में शिकायतकर्ता ने आरोपी व्यक्तियों द्वारा प्रदान की गई यूपीआई आईडी पर 84,400 (58,600+25,800) रुपये की राशि भेजी, लेकिन उन्हें कोई लाभ राशि नहीं मिली। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम ने यूपीआई आईडी से जुड़े बैंक खातों, जिनमें पीड़ित ने पैसे ट्रांसफर किए थे, के बीच मनी ट्रेल की गहन जांच लगातार की जिसके बाद राजस्थान के सीकर के लक्ष्मणगढ़ इलाके में छापेमारी की गई। इस दौरान बलवंत सैनी नामक व्यक्ति को पकड़ा गया। इसके बैंक खाते में ठगी की गई रकम जमा की गई थी। विस्तृत पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि उक्त बैंक खाता रणधीर नेहरा नामक व्यक्ति ने उसके पहचान पत्र और फिंगर प्रिंट के जरिए फिनो बैंक में खुलवाया था। उसकी निशानदेही पर सह-आरोपी रणधीर नेहरा को भी सीकर से गिरफ्तार कर लिया गया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जीएसएसएस सुर्खपुर में फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी लैब्स, जीएसएसएस शाहबाद में फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी लैब्स और एक एसीआरएस तथा जीएसएसएस नलवी में 8एसीआरएस और जीएसएसएस रावा जिला कुरुक्षेत्र में 4एसीआरएस, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर रूम के लिए निर्माण। भिवानी, नूह, सोनीपत और पलवल जिले में 7 अन्य कार्य। | 23.06.2025 02.07.2025 | 9.92 करोड़ | www.hsspp.in | 9041397095 civilbranchssa4@gmail.com |
| 2 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जीएसएसएस हैदरवाला में 3एसीआरएस, जीएसएसएस टोहाना में 2एसीआरएस, फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी लैब्स, जीएसएसएस जमालपुर शेखां में फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी लैब्स तथा अमानी, ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद में 8एसीआरएस के लिए निर्माण + करनाल, गुरुग्राम और जीन्द जिले में 6 अन्य कार्य। | 19.06.2025 01.07.2025 | 7.63 करोड़ | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35967/I/88/7 दि. 25.06.25

# एविएशन रिफंड फ्रॉड के नाम पर ठगी का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने इंटरनेशनल लेवल पर किये जा रहे एविएशन रिफंड फ्रॉड में शामिल कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। स्कैम के मास्टरमाइंड और कॉल सेंटर के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी फ्लाइट टिकट बुकिंग और रिफंड की आड़ में अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के विदेशी नागरिकों को ठग रहा था। इन्होंने अवैध रूप से एयरलाइन रिफंड हासिल करने के लिए जाली मृत्यु और मेडिकल प्रमाणपत्रों का भी इस्तेमाल किया था। पुलिस ने 36 लैपटॉप, 6 मोबाइल फोन और 4 हार्ड ड्राइव जब्त की है। गिरफ्तार शख्स का नाम कीर्ति नगर निवासी अक्षय शर्मा (40) बताया गया है। डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार सूचना मिली थी कि कीर्ति नगर से संचालित एवीएस हॉलिडेज नामक ट्रैवल एजेंसी संगठित

■ कई देशों के लोगों को ठगने का है आरोप

साइबर धोखाधड़ी में लिप्त है। आरोपी फ्लाइट बुकिंग और कैंसिलेशन सेवाओं के लिए भ्रामक विज्ञापनों के जरिये लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। मुख्य रूप से विदेशी नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा था। पीड़ितों के नाम पर टिकट जारी होने के बाद, सिंडिकेट बाद में ग्राहकों का रूप धारण करके धोखाधड़ी से रद्दीकरण प्रक्रिया शुरू कर देता था। उन्होंने पूरा रिफंड हासिल करने के लिए एयरलाइनों को जाली दस्तावेज, जिसमें फर्जी मृत्यु और मेडिकल प्रमाण पत्र शामिल थे जमा कराए। इनके पास से जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रारंभिक फोरेंसिक विश्लेषण से पता चला कि इन धोखाधड़ी वाले दावों को सुविधाजनक बनाने के लिए सैंकड़ों जाली दस्तावेज इस्तेमाल किए गए थे। 24 जून को आरोपी अक्षय शर्मा को गिरफ्तार किया गया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला हिसार रोड से नदीयाली खेड़ा से खेड़ा मेतलां से रसुलपुर से एमएसएन रोड (रोड आईडी 140 जमा 113 जमा 120 जमा 74) (कि.मी. 0.00 से कि.मी. 16.200) तक सम्पर्क सड़क का सुधार (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 20.06.2025 03.07.2025 | 526.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में होली टैंक, पिंडारा रोड की विशेष मरम्मत (वर्ष 2025-26 हेतु ओडीआर का कार्य कार्यक्रम) रोड आईडी 6614. | बंद होने की तिथि 30.06.2025 | 56.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत जिले में बुटाना में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सीसीटीवी सिस्टम का प्रावधान + 2 कार्य। | 25.06.2025 01.07.2025 | 53.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में गांव बहादुरपुर में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का निर्माण + 2 कार्य। | 24.06.2025 30.06.2025 | 82.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 5 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस के लिए 100 अदद 9 एमएम पिस्टल की खरीद। | 20.06.2025 04.07.2025 | 80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814330006 kamaldeepips@gmail.com |
| 6 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस के लिए 75 अदद 5.56 × 45 एमएम कार्बाइन क्यूसीबी की खरीद। | 20.06.2025 04.07.2025 | 77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814330006 kamaldeepips@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खुबडू ब्लॉक गन्नौर में बदलू वाली चौपाल (सामान्य) का निर्माण। | 23.06.2025 30.06.2025 | 22.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव ऊण में व्यायामशाला को पूरा करना (पीएस)। | 23.06.2025 03.07.2025 | 24.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज रेवाड़ी | ममारिया अहीर – ममारिया अहीर ब्लॉक खोल में जीएडी आयुष डिस्पेंसरी का निर्माण। | 24.06.2025 01.07.2025 | 43.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 10 | महिला एवं बाल विकास, जीन्द | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी और एसएनपी के अतिरिक्त मदों की आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 06.06.2025 02.07.2025 | 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896093597 dpojind.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/180/35966/I/88/7 दि. 25.06.25




## खबर संक्षेप

### बारिश में करंट से बचने के लिए बीएसईएस ने उपभोक्ताओं को दिए टिप्स

**नई दिल्ली।** मानसून (बारिश) के मौसम में करंट लगने की घटनाओं में बढ़ोत्तरी को रोकने व बिजली के झटकों से बचने के लिए आपूर्ति कंपनी बीएसईएस ने उपभोक्ताओं को कई टिप्स दिए है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने क्षेत्रानुसार आपातकालीन नंबर भी जारी किए जिन पर आग व झटका आदि की घटना की जानकारी दी जा सकती है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि मानसून में बेहतर व सुरक्षित बिजली आपूर्ति के लिए बीएसईएस द्वारा तैयार छोटी-छोटी सलाह पर अमल करके दुर्घटना-मुक्त मानसून का मौसम बनाने में सहयोग कर सकते हैं। क्योंकि बारिश के दौरान नमी, सीपेज व जलभराव, पेड़ों की शाखाएं टूटने के कारण तार आदि टूटने जैसी चुनौतियां काफी बढ़ जाती हैं। ऐसे में करंट का खतरा भी बहुत बढ़ जाता है। इसलिए लोगों को सलाह है कि वे सुरक्षा मानको व हिदायतों का पालन करें।

### डीएमआरसी ने वसंत कुंज मेट्रो स्टेशन पर सुरंग निर्माण कार्य किया संपन्न



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने चरण चार के तहत बनाई जा रही नई मेट्रो लाइन निर्माण में एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। गोल्डन लाइन के वसंत कुंज मेट्रो स्टेशन पर सुरंग निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है। यह डीएमआरसी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है जिसे बुधवार को प्राप्त किया। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि फेज चार के तुगलकाबाद-एरोसिटी कॉरिडोर पर किशनगढ़ और वसंत कुंज स्टेशन के बीच भूमिगत सुरंग का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। सुबह के समय करीब 1550 मीटर लंबी सुरंग खोदने के बाद टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) वसंत कुंज मेट्रो स्टेशन पर बाहर निकली।

व्यापारियों की लाइफ-लाइन बनकर उनके रोजगार व निवेश में योगदान करेगा बोर्ड

# कैबिनेट ने दी 'दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड' के गठन को मंजूरी: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली कैबिनेट ने व्यापारी समुदाय को सशक्त बनाने, उन्हें सामाजिक सुरक्षा देने तथा उनके व्यापार को अधिक सुविधा-संपन्न बनाने के लिए 'दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड' के गठन को मंजूरी दे दी है। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को प्रैसवार्ता में दी है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वैधानिक बोर्ड सरकार व व्यापारियों के बीच सेतु (पुल) का काम करेगा, साथ ही 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' की धारणा को और मजबूत बनाएगा। बोर्ड व्यापारियों से जुड़े मुद्दे और प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, रोजगार और निवेश को बढ़ावा देगा व उनके आर्थिक हितों के लिए कल्याण कोष का संचालन भी करेगा। बोर्ड में अधिकारियों के अलावा व्यापारी प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के कारोबारी अब अकेले नहीं हैं। उनकी सुरक्षा, कल्याण और समृद्धि के लिए सरकार उनके साथ खड़ी है। यह बोर्ड एक संस्था नहीं बल्कि सरकार का अपने व्यापारियों पर भरोसा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड के गठन से राजधानी के करीब आठ लाख से अधिक जीएसटी पंजीकृत (रजिस्टर्ड) कारोबारियों को मदद मिलेगी। यह बोर्ड सामाजिक सुरक्षा से लेकर व्यापारियों के स्किल डेवलपमेंट में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि बोर्ड के लिए 10 करोड़ रुपये की प्रारंभिक ग्रांट-इन-एड के साथ एक वार्षिक व्यापारी कल्याण कोष की स्थापना की जाएगी, जिसमें हर वर्ष अतिरिक्त धनराशि जोड़ी जाएगी। यह कोष व्यापारियों के कल्याण की विभिन्न योजनाओं, कौशल विकास, मेंटरशिप कार्यक्रमों, और अन्य सहायक पहलों को समर्थन देगा।

### उद्योग मंत्री अध्यक्षता गठित बोर्ड में कुल होंगे 15 सदस्य

मुख्यमंत्री ने बोर्ड की संरचना की जानकारी देते हुए बताया कि इसकी अध्यक्षता उद्योग मंत्री करेंगे, जबकि व्यापारी समुदाय से उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा सदस्य सचिव, उद्योग विभाग के कमिश्नर होंगे। साथ ही कोषाध्यक्ष के रूप में एक नामित डिप्टी कमिश्नर स्तर का अधिकारी नियुक्त किया गया है। बोर्ड में कुल 15 सदस्य होंगे। इनमें छह सदस्य सरकार के विभिन्न विभागों जैसे दिल्ली नगर निगम, श्रम विभाग, उद्योग विभाग आदि के अधिकारी होंगे। बोर्ड में नौ सदस्य व्यापारिक समुदाय से होंगे। इसका लाभ यह रहेगा कि यह बोर्ड सरकार व व्यापारियों के बीच में सामंजस्य स्थापित करेगा ताकि व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी तरीके से सुलझाया जा सके।

## एबीवीपी ने निकाली मशाल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में एक विशाल मशाल यात्रा निकालकर वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल की विभीषिका एवं दमन की क्रूर स्मृतियों को स्मरण किया। यह यात्रा रामजस कॉलेज से आरंभ हुई तथा कला संकाय, दौलत राम कॉलेज, श्रीराम कॉलेज एवं विधि संकाय से होते हुए क्रांति चौक पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल और राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि आपातकाल केवल असहनीय यातनाओं या मानवाधिकारों के उल्लंघन की स्मृति भर नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की मूल आत्मा को रौंदने एवं भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करने का अध्याय भी है।

### सब कुछ ठीक ठाक रहा तो नरेला को कल मिल जाएगा नया डीटीसी बस टर्मिनल

**नई दिल्ली।** दिल्ली और देश में सबकुछ ठीक ठाक रहा तो कल शुक्रवार को दिल्ली देहात के नरेला स्थित सेक्टर ए-9 में जनता को देवी बसें और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बस टर्मिनल समर्पित हो जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि, दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि रहेंगे। इसके साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, संबंधित आला अधिकारी और क्षेत्रीय गणमान्य लोग भी इस लोकार्पण समारोह में उपस्थित रहेंगे। बता दें कि पहले इस टर्मिलन को 4 जून 2025 को जनता का समर्पित किया जाना था लेकिन किसी कारणवश यह कार्यक्रम टाल दिया गया। बता दें कि नरेला के बीचोंबीच बने धरानी जोहड़ में इन दिनों भी डीटीसी का एक बस टर्मिनल है और इसमें इन दिनों भी बसों का संचालन हो रहा है लेकिन आबादी बढ़ने के साथ ही यहां यातायात जाम भी बढ़ गया है और कम जगह होने के चलते बसों की कम संख्या हो गई है। पहले इसी जोहड़ को बस टर्मिनल बनाने की योजना थी, कई बार विचार भी हुआ लेकिन कई कारणों के चलते अब इसे नई जगह बना दिया गया है।

## दिल्लीवासियों को जल्द मिलेगी आधुनिक और हाईटेक नरेला बस टर्मिनल की सौगात

*इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े में इसी महीने शामिल होंगी 150 नई देवी बसें*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्लीवासियों को जल्द मिलेगी आधुनिक और हाईटेक नरेला बस टर्मिनल की सौगात मिलने वाली है। नरेला के सेक्टर-9 में 4 हजार वर्गमीटर क्षेत्र पर अत्याधुनिक बस टर्मिनल बनकर लगभग तैयार है। इस बात की जानकारी दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को दिल्ली परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक के बाद दी। मंत्री डॉक्टर पंकज ने कहा कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने राजधानी के नरेला इलाके के सेक्टर-9 में अर्बन ट्रांसपोर्टेशन रोड-11 के पास 4000 वर्ग मीटर क्षेत्र पर 100 दिनों के रिकॉर्ड समय में अत्याधुनिक बस टर्मिनल का निर्माण का काम पूरा कर लिया है। नरेला बस टर्मिनल में यात्रियों, बस ड्राइवरों की सुविधा के साथ ही बसों के रखरखाव लिए भी कई तरह की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नरेला बस टर्मिनल से बस संचालन के लिए 3 समर्पित बस-बे, 34 मीटर और 40 मीटर के 2 आधुनिक शेड का निर्माण, बसों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, शानदार कैंटीन, स्वच्छ एवं सुलभ शौचालय ब्लॉक, सुरक्षित पेयजल के लिए आरओ वाली पानी की व्यवस्था के साथ ही भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग पॉइंट भी स्थापित किए गए हैं। नरेला बस डिपो राजधानी में स्वच्छ, कुशल और सुलभ परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि नरेला बस टर्मिनल से ज्यादातर इलेक्ट्रिक बसों का दिल्ली के प्रमुख मार्गों पर संचालन होगा। इस बस टर्मिनल से चलने वाली बसें पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, मोरी गेट, दिल्ली सचिवालय, उत्तम नगर, दयालु कॉलोनी और बॉर्डर एरिया को जोड़ेंगी। बसों के नरेला डिपो से संचालित होने से उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में आवागमन बेहतर होने के साथ राजधानी के हर कोने में स्वच्छ और हरित परिवहन का उद्देश्य भी पूरा होगा।

### श्रम विभाग में ऑनलाइन सुनवाई की व्यवस्था शीघ्र लागू की जाए : कपिल मिश्रा

**नई दिल्ली।** श्रम विभाग में ऑनलाइन सुनवाई की व्यवस्था को शीघ्र लागू किया जाए और श्रम विभाग के पोर्टल पर सभी केसों की सूची, संबंधित आदेशों और विभागीय निर्णयों को सार्वजनिक किया जाए। इस बात के निर्देश बुधवार को दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने विभाग को दिए हैं। गौरतलब है कि श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को श्रम विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में श्रम विभाग के आयुक्त, संयुक्त आयुक्त एवं जिला स्तर के उपायुक्तों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य फोकस श्रम विभाग में सूचना तकनीक के उपयोग को बढ़ाने और लंबित श्रमिक मामलों के त्वरित समाधान पर रहा। बैठक में स्पष्ट रूप से मंत्री कपिल ने कहा कि सूचना तकनीक को सुदृढ़ करना आज की प्रशासनिक आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि विभाग में वर्चुअल हियरिंग (ऑनलाइन सुनवाई) की व्यवस्था को शीघ्र लागू किया जाना चाहिए ताकि श्रमिक अपने मामलों की सुनवाई में भौगोलिक बाधाओं के बिना भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि यह केवल समय की मांग नहीं, बल्कि न्याय प्रक्रिया को सुलभ और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

## सिरसा ने राजौरी गार्डन में छात्रों के साथ किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत बुधवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने राजौरी गार्डन स्थित एस.के.वी. स्कूल में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के साथ मिलकर पौधे लगाए और सभी से अपील की कि हर पौधा अपनी मां को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पौधरोपण नहीं, यह मां के प्रति कृतज्ञता जताने और दिल्ली को हरा-भरा बनाने का एक भावनात्मक माध्यम है। छात्रों ने इस मौके पर प्रकृति पर कविताएं और संदेश प्रस्तुत किए, जिसे सभी ने खूब सराहा। पर्यावरण मंत्री सिरसा ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें 'दिल्ली का ग्रीन एम्बेसडर' कहा जो पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान कर रहे हैं। इस अवसर पर सभी ने पेड़ों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली की वायु गुणवत्ता को स्थायी रूप से बेहतर बनाने के लिए हर ठोस और असरदार कदम उठा रही है। इसमें छात्रों व समाज की भागीदारी अहम भूमिका निभा रही है।

दिल्ली सरकार ने लगाई प्रदर्शनी

# आपातकाल में लाखों लोगों को बिना कारण जेल में डाला गया : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश में 25 जून, 1975 से शुरू हुआ आपातकाल का दौर पूरे 21 महीने चला जिसमें लाखों लोगों को बिना कारण जेल में डाल दिया गया। उस समय न अपील थी, न दलील और न ही सुनवाई, यह भारत के लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। यह बातें बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार द्वारा कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में आपातकाल पर आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर कही। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने 25 जून 1975 को देश में लगे आपातकाल की 50वीं बरसी के अवसर पर 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में याद करते हुए कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में आपातकाल के दौरान हुई घटनाओं से संबंधित दुर्लभ फोटो, सरकारी दस्तावेज, डिटेंशन ऑर्डर और प्रेस कटिंग को दिल्ली सरकार की हिन्दी अकादमी कला, संस्कृति एवं भाषा सहयोग से आमजन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन दिल्ली सरकार की हिन्दी अकादमी, कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्रालय द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप

### सीएम योगी आज करेंगे डेटा सेंटर का शिलान्यास



**गाजियाबाद।** सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गाजियाबाद आएंगे। मुख्यमंत्री साहिबाबाद में सेन्ट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड परिसर में डेटा सेंटर का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर पुलिस व प्रशासन तैयारियों में जुटा रहा। डीएम दीपक मीणा ने कैलाश मानसरोवर भवन एवं सीईएल, साहिबाबाद का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

### फोर्ब्स सूची में शामिल टाटा मोटर्स के सीएमओ



**गुरुग्राम।** फोर्ब्स की 2025 की दुनिया के सबसे प्रभावशाली सीएमओ की सूची में शुभ्रांशु सिंह, टाटा मोटर्स के कमर्शियल व्हीकल्स डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर को शामिल किया है। सिंह ने कहा, फोर्ब्स द्वारा यह मान्यता मेरे लिए विनम्रता का क्षण है। इसके लिए वे अपने टीम सदस्यों और उन भागीदारों का आभार व्यक्त करते हैं।

### बायो इंडक्टिव कोलेजन से तैराक बने पूर्व आईएएस



**गुरुग्राम।** कंधे की सर्जनी कराने के बाद पूर्व आईएएस धीरज माथुर 'बायो इंडक्टिव कोलेजन इंप्लांट की मदद से महज 4 महीने में फिर से तैराकी करने लगे हैं। 65 वर्षीय माथुर ने अगस्त 2023 में बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कंधे की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद बायो इंडक्टिव कोलेजन इंप्लांट की मदद से उनकी जिंदगी फिर से पटरी पर दौड़ने लगी है।

### दो प्रोजेक्ट की फाइल गायब, 3 पर केस दर्ज




**गाजियाबाद।** जीडीए ने बुधवार को तीन बाबुओं पर फाइल गायब करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है 2014 में ये फाइलें गायब की गई थी। पुलिस के मुताबिक रियल एंकर डेवलपर्स के कनावनी और प्रह्लादगढ़ी स्थित दो प्रोजेक्ट के नक्शे वर्ष 2012 में पास हुए थे। वर्ष 2014 में फाइल जीडीए से गायब हो गई, काफी तलाशने पर भी फाइल का कुछ पता नहीं चला।

### 7 अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर



**गाजियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर लोनी क्षेत्र में चला और वहां अवैध रूप से बसाई जा रही सात कालोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। प्रभारी जोन-8 के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ग्राम अगरौला में पूर्व निर्मित 2 एवं 1 नव सृजित कालोनी, पंचलोक में 1 पूर्व निर्मित व गढ़ी कटैया रामेश्वर पार्क, लोनी में 3 कालोनियों में करीब 50-60 भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

### ट्रेडिंग टिप्स व निवेश के नाम पर ठगी, 3 काबू



**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों पर कार्रवाही की कड़ी में थाना सेंट्रल की टीम ने ट्रेडिंग टिप्स व निवेश के नाम पर ठगी करने के मामले में 3 को उज्जैन मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। एक महिला ने साइबर थाना में दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों ने उससे व्हाट्सएप पर संपर्क किया और इन्वेसटमेंट एप के बारे में बताया जहां पर ट्रेडिंग की टिप्स दी जाती थी और निवेश करवाया जाता था।

# भाजपा फरीदाबाद महानगर ने संविधान हत्या दिवस के रुप में मनाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

वर्ष 1975 में आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने की घटना को भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान हत्या दिवस.2025 के रुप में मनाया गया।

इस कड़ी में भाजपा जिला फरीदाबाद महानगर द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने 25 जून 1975 के आपातकाल के काले दौर को याद करते हुए कहा कि यह दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक दुखद और भयावह अध्याय के रूप में दर्ज है, जब देश पर तानाशाही थोप दी गई और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निर्ममता से कुचल दिया गया। अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि आपातकाल की रातें केवल अंधकारमय नहीं थीं, बल्कि उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर गहरे और स्थायी घाव छोड़े। प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित किया गया, असहमति को दंडित किया गया और संविधान के मूल स्वरूप से खिलवाड़ किया गया।

यह दौर हमें सिखाता है कि लोकतंत्र की रक्षा सतत प्रक्रिया है, जिसके लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक व सजग रहना आवश्यक है। इस संगोष्ठी में आपातकाल के दौरान हुए संविधान के दमन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध और न्यायपालिका पर डाले गए दबाव जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय

लोकतंत्र की रक्षा सतत प्रक्रिया है, प्रत्येक नागरिक को जागरूक व सजग रहना आवश्यक

आपातकाल के प्रत्यक्षदर्शियों रवि भूषण खत्री, संजय अरोड़ा व रामदत्त शर्मा सम्मानित




### संविधान की गरिमा को बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं

उन असंख्य लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने अपार यातनाएं सहन करते हुए भी लोकतंत्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी। श्रीमती रेखा शर्मा ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे इतिहास से सीख लें और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और संविधान की गरिमा को बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में आपातकाल के प्रत्यक्षदर्शी रवि भूषण खत्री, संजय अरोड़ा व रामदत्त शर्मा भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे, जिन्होंने आपातकाल के अनुभवों और यादों को उपस्थितजनों के समक्ष सांझा किया। सांसद रेखा शर्मा ने आपातकाल के प्रत्यक्षदर्शियों रवि भूषण खत्री, संजय अरोड़ा व रामदत्त शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल ने साबित किया कि भारत की जनता किसी भी तानाशाही को सहन नहीं करेगी। भाजपा उन सभी वीरों को नमन करती है जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

### भारतीय लोकतंत्र के लिए एक सबक, जिसे भुलाया नहीं जा सकता

आपातकाल का काला अध्याय भारतीय लोकतंत्र के लिए एक सबक है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमें संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव सजग रहना होगा। कार्यक्रम में भाजपा फरीदाबाद महानगर के जिलाध्यक्ष सोहनपाल सिंह, विधायक मूलचंद शर्मा, मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, जिला प्रभारी कमल यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, टेकचंद शर्मा, अनुशासन समिति की अध्यक्ष नीरा तोमर, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, धर्म चौधरी, टिपरचंद शर्मा, अनुराग गर्ग, कविन्द्र चौधरी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ, महिला भाजपा जिलाध्यक्ष ममता राघव, स्वराज भाटी, महावीर सैनी, जिला प्रभारी कमल यादव, भाजपा पार्षगण व मंडल अध्यक्ष सहित गणमान्य लोग शामिल हुए। इसके उपरांत सांसद रेखा शर्मा व अन्य गणमान्य लोगों ने पौधारोपण भी किया।

## ऑपरेशन आक्रमण के दौरान फरीदाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# अलग-अलग अपराधों में संलिप्त 88 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

शत्रुजीत कपूर पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार व सतेंद्र कुमार गुप्ता पुलिस आयुक्त के निर्देश पर फरीदाबाद पुलिस की 158 टीमों द्वारा चोरी करने वालों, अवैध शराब रखने, बेचने वालों, अवैध मादक पदार्थ रखने, बेचने वालों, जुआ खेलने खिलाने वालों, वांछित अपराधियों सहित विभिन्न अपराधों में संलिप्त व सक्रिय अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन आक्रमण के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

**खास बातें**

- 238 बोतलें देशी शराब, 2.620 किग्रा गांजा, 13 देसी कट्टा, 3 कारतूस बरामद, 2 मोटरसाइकिल जब्त
- 51 अभियोग अंकित कर आरोपितों के विरुद्ध कार्यवाही

### 158 पुलिस टीमें गठित की गई थी



*इस विशेष अभियान में फरीदाबाद पुलिस के 584 पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों की 158 पुलिस टीमें गठित की गई, जिनके द्वारा 24 जून को विभिन्न स्थानों पर इस विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण के तहत अपराधियों, अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 14 उद्घघोषित अपराधियों, जमनोत्तर अपराधियों सहित विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त, सक्रिय कुल 88 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है, इस दौरान 51 अभियोग अंकित करके आरोपितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। ऑपरेशन में पुलिस टीमों द्वारा 13 देसी कट्टा व 3 कारतूस बरामद किये गये। फरीदाबाद पुलिस की टीम द्वारा इस अभियान के दौरान 238 बोतल देशी शराब, 2.620 किलोग्राम गांजा, जुआ अधिनियम के अंतर्गत 11870 व 2 मोटरसाइकिल जब्त की गई।*

### महिला सुरक्षा रेड डॉट टीम गठित

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश व पुलिस उपायुक्त, महिला सुरक्षा, उषा के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है जिसके अंतर्गत पुलिस के प्रत्येक जोन में महिला थाना प्रबंधक की अध्यक्षता में रेड डॉट नाम से टीम गठित की गई है, ये टीम जगह-जगह जाकर महिलाओं को जागरूक कर फीडबैक लेंगी। जिला में महिलाओं की सुरक्षा व उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी देने के लिए जोनवार प्रबन्धक थाना महिला को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर महिला पुलिस कर्मचारियों की टीम गठित की गई है। ये टीम अपने-अपने जोन में महिला कार्यस्थलों, स्कूल, कॉलेज, फैक्टरियों, पार्को, बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं से सम्पर्क कर उनको जागरूक करेगी तथा घरेलू हिंसा व महिला उत्पीड़न संबंधी फीडबैक लेगी। साथ ही ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाएगा, जहां पर महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। फीडबैक अनुसार चिन्हित स्थानों पर सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे व लाईट की व्यवस्था करवाकर पुलिस गस्त बढाई जाकर चिन्हित स्थानों को सुरक्षित किया जाएगा।

**अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेंगे**

*फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर शिकंजा कसने व अपराधों पर लगाम लगाने के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाती है। भविष्य में भी इस प्रकार से अभियान जारी रहेंगे।*

## एंटी ड्रग पखवाड़ा

# नारकोटिक्स ब्यूरो के नेतृत्व में एश्लॉन इंस्टिट्यूट ने लिया ड्रग फ्री कैंपस का संकल्प



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

एंटी ड्रग पखवाड़े के तहत नारकोटिक्स ब्यूरो के डीएसपी पंकज कुमार और इंस्पेक्टर मनोज सांगवान के नेतृत्व में एश्लॉन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिला ड्रग कंट्रोलर संदीप गहलान विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों और स्टाफ ने ड्रग फ्री कैंपस बनाने का संकल्प लिया व नशामुक्त समाज बनाने में योगदान देने का वादा किया। डीएसपी ने कहा कि नागरिक ड्रग सप्लायर्स की सूचना 1933 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल या स्टेट हेल्पलाइन पर देकर नशे के खिलाफ अभियान को मजबूती दे सकते हैं।

### सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रहेगा

उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इंस्पेक्टर मनोज सांगवान ने नशे से युवाओं को बचाने के लिए सभी को मिलकर काम करने का आह्वान किया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. अरविंद पांडे ने कहा कि एश्लॉन इंस्टिट्यूट अपने छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। हम छात्रों के बीच ड्रग्स के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके अलावा विशेष क्लासेस के माध्यम से छात्रों को नशे के खतरों से अवगत कराया जाएगा। हमारा लक्ष्य न केवल कॉलेज बल्कि पूरे समाज को नशामुक्त बनाना है।

### नशा खत्म करने में योगदान देने की अपील

कॉलेज की ओर से डॉ. मुकेश सैनी, डॉ. सुनील वर्मा (कोऑर्डिनेटर) और डॉ. पूनम कुमारी (इवेंट कोऑर्डिनेटर) ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावाए सभी डीन, एचओडी, फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर जिला ड्रग कंट्रोलर संदीप गहलान ने कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे समाज की समस्या है और इसे खत्म करने के लिए हर व्यक्ति का योगदान जरूरी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे ड्रग्स से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

# बिना रजिस्ट्रेशन के नर्सिंग होम चलाने के मामले में दो गिरफ्तार

## दोनों चिकित्सक लंबे समय से फरार थे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

गाजियाबाद के भोजपुर पुलिस ने बिना रजिस्ट्रेशन के फर्जी तरीके से निजी नर्सिंग होम चलाने के मामले में दो चिकित्सकों को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया है। दोनों ही चिकित्सक फरार चल रहे थे।

एसीपी ज्ञानेंद्र राय ने बताया कि थाना भोजपुर पर डॉक्टर देवीलाल (नोडल चिकित्सा अधिकारी) की तहरीर पर डॉक्टर मौ.सद्दाम, डॉक्टर अश्वनि, साजिद,परवेज, डॉक्टर ताज तथा डॉक्टर सीबा के विरुद्ध धारा 15(2)/15(3)/इण्डियन मेडिकल काउन्सिल एक्ट 1956 व धारा 30 संयुक्त प्रान्त चिकित्सा अधिनियम 1917 व धारा 318(4) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसमें विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान धारा 118(2)/336(2)/340(2)/61(2 ) बीएनएस की बढोत्तरी की गई ।

बुधवार को थाना भोजपुर पुलिस ने डॉक्टरद मौहम्मद सद्दाम व डॉक्टर अश्वनि कृष्णपाल सिंह को



बुलन्दशहर नुमाइश ग्राउण्ड से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बस अड्डा किल्हौडा थाना भोजपुर गाजियाबाद में बिना रजिस्ट्रेशन के फर्जी तरीके से एक नर्सिंग होम का संचालन करते थे । जिसमें एक महिला की धोखाधडी से चिकित्सकों ने नर्सिंग होम में बच्चेदानी निकाल ली थी ।

शिकायत मिलने के बाद गाजियाबाद पुलिस इन चिकित्सकों को लंबे समय से तलाश कर रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस दबिश दी और आरोपी पकड़ा गया।

# अवैध कब्जे से मुक्त सरकारी जमीन पर जीडीए ने शुरू किया पिलर और तारफैसिंग

## सरकारी काम में बाधा, एंटी भू माफिया के तहत कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

इंदिरापुरम के कनावनी में मंगलवार को अवैध कब्जे से मुक्त करायी गई करीब 800 करोड लागत की जमीन पर जीडीए ने पिलर खडे. करने और तार फैसिंग का कार्य शुरू कर दिया है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्राधिकरण के प्रवर्तन एवं अभियंत्रण अनुभाग के द्वारा संयुक्त रूप से जीडीए के द्वारा अर्जित भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान निर्देश दिए कि प्रवर्तन और अभियंत्रण अनुभाग संयुक्त रूप से सुनिश्चित करें कि जीडीए की जमीन पर किसी भी स्तर से अनधिकृत व्यक्तियों जैसे रोहिग्या एवं बांग्लादेशियों द्वारा कब्जा न किया जाए। पिलर खड़े करने एवं तारफैंसिंग के दौरान यदि किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है तो संबंधित के खिलाफ एंटी भूमाफिया के अंतर्गत पुलिस में एफआईआर दर्ज की



जाए। बैठक के दौरान अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर चार दीवारी के निर्माण का प्लान प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए।

साथ ही आरएफपी / लेआउट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान ले-आउट तैयार करने की कडी. में टीम के द्वारा की गई कार्रवाई के प्रगति की भी जानकारी हासिल की गई। यहां बता दे कि प्राधिकरण को शिकायत मिली थीं कि प्राधिकरण की इंदिरापुरम के कनावनी की करीब दस हैक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए अनधिकृत व्यक्तियों जैसे रोहिग्या एवं बंगलादेशी लोगों को बसाया गया है। शिकायतों की जांच कराते हुए संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया गया था व कई बार स्थल खाली कराये जाने हेतु मुनादी कराई गई थी।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे रावली मिल्क, शर्मा के परिजनों का ढांढस बंधाया

# उत्तर प्रदेश में अपराधी नियंत्रण के बाहर पुलिस को सरकार ने बनाया कार्यवाहक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय बुधवार को गाजियाबाद पहुंचे और मुरादनगर थाने के सामने बदमाशों की गोली का निशाना बने रवि शर्मा के परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया। अजय राय ने उत्तर-प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि यूपी में भाजपा की योगी सरकार कानून व्यवस्था के मसले पर पूरी तरह से विफल है। अपराधी पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं। मुरादनगर थाने के सामने सरेआम पुलिस की मौजूदगी में सरेआम रवि शर्मा की ताबड़-तोड़ गोलियां चलाकर हत्या किया जाना इसका जीता-जागता उदाहरण है। राय ने कहा कि भाजपा सरकार से



पहले कभी भी कार्यवाहक डीजी नहीं बनाया गया । भाजपा सरकार केवल और केवल कार्यवाहक डीजी बना रही है। जिसके चलते उत्तर प्रदेश की पूरी पुलिस ही कार्यवाहक हो गई है। किसी की कोई जवाबदेही ही नहीं बनी है। अपराधी बेवकूफ होकर न केवल घूम रहे हैं बल्कि अपराध को अंजाम भी दे रहे हैं। जो स्थिति है उसे लग रहा है कि सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। अजय राय ने कहा कि घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा, कानूनी सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाए। अजय राय ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की।

अजय राय ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके साथ है। इस अवसर पर अजय राय के साथ कांग्रेस प्रवक्ता डोली शर्मा जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा(डासना) के अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत कुमार त्यागी,पूर्व मंत्री सतीश शर्मा,डॉ. संजीव शर्मा व नसीम खान समेत कई कांग्रेसी नेता भी उपस्थित रहे।

## हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्लूडी यूनियन की बैठक

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेंगे भाग मांगों को लेकर की भी की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

हरियाणा गवर्नमेंट पी डब्लू डी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के सैकड़ों कर्मचारी 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे। हड़ताल के दिन पानी की सप्लाई ठप्प रहेगी। वहीं नहरों और रजवाहों तथा सड़कों पर कोई काम नहीं होगा। यह निर्णय कैनाल कालोनी में संपन्न हुई जिला कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान देवी सिंह अत्री ने की। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय प्रधान वीरेंद्र सिंह डंगवाल, राज्य उपप्रधान राकेश तंवरए मुख्य संगठन सचिव योगेश शर्मा, राज्य उप कोषाध्यक्ष हितेष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने कहा कि सरकार जन सेवाओं के विभागों का निजीकरण कर रही है। नहरों की रखरखाव के लिए बेलदार नहीं है। नहरों के दोनों तटबंध टुटे हुए हैं। स्टाफ नहीं होने की वजह से मैकेनिकल वर्कशॉप बंद पड़ी हुई है।

यूनियन मांग करती है कि नहरों की मरम्मत के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की जरूरत है। लेकिन सरकार भर्ती नहीं कर रही है। सभी प्रकार के स्थाई कार्यो को ठेकेदारों के हवाले किया जा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-32 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के कार्यक्षेत्र में TBSR (H-Beam)-1113 Nos. (Br.No. 234A/IL, 21UP, 222A/DN, 228A/IIIL, 228A/Side) आदि का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):** रु. 3,32,41,470.74 **धरोहर राशि (रुपये):** रु. 3,16,200.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 18.07.2025, 15:00 बजे। |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/eTender Notice/NIT-32-25-26-W-II दिनांक: 25.06.2025 1908/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित पुत्र** राजपाल, **निवासी** सी–1/296, नंद नगरी, दिल्ली, ने **FIR No. 291/2015, U/S 392/411/394/34 IPC, पुलिस स्टेशन मानसरोवर पार्क, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 291/2015, U/S 392/411/394/34 IPC, पुलिस स्टेशन मानसरोवर पार्क, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06,
प्रथम तल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/8306/SHD/2025
(Court Matter)



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप सी हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को दंत मदों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा। | 24.06.2025 15.07.2025 | 18.41 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/35954/1/88/7 दि. 25.06.25

## खबर संक्षेप

### बेसिक शिक्षा अधिकारी बनेंगे क्रिकेटर रिंकू सिंह



**लखनऊ।** टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह जल्द ही बेसिक शिक्षा अधिकारी बनेंगे। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। वहीं, बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। रिंकू सिंह को अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के तहत नियुक्ति दी जाएगी। रिंकू सिंह अलीगढ़ जिले के हैं। अभी हाल ही में उनकी सगाई सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ हुई थी।

### मोहर्रम के जुलूस के दौरान बंद रहेगी बिजली आपूर्ति



**बरेली।** यहां मोहर्रम के जुलूस के दौरान हादसों से बचने के लिए बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। मोहर्रम के 10 दिन तक अभियंताओं की ड्यूटी लगाई गई है, जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। उनके मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं, ताकि आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। जुलूस से पहले अभियंता अलम व तखत की ऊंचाई भी परखेंगे।

### गोली चलने से सीआईएसएफ नहीं एसआईएसएफ के जवान की हुई थी मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग डेटलाइन से 22 जून के संस्करण में 'सीआईएसएफ जवान को लगी गोली, मौत' के शीर्षक से छपी खबर में त्रुटिवश केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का जवान मिथिलेश प्रसाद यादव लिखा गया है, जबकि यह घटना एसआईएसएफ (स्टेट इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स) झारखंड के एक जवान के साथ घटित हुई थी।

## चुनाव आयोग ने बुधवार को अधिसूचना जारी की

# मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी को दोबारा नाव सिंबल आरएलएम का सिलेंडर और जन सुराज का स्कूल बैग

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने 8 दलों को सिंबल (चुनाव चिह्न) आवंटित कर दिया है। पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को दोबारा नाव सिंबल मिल गया है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा का गैस सिलेंडर चुनाव चिह्न स्थायी हो गया है। इसी तरह प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का भी स्कूल बैग चुनाव चिह्न कायम है। चुनाव आयोग ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव से उनकी पार्टी को पर्स चुनाव चिह्न दिया गया था। मगर कई प्रावधानों को पार करने के बाद एक बार फिर पार्टी को पुराना चुनाव चिह्न नाव प्राप्त हो गया। उन्होंने कहा कि वीआईपी का नाव सिंबल से भावनात्मक लगाव रहा है। यह भीमराव अंबेडकर के संविधान की जीत है। उल्लेखनीय है कि मुकेश सहनी की वीआईपी इस बार आरजेडी, कांग्रेस और वामदलों के साथ मिलकर महागठबंधन में चुनाव लड़ेगी।

*वीआईपी को लोस चुनाव से पर्स चुनाव चिह्न दिया था*

*उम्मीदवार कहीं से भी चुनाव लड़े यही चुनाव चिह्न रहेगा*




#### स्थायी रूप से चुनाव चिह्न मिलने से आरएलएम कार्यकर्ताओं में उत्साह

*दूसरी ओर, एनडीए के घटक दल उपेंद्र कुशवाहा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा को भी गैस सिलेंडर चुनाव चिह्न स्थायी रूप से आवंटित कर दिया गया है। आरएलएम के प्रदेश महासचिव राम पुकार सिन्हा ने बुधवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्थायी रूप से चुनाव चिह्न मिलने से पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह है।*

#### निर्वाचन आयोग को चुनाव चिह्न के लिए आवेदन दिया था

इसी तरह प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का भी स्कूल बैग चुनाव चिह्न कायम रखा गया है। बिहार के इन सभी दलों ने विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग को सिंबल के लिए आवेदन दिया था। चुनाव आयोग ने इनके आवेदनों को मंजूर कर दिया है। अब ये पार्टियां जहां से चुनाव लड़ेंगी, वहां किसी अन्य उम्मीदवार को इनके सिंबल नहीं आवंटित किए जाएंगे। इससे इन दलों को सभी सीटों पर एक जैसे सिंबल मिल जाएंगे, जिससे चुनाव प्रचार में आसानी होगी।

## आपातकाल के 50 साल पर आयोजित कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

# पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान का गला घोंट दिया था

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज ही के दिन कांग्रेस ने और उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान का गला घोंटा था। वो चाहती थीं कि मेरी सत्ता बनी रहे चाहे लोकतंत्र रहे न रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, '25 जून की तिथि, जिस संविधान के निर्माण को लेकर, जिस संविधान को लागू करने को लेकर भारत ने अनगिनत बलिदान दिए थे। जिस लोकतंत्र को लेकर विद्यार्थी हो या युवा, महिला हो या पुरुष समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति ने अपना बलिदान दिया, किसी प्रकार का सहयोग देने में कोई कोताही नहीं की। उस संविधान का गला घोंटने में कांग्रेस की सरकार को समय नहीं लगा।

**खास बातें**

- समाजवादी पार्टी हो या आरजेडी का संविधान की हत्या किए जाने वाले दिन को लेकर कोई ट्वीट नहीं आया



#### कांग्रेस को अपने कृत्यों पर देश से माफी मांगनी चाहिए

सीएम योगी ने कहा कांग्रेस को अपने कृत्यों को लेकर देश से माफी मांगनी चाहिए। गरीबो वंचितों से माफी मांगनी चाहिए। चाहे समाजवादी पार्टी हो या आरजेडी, सामान्य दिनों में उनके प्रेस कांफ्रेंस होती है। ट्वीट होते हैं लेकिन आज संविधान की हत्या किए जाने वाले दिन उनका कोई ट्वीट नहीं आया। स्व.मुलायम सिंह यादव रहे हों या लालू प्रसाद यादव ये सब आपातकाल में कांग्रेस के तानाशाही पूर्ण कार्रवाई का विरोध करते थे। प्रश्न यह उठता है कि क्या कोई व्यक्ति देश से बड़ा हो सकता है? जो पाप तत्कालीन प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को किया था कि अपनी सत्ता बनी रहे। 'मेरी सत्ता बनी रहे, चाहें लोकतंत्र रहे न रहे' यह कहकर 50 वर्ष पहले (कांग्रेस द्वारा) भारत के संविधान का गला घोटा गया था। भाजपा ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में आपातकाल को लेकर मीडिया को संबोधित किया ।

### रामनगरी अयोध्या को मिलेगी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की सौगात



**अयोध्या।** योगी सरकार रामनगरी को एक और सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का तोहफा देने जा रही है। शहर के साहबगंज में पुराने बंद पड़े सीतापुर नेत्र चिकित्सालय को तोड़ कर रामपथ के उत्तर और दक्षिण तरफ की जमीन पर 300 शैय्या चिकित्सालय बनाया जाएगा। यह हॉस्पिटल रामपथ पर अयोध्या कैंट और अयोध्या धाम के बीच में बनाया जाएगा, जहां पर आसानी से बीमार लोग पहुंच सकेंगे। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि प्रस्तावित भूमि चौक गुलाबबाड़ी के निकट रामपथ पर स्थित है। यह सुगम आवागमन के लिए उपयुक्त है। इसके साथ ही प्रस्तावित भूमि से लगभग 2.5 किमी की दूरी पर जिला चिकित्सालय स्थित है। लगभग चार किमी की दूरी पर श्रीराम चिकित्सालय, छह किमी की दूरी पर मेडिकल कालेज व लगभग पांच किमी की दूरी पर श्रीरामजन्मभूमि मंदिर स्थित है। प्रस्तावित भूमि सभी चिकित्सालयों से सड़क मार्ग से अच्छी तरह से कनेक्ट है, जिससे रेफर मरीजों को पहुंचने में सुविधा होगी।

## नीतीश कुमार को झटका!

# कद्दावर कुशवाहा नेता ने थामा आरजेडी का दामन

एजेंसी ▶▶ पटना



सांसद और बिहार में मंत्री रह चुकीं रेणु कुशवाहा बुधवार को राजद में सम्मिलित हो गईं। तेजस्वी यादव ने उन्हें सदस्यता दिलाई। समता पार्टी से संसदीय राजनीति की शुरुआत करने वाली रेणु समय-समय पर जदयू, भाजपा और लोजपा में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुकी हैं।

अब राजद में उन्हें सम्मानित स्थान दिए जाने की चर्चा है। इसका मूल कारण उस लव-कुश समीकरण (कोईरी-कुर्मी) में सेंधमारी की जुगत है, जो जदयू-भाजपा के जनाधार का महत्वपूर्ण अंश है। रेणु के साथ कुशवाहा समाज के कई और नेताओं ने राजद की सदस्यता ली है।

#### सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूती प्रदान करेगा

तेजस्वी ने कहा कि कुशवाहा समाज का पार्टी से जुड़ाव सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूती प्रदान करेगा। अगर कुशवाहा समाज एक कदम आगे चलेगा तो तेजस्वी चार कदम साथ चलेगा। राजद के प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल ने की। संचालन प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने किया।

### झारखंड में अब 16 अगस्त से नई उत्पाद नीति

**रांची।** राज्य में अब 16 अगस्त से नई उत्पाद नीति लागू करने की तैयारी है। 15 अगस्त ड्राई डे है, इसलिए 16 अगस्त को संभावित तिथि माना गया है। इस तिथि को ध्यान में रखकर ही नई नीति संबंधित प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि नई नीति संबंधित प्रक्रिया पूरी करने में कम से कम 45 दिन लगेंगे। नई उत्पाद नीति के लागू होने पर राज्य में शराब की खुदरा दुकानें निजी हाथों में चली जाएंगी। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के माध्यम से नई नीति लागू होनी है।

## पेज एक का शेष

### शुभांशु की 'शुभ-यात्रा'...

दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। रॉकेट ने जैसे ही अंतरिक्ष में प्रवेश किया, भारत समेत दुनियाभर में इस ऐतिहासिक पल का जश्न शुरू हो गया। लॉन्च के 10 मिनट बाद ही रॉकेट ने पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर लिया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने उत्साह में कहा कमाल की राइड थी। यह सुनते ही देशवासियों के चेहरे खिल उठे। उनका यह सफर भारत की अंतरिक्ष उड़ान में एक नया अध्याय है, जो राकेश शर्मा की 1984 में हुई ऐतिहासिक उड़ान के 41 साल बाद संभव हुआ है।लखनऊ में शुभांशु शुक्ला के माता-पिता और सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के छात्रों ने भी लाइव लॉन्च देखा और गर्व महसूस किया। अंतरिक्ष यात्री अब 14 दिन तक आईएसएस पर रहेंगे और इस दौरान 60 साइंटिफिक प्रयोग करेंगे। ये सभी 28 घंटे की यात्रा के बाद गुरुवार को शाम करीब 4:30 बजे के इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से डॉक करेंगे।

**अपने नए स्पेसक्राफ्ट का नाम 'ग्रेस' रखा :** एक्सिओम मिशन में शुभांशु शुक्ला के साथ अमेरिका की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोस उजनांस्की-विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू भी शामिल हैं। यह मिशन इन तीनों देशों के लिए भी खास है, क्योंकि ये देश लंबे समय बाद अंतरिक्ष में मानव भेज रहे हैं। अंतरिक्ष में पहुंचते ही चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए स्पेसक्राफ्ट का नाम ग्रेस रखा।

**आमरस, गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और चावल लेकर पहुंचे अंतरिक्ष :** खास बात यह है कि इस मिशन में वैज्ञानिक प्रयोगों के अलावा अंतरिक्ष यात्री अपने-अपने देश की सांस्कृतिक झलक भी लेकर गए हैं। शुभांशु शुक्ला भारतीय करी, चावल गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम का रस लेकर गए हैं, जबकि हंगरी से स्पाइसी पपरिका पेस्ट और पोलैंड से फ्रीज-फ्राइड पिरोगीज अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। यह मिशन केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है।

### ग्रुप कैप्टन शुभांशु...

लेकर सितारों को छूने तक, भारतीय वायुसेना के योद्धा की अदम्य भावना से प्रेरित एक यात्रा। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला राष्ट्र के गौरव को पृथ्वी से परे ले जाने के लिए एक ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन पर रवाना हुए। जो कि देश के लिए एक अभूतपूर्व क्षण है। यह वर्ष 1984 में स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा के मिशन के 41 वर्ष बाद सामने आया है। वह हमारे देश का राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगा पृथ्वी से परे ले गए थे। आज का अभियान काफी खास है और वह भारत के लगातार विस्तारित होते क्षितिज की एक बार से फिर से पुष्टि करता है'।

### रक्षा मंत्री ने भी ...

रहा यह मिशन अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। लखनऊ के रहने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने जा रहे हैं। देश को उन पर गर्व है। मैं उन्हें और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों को उनके प्रयासों में सफलता की शुभकामनाएं देता हूं।

### संविधान की भावना का...

बनाया गया, जिसमें उनकी गरिमा का अपमान भी शामिल है। पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया था। हर भारतीय महिला और पुरुषों पर तरह- तरह के जुल्म ढए गए।

### कांग्रेस के कुकृत्य को जब...

में स्मरण कर रही है। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए कुकृत्य को जब याद दिलाया जा रहा है, तो कांग्रेस पार्टी की बौखलाहट सामने आ रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस तरह की भाषा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बारे में टिप्पणी की, वह अत्यंत निंदनीय है। चाहे खड़गे जी हों या कांग्रेस के मीडिया प्रमुख जयराम रमेश, इन सभी को शायद आपातकाल की पीड़ा का अहसास नहीं है। कांग्रेस को शायद यह ज्ञात नहीं कि आपातकाल के दौरान एक आम हिन्दुस्तानी ने कैसी-कैसी यातनाएं सही थीं। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान पूरा देश भय के वातावरण में डूब गया था। इमरजेंसी के दौरान लगभग 1,10,000 लोगों को रातों-रात जेल में डाल दिए गए। कई लोगों को ऐसी यातनाएं दी गईं कि उन्होंने मृत्यु को गले लगा लिया और आज भी उन यातनाओं के झेलने वाले अनेक लोग जीवित हैं। तत्कालीन केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी लिए बिना, आधी रात को देश पर आपातकाल थोप दिया गया था। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस, अखबारों के प्रिंटिंग प्रेस की बिजली काट दी गई, ताकि अगली सुबह सत्य प्रकाशित ही न हो पाए। कांग्रेस को भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर उंगली उठाना तो उचित लगता है, लेकिन जब भाजपा गांधी परिवार के राजनीतिक इतिहास और महत्वाकांक्षाओं पर सवाल उठाती है, तो यह उनको ड्रामा लगता है। सच यह है कि इमरजेंसी एक व्यक्ति की व्यक्तिगत सत्ता की लालसा का परिणाम था। केवल इसलिए कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी जी का चुनाव रद्द कर दिया था, तो उन्होंने बिना कैबिनेट मंजूरी के देश पर इमरजेंसी थोप दी, ताकि सत्ता उनके हाथ से न जाए। पात्रा ने कहा कि इसलिए, दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में भारतीय जनता पार्टी का यह दायित्व है कि न सिर्फ देश को, बल्कि आगामी पीढ़ियों को भी इस त्रासदी से अवगत कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि इमरजेंसी जैसी भूल दोबारा न दोहराई जाए।

### चुनाव आयोग पर...

मोदी को उसी संविधान के सामने झुकना पड़ा, जिसे उनके समर्थक 400 से अधिक सीटें मिलने की स्थिति में बदलने की बात कर रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने चुनाव आयोग को मोदी सरकार की कठपुतली करार दिया। उन्होंने महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि का हवाला देते हुए आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश और सभी विपक्षी दल सरकार के साथ खड़े थे, लेकिन मोदी बिहार में चुनाव जीतने के लिए इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग को नहीं माना। खरगे ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को लेकर भी प्रधानमंत्री मोदी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ट्रंप के भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम कराने के दावों पर मोदी चुप हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी विश्व गुरु बनना चाहते हैं, लेकिन ट्रंप से डरते हैं। उन्होंने मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए पूछा कि प्रधानमंत्री आज तक वहां क्यों नहीं गए, जबकि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी वहां जाकर पीड़ितों से मिले। वहीं कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान से घबराकर भाजपा यह ड्रामा कर रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी पिछले चार महीनों से लगातार और व्यापक रूप से संविधान बचाओ अभियान चला रही है। कांग्रेस ने 628 जिलों में संविधान बचाओ रैली का सफल आयोजन किया है, जबकि 300 जिलों में अन्य कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है। इस अभियान का अगला चरण विधानसभा क्षेत्र स्तर पर होगा, जहां आने वाले दो महीनों में 10,000 से अधिक स्थानों पर यह अभियान चलाया जाएगा।

### सोयाबीन के खेत का...

बढ़ाने भावी प्रयासों पर विस्तृत विचार-विमर्श होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बैठक में किसानों, सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा), सोया खाद्य उद्योग, तेल उद्योग, बीज उत्पादकों, किसान उत्पादक संगठनों, राज्यों और केंद्र के कृषि विभाग, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति/निदेशक अनुसंधान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के डीडब्ल्यूआर, आईसीएआर के सीआईएई के निदेशकों से भी विस्तार से चर्चा करेंगे। 'लैब टू लैंड' से जोड़ने के लिए हाल ही में चलाए गए 15 दिवसीय 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के बाद लगातार कृषि क्षेत्र में किसानों तक बेहतर जानकारी पहुंचाने और उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के अनुभवों को ही आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा प्रमुख फसलों पर विशेष बैठकों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। आने वाले दिनों में भी प्रमुखता के आधार विभिन्न राज्यों में बैठकें आयोजित की जाएंगी। सोयाबीन के बाद दलहन, तिलहन, कपास, गन्ना व अन्य फसलों के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए भी फसलवार और राज्यवार बैठकें आयोजित की जायेंगी।

### मारा गया विंग कमांडर...

जवान लांस नायक जिबरान भी मारा गया। जबकि पाकिस्तान की सेना ने टीटीपी के 11 लड़ाकों को मारने की पुष्टि की है। पाकिस्तानी सेना ने अपने एक हालिया बयान में यह जानकारी दी। मेजर अब्बास मूलरूप से पाकिस्तान के चकवाल का रहने वाला था और वह पाक सेना की स्पेशल सर्विस ग्रुप (एसएसजी) का अधिकारी था।

**भारत के सामने पाक ने घुटने टेके :** भारत-पाक विमानों के बीच 26 फरवरी 2019 को हुई हवाई जंग में अभिनंदन के लड़ाकू विमान को पाकिस्तानी विमानों ने मार गिराया और वह विमान से बाहर निकलकर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार दुश्मन के इलाके में जा गिरे, उन्हें पाक सेना ने पकड़ लिया था। इसके बाद पर्दे के पीछे से बातचीत का लंबा दौर चला और फिर 58 घंटे के बाद 28 फरवरी की रात अभिनंदन को पाकिस्तान ने सही सलामत छोड़ दिया। जिसकी घोषणा शांति के संकेत के साथ खुद पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने की थी। अभिनंदन ने अटारी-वाघा सीमा से भारत में प्रवेश किया था।

### 2026 से साल में 2...

कम रह जाते हैं, तो वह दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करके सुधार कर सकेगा।

**फरवरी और मई में होगी सीबीएसई की परीक्षा :** पहले फेज की परीक्षा फरवरी में शुरू होगी, 17 फरवरी 2026 से ये परीक्षाएं शुरू होगी और 7 मार्च तक खत्म हो जाएगी। रिजल्ट संभावित तारीख 20 अप्रैल 2026 तय की गई है, हालांकि रिजल्ट की तारीखों में बदलाव हो सकता है। वहीं दूसरे फेज की परीक्षा 5 मई 2026 से शुरू होगी और 20 मई तक खत्म हो जाएगी। रिजल्ट की डेट 30 जून 2026 है। सीबीएसई की पूरी डिटेल्स डेटशीट एग्जाम से कुछ दिन पहले जारी की जाएगी। नए नियम के अनुसार कक्षा 10 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के पहले चरण में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। जबकि दूसरे फेज में शामिल होने का ऑप्शन होगा। आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।

### किन्हीं 3 विषयों में अपने...

चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति होगी।

### स्वीकृत मानदंड मंगाई ...

सिफारिशों के अनुरूप है, जिसके अनुसार बोर्ड परीक्षाओं के उच्च-दांव पहलू को खत्म करने के लिए, सभी छात्रों को किसी भी स्कूल वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।



### दिल्ली विश्वविद्यालय की में 'आपातकाल और भारतीय लोकतंत्र' विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की 'मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति' द्वारा में 'आपातकाल और भारतीय लोकतंत्र' विषय पर आज विश्वविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आरंभ में आपातकाल में अपना बलिदान करने वाले हुतात्माओं के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता महाविद्यालय प्रो. बलराम पाणी ने संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल इस देश वह काला अध्याय है जिसे इस देश के नागरिक दुहाराना नहीं चाहते। यह वह भयावह स्मृति है जो देश को जागृत रखेगी और इस तरीके की नकारात्मक सत्ता के लोलुप लोगों को पुनः सत्ता का दुरुपयोग करने से बचाए रखेगी। राष्ट्र के निर्माण के लिए सकारात्मक राजनीति का होना जरूरी है. उन्होंने आगे कहा कि आपातकाल का यह भी सबक है कि राष्ट्र प्रथम हो, न कि कोई व्यक्ति और परिवार। कार्यक्रम के अध्यक्ष और संयोजक प्रो. निरंजन कुमार, अध्यक्ष, मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति ने आपातकाल की भयावह स्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान अनुछेद 21 के तहत हमें प्राप्त जीवन जीने के अधिकार को भी छीन लिया गया। प्रो. कुमार ने बताया कि आपातकाल के खिलाफ सर्वाधिक विरोध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया था और सर्वाधिक संख्या में स्वयंसेवक जेल गए थे। आपने आगे कहा कि इमरजेंसी वंशवाद और राजतंत्रीय मानसिकता की ही परिणति थी। वर्तमान में अनेक छद्म बुद्धिजीवी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकार बनते हैं किंतु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो चीरहरण आपातकाल के दौरान किया गया उस पर एक अघोषित चुप्पी इन तथाकथित बुद्धिजीवियों में दिखती है।

## 5 की जमीन कारोबारी की हत्या में संलिप्तता

# धनबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी प्रिंस खान के 9 गुर्गे गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ धनबाद



पुलिस की स्पेशल टीम ने वासेपुर के कुख्यात प्रिंस खान के नौ गुर्गों को मंगलवार की रात जेल भेजा। आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से पांच की भूमिका पांडरपाला न्यू इस्लामपुर में रहने वाले जमीन कारोबारी शहाबुद्दीन सिद्दीकी की हत्या में थी।

एक अक्तूबर 2024 को नावाडीह 8 लेन में जमीन कारोबारी शहाबुद्दीन की हत्या हुई थी। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि प्रिंस खान और गोपी खान के इशारे पर उन्होंने शहाबुद्दीन की हत्या की थी। नौ महीनों से पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। पकड़े गए आरोपियों में धनबाद वासेपुर के सरवर, तनवीर आलम और सैफ अली उर्फ मुन्ना खान, चक्रधरपुर निवासी हासिम, पीर मोहम्मद उर्फ गबरू, पूर्वी सिंहभूम मानगो न्यू ओलीडीह निवासी अजय कांडेयांग, खरसावां बेगनाडीह निवासी बबलू कांडेयांग, सरायकेला खरसावां जोजोडीह निवासी पिंटू लोहार और सरायकेला खरसावां गांडासाई निवासी एहसान अंसारी शामिल हैं। पत्रकार वार्ता में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएसपी लॉ एंड आर्डर नौशाद आलम, सिंदरी मौजूदथे। कुमार सत्यम, डीएसपी शंकर कामती आदि उपस्थित थे।



डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब लूज मोशन के साथ पेट में हो दर्द-ऐंठन



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। तमाम तरह की सावधानी और संयमित खान-पान के बावजूद हर 10-15 दिन के अंतराल पर मुझे लूज मोशन और पेट दर्द होता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सोनेलाल, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका खान-पान बैलेंस रहता है लेकिन कई बार सामान्य तौर पर लोग बाहर की कोई चीज खा लेते हैं या पानी पी लेते हैं, जो पेट में इंफेक्शन पैदा कर देता है, जिस वजह से ऐसी समस्या आ जाती है। आप इस बात पर भी ध्यान दें कि बाहर की कोई भी चीज खाने से परहेज करें। घर की बनी डिशेज ही खाएं। बाहर का पानी भी ना पिएं। इस तरह के बदलाव से आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरे पैर की अंगुलियों के बीच अकसर फफोले पड़ जाते हैं। बरसात के मौसम में ऐसा अधिक होता है। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-गौतम, रायपुर**

आपकी परेशानी सुनकर ऐसा लग रहा है कि बारिश के मौसम में जब उमस बढ़ती है, तब इंफेक्शन होता है और फफोले पड़ जाते हैं। इसके लिए कोशिश करें कि जब बाहर से वापस घर लौटें तो पैरों को डेटॉल से अच्छी तरह साफ करें और सुखा लें। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान दें कि पैरों की अंगुलियों में पसीना बना ना रहे। जब भी पसीना आए उसे पोंछते रहें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी गर्दन पर दाद निकल आए हैं। कई तरह के क्रीम और लोशन ट्राई करने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रहा। प्लीज बताएं कि ये दाद कैसे ठीक होगा?**

**-राजेश, बिलासपुर**

दाद ऐसी जगह होता है, जहां पसीना आता है और सूख नहीं पाता। इस मौसम में गले में कई बार पसीना आता है और सूख नहीं पाता, जिससे संक्रमण हो जाता है और खुजली शुरू हो जाती है। इसके लिए बेहतर होगा कि आप पसीने को लगातार पोछते रहें और दिन में एक बार डेटॉल से जरूर धुलें। ज्यादा दिक्कत होने पर डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही कोई क्रीम या पावडर का इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर ही फफोले निकल आते हैं, जिससे खाने-पीने में काफी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-सौरभ, मटियारी**

जीभ में फफोले की समस्या कई बार पेट से जुड़ी होती है। पेट ठीक से साफ नहीं होता तो इस तरह के फफोले पड़ जाते हैं। लेकिन अगर आपका पेट रेग्युलर साफ हो रहा है, इसके बावजूद भी फफोले पड़ रहे हैं तो आपको जरूर एक बार ईएनटी के डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वे चेक कर लेंगे, जिससे कारण पता चल जाएगा फिर उपचार किया जाएगा।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरा वजन अचानक से कम होना शुरू हो गया है। जबकि मेरी डाइट और डेली रूटीन पहले की तरह ही है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजेंद्र, बलौदा बाजार**

आपको सबसे पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। कई बार शुगर होने पर भी वजन कम होना शुरू जाता है तो कई बार थायरॉइड की समस्या इसका कारण बनता है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। आप डॉक्टर से संपर्क करके एक बार जांच करवा लें। इसके बाद ही कारण का पता चलेगा और उपचार किया जा सकेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

मेंटल हेल्थ

डॉ. राखी आनंद
सीनियर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट
इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली

स्पेशलः पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसआर्डर डे, 27 जून

पीटीएसडी एक गंभीर मानसिक स्थिति है। यह मनःस्थिति ऐसे लोगों में मिलती है, जो जीवन में किसी भयावह, दर्दनाक या दुखद घटना का शिकार हुए हों या उसके चश्मदीद गवाह बने हों। ऐसे में व्यक्ति अपना सामान्य ढंग से जीवन नहीं जी पाता है। यहां हम आपको बता रहे हैं, इसके कारण, लक्षण और उपचार के बारे में।

# पीटीएसडी समुचित उपचार के साथ अपनों का सपोर्ट भी है जरूरी



हाल ही में अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया विमान क्रैश की दुर्घटना ने देश-विदेश के लोगों को सकते में डाल दिया। जिसमें मरने वालों के परिवार न केवल शोकाकुल अवस्था का सामना कर रहे हैं बल्कि उस हादसे के चश्मदीद गवाहों के दिलो-दिमाग पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। क्रैश के भयावह दृश्य बार-बार उनके सामने आ जाते हैं, जिसकी वजह से वो गंभीर मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। डॉक्टरों की माने तो इससे उबरने में उन्हें काफी समय लग सकता है। वैज्ञानिक भाषा में इस स्थिति को पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसआर्डर (पीटीएसडी) कहा जाता है।

## क्या है पीटीएसडी

पीटीएसडी के पेशेंट में दर्दनाक घटनाओं की यादें फ्लैशबैक की तरह उसके मन में बार-बार घूमती रहती हैं, डराती हैं और असहाय बना देती हैं। पीड़ित व्यक्ति दुखद घटनाओं के सदमे से बाहर नहीं निकल पाता है। इनमें से कई मरीज परिवार की सपोर्ट, समुचित देखभाल से कुछ समय बाद ठीक हो जाते हैं और सामान्य जिंदगी गुजारने लगते हैं। लेकिन कुछ मरीजों के दिलो-दिमाग में दुखद घटनाओं का फ्लैशबैक इतना ज्यादा होता रहता है कि उनका सदमे से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

## प्रमुख लक्षण

पीटीएसडी के लक्षण कभी-कभी एकाएक, कभी धीरे-धीरे दिखते हैं या कम-ज्यादा होते रहते हैं। इनमें शामिल हैं-

- छोटी-छोटी बातों को लेकर हमेशा परेशान रहना, अनचाहे ही दिमाग में दुखद घटना की पुरानी बातें याद आना, बहुत ज्यादा घबराहट और डर महसूस करना, किसी भी काम को ठीक से न कर पाना, भूख-प्यास और नींद की कमी आना, बुरे सपने आना, नींद में भी घबरा कर उठ जाना, पसीने से तर-बतर होना, दिल की धड़कन तेज होना, ब्लड प्रेशर बढ़ जाना, चक्कर आना। डेली रूटीन के काम ठीक से न कर पाना। दर्दनाक घटना से जुड़ी बातों के बारे में सोचने या बात करने से बचने की कोशिश करना। व्यवहार में चिड़चिड़ापन आना, डिप्रेशन होना। सोच और मनोदशा में नकारात्मक बदलाव आना, घटना के लिए खुद को जिम्मेवार ठहराना, आत्महत्या करने के विचार आना।



## रोग के प्रमुख कारण

- पहले घटी दुर्घटना से एंग्जाइटी या डिप्रेशन होने की हिस्ट्री रही हो।
- हिंसक माहौल में पलने या बचपन में यौन दुर्व्यवहार झेलने वाले बच्चे।
- शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न या बलात्कार या अपहरण का शिकार हुए लोग।
- करीबी व्यक्ति रिलेटिव की मौत का सदमा।
- परिवार, दोस्तों या रिलेटिव्स के सपोर्ट की कमी।
- एल्कोहल और दवाओं का अत्यधिक सेवन करना।
- दुखद घटनाओं जैसे- सड़क दुर्घटना, विमान दुर्घटना, हिंसक वारदात, सैन्य संघर्ष, आतंकवादी हमला, बाढ़, भूकंप, सुनामी आदि से पीड़ित या इसके साक्षी लोग।

## कब करें डॉक्टर को कंसल्ट

आमतौर पर ये लोग समय के साथ अपने आप ठीक हो जाते हैं। लेकिन अगर पीटीएसडी के लक्षण अधिक गंभीर होते जाएं और एक महीने से ज्यादा समय तक बने रहें, तो स्थिति गंभीर हो सकती है। मरीज को पीटीएसडी के लक्षण पता चलने पर जितना जल्दी हो सके, मनोचिकित्सक या क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक से कंसल्ट करना चाहिए। समुचित उपचार और देखभाल मिलने पर भी ऐसे मरीजों को दुखद घटनाओं की यादों से निकलने में 6 महीने से ज्यादा वक्त लग जाता है।



## उपचार का तरीका

पीटीएसडी मरीज का इलाज साइकोथेरेपी से किया जाता है। इसमें शामिल हैं-

**एक्सपोजर थेरेपीः** इसमें मरीज को घटना जानबूझकर याद कराई जाती है। डॉक्टर काउंसलिंग में साकारात्मक बातचीत करके उसका मनोबल बढ़ाते हैं और बुरे ख्यालों से छुटकारा दिलाते हैं। ताकि उसकी तकलीफ कम हो सके।

**कॉगनिटिव बिहेवियर थेरेपी (सीबीटी):** इसमें मरीज से बातचीत कर बिहेवियर को समझा जाता है।

**सपोर्टिव टॉक थेरेपीः** इसमें मरीज को जिस घटना से आघात पहुंचा है, उसके बारे में बात की जाती है। नकारात्मक विचार के कारण जानकर उसे दूर करने की कोशिश की जाती है।

**मेडिसिन भी हैं सहायकः** स्थिति के हिसाब से मरीज की एंग्जाइटी को नियंत्रित करने के लिए मूड स्टैब्लाइज़र और सेलेक्टिव सेरोटोनिन रीअपटेक इनहिबिटर (एसएसआरआई), एंटीसाइकोटिक्स, ट्राइसाइक्लिक एंटीड्रिप्रेसेंट जैसी मेडिसिन दी जाती हैं। मरीज को ब्लड प्रेशर और घबराहट को नियंत्रित करने और बुरे सपनों के लिए भी कुद मेडिसिन दी जाती हैं। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## इन बातों का रखें ध्यान

**पीटीएसडी पेशेंट** को अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तो के सपोर्ट, धैर्य और मदद की जरूरत होती है। ऐसे में जरूरी है कि वह अपने रिश्तेदारों, दोस्तो से मेलजोल बढ़ाए और यथासंभव उनके साथ समय बिताए। उनसे अपनी परेशानी शेयर करे ताकि उसका स्ट्रेस कम हो सके।

- नकारात्मक विचारों वाले लोगों से दूर रहें।
- रोजाना समय पर भोजन करें, जिसमें पोषक तत्वों से भरपूर बैलेंस डाइट लें।
- नियमित रूप से एक्सरसाइज, योगासन या मेडिटेशन करें। रिलैक्स होने के लिए मन-पसंद म्यूजिक सुनें।



अवेयरनेस

डॉ. रेश्मा टी. विश्नानी
डर्मेटोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

सफेद दाग रोग का न अब तक सटीक कारण ज्ञात हुआ है न इसका स्थायी उपचार उपलब्ध है। लेकिन सही ट्रीटमेंट के जरिए इस त्वचा रोग को कंट्रोल किया जा सकता है। कल ही वर्ल्ड विटिलिगो डे था, इस मौके पर इसके बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# विटिलिगो संभव है इसका नियंत्रण



विटिलिगो को सफेद दाग या ल्यूकोडर्मा भी कहा जाता है। यह ऐसी बीमारी है, जिसमें त्वचा की रंगत चली जाती है, जिससे सफेद धब्बे बन जाते हैं। विटिलिगो को ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है, जिसका आशय है कि यह समस्या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा त्वचा की रंगद्रव्य कोशिकाओं (मेलेनोसाइट्स) पर हमला करने के कारण होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो विटिलिगो एक ऐसा रोग है, जिसमें त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। यह तब होता है, जब त्वचा में मेलेनिन नामक वर्णक बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। मेलेनिन त्वचा को रंग देता है, और जब यह कम हो जाता है, तो त्वचा पर सफेद धब्बे दिखाई पड़ने लगते हैं।

**क्या हैं कारणः** विटिलिगो के होने का प्रमुख कारण अज्ञात है, लेकिन इसे एक ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है। विटिलिगो के कारणों के बारे में शोध-अध्ययन जारी हैं। यह ऐसा त्वचा रोग है, जिसके अनेक कारण हो सकते हैं।

**आनुवंशिक कारकः** कुछ लोगों में विटिलिगो विकसित होने की संभावना अधिक होती है। खासकर यदि उनके परिवार में अतीत में किसी को विटिलिगो हो चुका है।

**तनावः** कुछ मामलों में अत्यधिक तनाव विटिलिगो को ट्रिगर कर सकता है या इसे और बदतर बना सकता है।

**पर्यावरणीय कारकः** अत्यधिक धूप में रहने से भी विटिलिगो की समस्या बढ़ सकती है या जो लोग पहले से ही इस समस्या से ग्रस्त हैं, उनकी स्थिति बदतर हो सकती है। सनबर्न जैसे पर्यावरणीय कारक भी विटिलिगो को ट्रिगर कर सकते हैं।

**अन्य बीमारियांः** थायरॉइड संबंधी समस्या, टाइप 1 मधुमेह और एडिसन रोग आदि भी विटिलिगो की समस्या बढ़ा सकते हैं या उत्पन्न कर सकते हैं।

**प्रमुख लक्षणः** इसके प्रमुख लक्षण यहां बताए जा रहे हैं। जब त्वचा पर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण या फिर त्वचा के किसी भाग पर रंगहीन पैच दिखाई दें, तब शीघ्र ही डर्मेटोलॉजिस्ट से परामर्श लें।

- त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे शरीर के किसी भी भाग पर हो सकते हैं।
- आमतौर पर चेहरे, गर्दन, हाथों और पैरों पर सफेद धब्बे अधिक दिखाई देते हैं।
- धब्बे आमतौर पर शरीर के दोनों तरफ दिखाई देते हैं।
- त्वचा का रंग पैच में बदल जाता है।

**रखें ध्यानः** विटिलिगो के बारे में कुछ बातों को समझना आवश्यक है।

- विटिलिगो सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर सकता है।
- यह रोग पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से प्रभावित करता है।
- विटिलिगो के कारण होने वाले सफेद धब्बे सूर्य की किरणों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसलिए धूप से बचाव करना महत्वपूर्ण है।

**उपचार के तरीकेः** विटिलिगो का स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विधियों से इस त्वचा रोग को नियंत्रित किया जा सकता है, जिनसे त्वचा के रंग को वापस लाया जा सकता है। विटिलिगो के उपचार के विकल्पों में शामिल हैं-

**टॉपिकल उपचारः** विशेषज्ञ डॉक्टर आमतौर पर 'टॉपिकल कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स' या गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसेंट आदि से उपचार शुरू करते हैं। टॉपिकल कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स दवाएं सूजन कम करने और त्वचा के रंग को वापस लाने में मदद करती हैं। वहीं गैर-स्टेरॉयडल विकल्प लंबे समय तक उपयोग के लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि स्टेरॉयड्स की तुलना में उनके कम दुष्प्रभाव होते हैं, खासकर बच्चों के लिए या शरीर के संवेदनशील भागों के उपचार में।

**फोटोथेरेपीः** इस थेरेपी के अंतर्गत विशेष प्रकाश किरणों का उपयोग करके त्वचा के विकारों या खामियों को दूर किया जाता है।

**दवाएंः** अतीत में उपचार के विकल्प काफी कम थे, लेकिन अब ओरल कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स से लेकर नए गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसिव और इम्यूनोमॉडुलेटरी दवाओं की एक विस्तृत श्रंखला उपलब्ध है। दवा का चयन पूरी तरह से त्वचा रोग विशेषज्ञ पर निर्भर करता है। दवाओं को नियमित लेना जरूरी है। इन दवाओं का त्वचा रोग विशेषज्ञ के परामर्श से उपयोग किया जाए तो वे विटिलिगो के बढ़ने को काफी हद तक रोक सकती हैं।

**सर्जिकल विकल्पः** अनेक मामलों में सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है, जहां अन्य उपचार असरदार नहीं होते। विटिलिगो के उपचार के लिए, त्वचा रोग विशेषज्ञ से परामर्श करना महत्वपूर्ण है,जो मरीज की स्थिति का मूल्यांकन कर उपयुक्त उपचार योजना बना सकता है। स्थिर विटिलिगो वाले मरीजों के लिए, पंच ग्राफ्टिंग, सक्शन ब्लिस्टर ग्राफ्टिंग और एडवांस्ड नॉन-कल्चर्ड मेलानोसाइट सस्पेंशन तकनीक सहित कई सर्जिकल उपचार उपलब्ध हैं।

गौरतलब है कि पंच ग्राफ्टिंग विटिलिगो के उपचार की एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें शरीर के स्वस्थ हिस्से से त्वचा के छोटे-छोटे टुकड़े लेकर विटिलिगो से प्रभावित क्षेत्र में प्रत्यारोपित किए जाते हैं। इस प्रक्रिया से त्वचा के रंग को बहाल करने और विटिलिगो के धब्बों को कम करने में मदद मिलती है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

## दूर करें गलतफहमियां

**मिथः** एक गंभीर बीमारी है विटिलिगो।
**तथ्यः** विटिलिगो गंभीर बीमारी नहीं है, लेकिन यह व्यक्ति के शारीरिक सौंदर्य को प्रभावित कर सकती है।
**मिथः** विटिलिगो एक संक्रामक रोग है।
**तथ्यः** विटिलिगो संक्रामक नहीं है। इस कारण यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।
**मिथः** विटिलिगो कैंसर का कारण बनता है।
**तथ्यः** विटिलिगो का कैंसर से कोई संबंध नहीं है।
**मिथः** विटिलिगो केवल गोरी त्वचा वाले लोगों को होता है।
**तथ्यः** विटिलिगो किसी भी उम्र या किसी भी रंग की त्वचा वाले व्यक्ति को हो सकता है।
**मिथः** विटिलिगो का कोई इलाज नहीं है।
**तथ्यः** फिलहाल विटिलिगो का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विकल्प मौजूद हैं जो इस बीमारी के लक्षणों को प्रबंधित या नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।
**मिथः** मछली और दूध एक साथ खाने से विटिलिगो होता है।
**तथ्यः** यह गलत धारणा है। विटिलिगो एक ऑटोइम्यून बीमारी है और इसका खाद्य पदार्थों से कोई संबंध नहीं है।



जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव, रानी दुर्गावती के सुपुत्र वीरनारायण को पुष्पांजलि दी

# रानी दुर्गावती की समाधि स्थल पहुंचे मुख्यमंत्री, 462वें बलिदान दिवस पर वीरांगना को अर्पित की श्रद्धांजलि



जनजातीय समाज के आराध्य बड़ादेव की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को जबलपुर के नर्रई नाला स्थित समाधि स्थल पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती के सुपुत्र वीरनारायण को भी पुष्पांजलि अर्पित की तथा जनजातीय समाज के आराध्य बड़ादेव की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सुशील कुमार तिवारी इंदु, अशोक रोहाणी, संतोष वरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे एवं नीरज सिंह भी मौजूद थे।


## सीएम ने किया जनजातीय समाज का अभिवादन व नर्तक दल का उत्साहवर्धन



इससे पहले वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करने समाधि स्थल पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समाज के लोगों का अभिवादन किया। समाधि स्थल पर मुख्यमंत्री का स्वागत मंडला जिले के मोहगांव तथा डिंडौरी जिले के करंजिया से आए बैगा जनजातीय नर्तक दल ने बैगा और करमा नृत्य की प्रस्तुति से किया। डॉ. यादव भी इस मौके पर अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने बैगा नर्तक दल के सदस्यों के साथ जमीन पर बैठकर नगाड़ा बजाया। डॉ. यादव बैगा नर्तक दल के सदस्यों से बड़ी ही आत्मीयता से मिले तथा अपने मोबाइल से दल में शामिल सदस्यों के साथ सेल्फी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्तक दल के प्रत्येक सदस्य को पांच-पांच हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी में किए बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर तथा काल भैरव मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 25 वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सहभागिता के लिए वाराणसी प्रवास पर हैं। बैठक में उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी भाग ले रहे हैं।



### खबर संक्षेप

## जीएमसी से बेसन, मिलन से राजभोग के लिए सैंपल

**भोपाल।** खाद्य अमले ने मंगलवार को जीएमसी के कैंटीन और मिलन रेस्टॉरेंट से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। टीम सबसे पहले मार्ट फूड प्लाजा पहुंची, जहां से विलिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड बॉकेट से सूजी और मुंगफली दाना, ईश्वर बेकरी सुभाष कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा से मैंदा, मिलन रेस्टॉरेंट एमपी नगर से राजभोग मिठाई, गांधी मेडिकल कॉलेज स्थित जेडीए केंटीन से सताइस पर्व बेसन, तारा मेडिकल कोलार से लैक्टोजन, सिद्धि विनायक रिटेल सोल्यूशन बावड़ियां कला से नमकीन, प्रतिमा सुपर स्टोर्स गुलमोहर से सरसों तेल अन्य जगहों से सैंपल लिए। आप्टीकल हल्थ सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कोलार से नेस्टले सेरेलेक, माउण्टेन सेफ रेस्टोरेंट से पनीर व आटा के सैंपल लिए गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव का कहना है कि बारिश को देखते हुए खाद्य पदार्थों की जांच जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज को निर्णायक और सम्मानजनक मान्यता मिली

# मप्र शासन शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश ने न केवल आंतरिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज को निर्णायक और सम्मानजनक मान्यता मिली है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रतीक है कि भारत अब अपने नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और प्रतिष्ठा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह विश्वास दिलाया है कि हर भारतीय, चाहे वो कहीं भी हो, भारत सरकार उसकी ढाल बनकर खड़ी है। उन्होंने हमेशा इस बात पर बल दिया है कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की।

## वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक आयोजित

**खास बात**

- शिन वात्सल्य एवं पोषण 2 .0 के तहत 12 लाख 51 हजार बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला




**संवेदनशील नेतृत्व और संकल्प की शक्ति ही जीवंत बनाती है**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की धरती काशी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक का आयोजन हो रहा है। हमारा सौभाग्य है कि हम भगवान श्रीराम, आराध्य श्रीकृष्ण की जन्मस्थली और भगवान शिव के प्रिय निवास स्थान उत्तर प्रदेश की पुण्यभूमि बनारस में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के फेडरल स्ट्रक्चर को केवल संवैधानिक प्रावधान नहीं बल्कि संवेदनशील नेतृत्व और संकल्प की शक्ति ही जीवंत बनाती है।

### जन्म से 5 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार आया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र शासन शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रयासरत है। स्वास्थ्य, शिक्षा, जनजाति और पेयजल विभागों के विशेष कार्य दल गठन कर जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जन्म से 5 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार आया है। मिशन वात्सल्य एवं पोषण 2.0 के तहत 12 लाख 51 हजार बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिकों को सामान्य सेवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी के लिए सरकार ने ई पंचायत परियोजना शुरू की है।*

## नेत्र कुंभ के सेवा यज्ञ में योगदान देने वालों का 'आभार एवं अभिनंदन समारोह' भव्यता से सम्पन्न



**नई दिल्ली।** 25 जून 2025 को प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में 'आभार एवं अभिनंदन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह नेत्र कुंभ 2025 की सफलता में योगदान देने वाले दानदाताओं, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस पावन समारोह में पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज का दिव्य सान्निध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा, दृष्टि का दान सबसे श्रेष्ठ दान है, क्योंकि यह व्यक्ति को केवल प्रकाश ही नहीं, बल्कि नई सोच और नई दिशा भी देता है। नेत्र कुंभ एक आध्यात्मिक सेवा है, जो मानव जीवन को सार्थक बनाती है। समारोह के मुख्य अतिथि रहे माननीय डॉ. कृष्ण गोपाल जी, सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिन्होंने नेत्र कुंभ को 'आध्यात्मिक और सामाजिक पुनर्जागरण का अद्भुत संगम' बताया और इस महायज्ञ में सहयोग देने वाले सभी विभूतियों को हृदय से शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे माननीय प्रवीणभाई वसानी जी, प्रबंधन्यासी, रणछोड़दास बापूजी चैरिटेबल आई हॉस्पिटल, राजकोट ने सेवा और दृष्टि मिशन की इस यात्रा को राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। इस समारोह की अध्यक्षता माननीय प्रो. दयाल सिंह पंवार जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सक्षम ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि नेत्र कुंभ केवल एक चिकित्सा अभियान नहीं, बल्कि यह समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला जागरण है। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि इस महान कार्य का हिस्सा बनने का अवसर मिला।



## चिंतन

# लोकतंत्र पर काले धब्बे की तरह है आपातकाल

कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो भर तो जाते हैं, लेकिन उनका दर्द दशकों तक टीस देता रहता है। भारतीय लोकतंत्र पर ऐसा ही एक घाव है आपातकाल, जो न केवल दशकों बल्कि शताब्दियों तक दर्द का अहसास करवाता रहेगा। महज प्रधानमंत्री पद पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र पर ऐसा काला धब्बा लगाया जिसने न केवल देशवासियों पर जुल्म किए बल्कि संविधान निर्माताओं को भी शर्मिंदा कर दिया। देशवासियों के अधिकारों पर हमला करने वाला यह आपातकाल 25 जून 1975 को लागू किया गया और 21 मार्च 1977 को इसे वापस लिए जाने तक 21 महीने तक रहा। इस आपातकाल के आदेश ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को शासन करने का अधिकार दिया और नागरिक स्वतंत्रता पर बड़े पैमाने पर अंकुश लगाया। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने विशेष रूप से पाकिस्तान के साथ युद्ध और बांग्लादेश की मुक्ति के बाद आंतरिक अशांति से भारत की सुरक्षा को आसन्न खतरे का हवाला देते हुए आपातकाल की घोषणा की। यह केवल और केवल राष्ट्रपति द्वारा दिया गया आदेश मात्र था, जबकि इसके पीछे की सूत्रधार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी। यह आपातकाल इंदिरा गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा समाजवादी नेता राज नारायण द्वारा दायर एक मामले में चुनावी कदाचार के लिए दोषी ठहराए जाने के कुछ ही दिनों बाद लगाया गया, जिसमें उन्होंने रायबरेली लोकसभा सीट से उनकी जीत को चुनौती दी थी। दोषसिद्धि के कारण उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया और आपातकाल के कारण उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में बने रहने की अनुमति मिल गई। आपातकाल के दौरान दमनकारी आंतरिक सुरक्षा अधिनियम भी पारित किया गया था, जिससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का बड़े पैमाने पर निलंबन हुआ, विपक्षी नेताओं और आलोचकों को हिरासत में लिया गया और प्रेस सेंसरशिप की गई। 1975 के 38वें संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा को न्यायिक समीक्षा से मुक्त कर दिया। इसे बाद में 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा हटा दिया गया। हाईकोर्ट के फैसले के बाद नैतिकता का तकाजा था कि इंदिरा इस्तीफा देकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करतीं पर 12 जून को ही भीड़ ने उनके आवास के समक्ष जस्टिस सिन्हा को सीआइए एजेंट बताकर नारेबाजी की। उन दिनों इंदिरा के बेटे संजय गांधी की सक्रियता बढ़ गई थी। वे आरके धवन, चौधरी बंसीलाल आदि से मिलकर विरोधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रहे थे। दिल्ली से प्रकाशित होने वाले अखबारों के कार्यालयों की बिजली काट दी गई। तमाम लोग 26 जून के बजाय 27 जून को जान पाए कि आपातकाल लग गया है। आपातकाल में सेंसरशिप के चलते कई संपादक-पत्रकार भी गिरफ्तार हुए और सरकार विरोधी समाचार छपने बंद हो गए। आपातकाल का विरोध करने वाले लगभग सभी नेता जेल में डाल दिए गए। आपातकाल को आज 50 साल पूरे हुए हैं। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार की तरफ से लगाई गई इमरजेंसी एक काला अध्याय है, जो सदियों तक दर्द देता रहेगा। हां, हमें सजग भी रहना होगा कि कोई शासनतंत्र दोबारा ऐसा करने की हिम्मत न करे। हम सबसे बड़ा और शानदार लोकतंत्र हैं। दुनियाभर में हमारे संविधान के तहत मिले अधिकारों को सम्मान से देखा जाता है। फिर कभी ऐसा न हो कि कोई इस पर काला धब्बा लगाने का प्रयास करें।


## पुण्यतिथि

रवीन्द्र रंजन



# आधुनिक भारत के संपूर्ण नायक हैं स्वामी सहजानन्द

विश्व के ज्ञात कृषि परंपरा के पांच हजार सालों के इतिहास में किसानों को पहली बार नेतृत्व करने व संगठित करने का कार्य करने वाले दंडी स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने आडंबर के खिलाफ धर्म के क्षेत्र में नवप्रवर्तन, शास्त्र के क्षेत्र में वेदों को सबको पढ़ने का हक दिलाने की सफल लड़ाई और समाज सुधार में अंतिम व्यक्ति को संगठित करने का श्रेयस्कर योगदान देकर यह साबित किया है कि आधुनिक भारत के किसी भी महानायक की तुलना में वे ज्यादा बहुआयामी और प्रभावशाली हैं। धर्म, राजनीति और समाज के बीच संघर्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाले सहजानन्द को आधुनिक भारत का संपूर्ण नायक कहा जाए तो इसमें किसी को कोई गुरेज नहीं होना चाहिए। खासकर ग्रामीण स्तर पर संगठन कला के विकास का पूरा श्रेय इन्हें ही जाता है। यही कारण है कि पं. राहुल सांकृत्यायन ने इन्हें 'नये भारत का नया नेता' कहा है। किसानों का देश कहे जाने वाले भारत में राष्ट्रीयता का बीज बोने का पूरा श्रेय भी सहजानन्द को ही जाता है। जब देश में राष्ट्रवाद एक वर्ग विशेष के बीच सिमटा था, तब सहजानन्द उसे सुदूर तक ले गये। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर 1920 में राजनीति में प्रवेश करने वाले सहजानन्द की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका गांधी, नेहरु, पटेल, बोस के बराबर की है।



कांग्रेस में रहते हुए महात्मा गांधी से वैचारिक विरोध प्रकट करने और उनके व्यक्तित्व को खुली चुनौती देने का साहस स्वामी सहजानन्द सरस्वती में ही था। आजादी के दौर में गांधीवाद के समानांतर स्वामी सहजानन्द की कृषक राष्ट्रवाद की धारा ही सबसे सशक्त धारा थी। सहजानन्द ने नारा दिया था 'अंग्रेजी शासन मूर्दाबाद, लट्ठ हमारा जिंदाबाद।' उनके इस नारे ने देश भर के किसानों को वर्ग के तौर पर आंदोलित किया और आजादी की ज्योति गांव तक पहुंच सकी। गांधी के विचारों से असहमत रहने वाले दिग्गज नेताओं का मार्गदर्शन भी स्वामी सहजानन्द के द्वारा किया जाता था। क्रांतिकारी सुभाषचंद्र बोस, समाजवादी राममनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण जैसे दिग्गज नेताओं का अक्सर पटना से सटे बिहटा में स्वामी सहजानन्द के सीताराम आश्रम में आना-जाना इसी कारण हुआ करता था। इसी क्रम में सीताराम आश्रम बिहटा की अपनी यात्रा के उपरांत गांधी और सहजानन्द के परिपेक्ष्य में सुभाष चंद्र बोस ने टिप्पणी की और कहा कि साबरमती के आश्रम में खादी धोती पहने मैंने पूंजीपतियों के एक संन्यासी को देखा, परन्तु भारत का एक सच्चा संन्यासी मुझे सीताराम आश्रम पटना में मिला। सुभाष चंद्र बोस ने सहजानन्द को आधुनिक भारत का 'युग पुरुष' माना है। असल में सहजानन्द इस तमगे के वाजिब हकदार भी हैं। 1939 के रामगढ़ अधिवेशन में सहजानन्द ने ही भारत छोड़ो का नारा दिया था। कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर गांधी के विरोध के बाद भी सुभाष निर्वाचित होने में कामयाब रहे तो पर्दे के पिछे सहजानन्द का कृषक संगठन ही कार्य कर रहा था। दरअसल, गांधी और कांग्रेस से सहजानन्द के टकराव का बड़ा कारण किसान ही थे। जब सहजानन्द ने देखा कि देश की 80 प्रतिशत जनता किसान है, वह जमींदारी के शिकंजे से उत्पीड़ित होकर कराह रही है तो उन्होने इस ओर गांधी समेत अन्य कांग्रेसी नेताओं का ध्यान आकृष्ट करवाने की कोशिश की। माकूल जवाब नहीं मिला तो घूम-घूम कर किसानों को जगाया, लेकिन कांग्रेस में विराजमान कुछ तत्व जमींदारों के ही पक्षधर बन बैठे जबकि स्वामी सहजानन्द साम्राज्यवादी ढांचे को समाप्त कर ऐसे राज्य का निर्माण करना चाहते थे, जो भूमि पर किसानों के अधिकार को स्थायी तौर पर कायम कर सके। 1937 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के फैजपुर अधिवेशन में किसान कार्यक्रमों में यह बात शामिल नहीं की गई। इसको लेकर किसान समुदाय को वर्गीय आधार पर संगठित करने वाले सहजानन्द का गांधी से मतभेद हो गया। सहजानन्द का मानना था कि देश की दुर्दशा के लिए अंग्रेजों के समान जमींदार भी जिम्मेवार हैं। उन्होंने जमींदारी प्रथा को दोषी मानते हुए इनके खिलाफ लड़ाई लड़ी और इस लड़ाई का केंद्र बिहार को बनाया। रामगढ़ (पहले बिहार अब झारखंड), फैजपुर (महाराष्ट्र), कोमिल्ला (बंगाल), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) आदि में किसानों का सफल अधिवेशन किया। इसमें देश के लाखों किसान समेत बोस व आचार्य नरेंद्र देव जैसे नेताओं ने भी हिस्सा लिया। यह स्वामी सहजानन्द सरस्वती की ही देन था कि देश जमींदारी से मुक्त हुआ और बिहार ऐसा पहला सूबा बना।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# एआई से बनाएं आर्थिक-सैन्य मजबूती

इजरायल-ईरान युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दी है। अब युद्ध में जीत आर्थिक शक्ति और हथियारों की ताकत के साथ-साथ एआई के इस्तेमाल से भी निर्धारित होती है। यद्यपि हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने एआई की कुशलता से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, लेकिन अब भारत को पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से सभी प्रकार से मुकाबले के लिए और अधिक तैयार रहने तथा वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए एआई की नई शक्ति के साथ सुसज्जित होकर आगे बढ़ना होगा।

यकीनन विगत 12 दिनों लड़े गए इजरायल-ईरान युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दी है। जहां इजरायल ने ईरान के खिलाफ एआई की मदद से सटीक हमले किए और मोसाद ने ईरान पर हमले की योजना बनाने में एआई का अभूतपूर्व इस्तेमाल किया है, वहीं ईरान ने भी एआई के उपयोग से ड्रोन टेक्नोलॉजी का सफल प्रयोग किया है। इस युद्ध में जिस वैश्विक आर्थिक महाशक्ति अमेरिका का इजरायल को अपार समर्थन रहा है, वह अमेरिका भी ग्लोबल एआई रैंकिंग में दुनिया में सबसे आगे है। ऐसे में इस युद्ध से यह रेखांकित हो रहा है कि अब युद्ध में जीत आर्थिक शक्ति और हथियारों की ताकत के साथ-साथ एआई के इस्तेमाल से भी निर्धारित होती है। यद्यपि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई की कुशलता से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, लेकिन अब भारत को पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से सभी प्रकार से मुकाबले के लिए और अधिक तैयार रहने तथा वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए एआई की नई शक्ति के साथ सुसज्जित होकर आगे बढ़ना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं कि भारत एआई कुशलता की डगर पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

हाल ही में 11 जून को बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बाजार 2027 तक 3 गुना से ज्यादा बढ़कर 17 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत में एआई में बढ़ता निवेश , स्टार्टअप्स की लहर, डिजिटल तंत्र और दमदार प्रतिभा आधार एआई बाजार की रफ्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच जाने की उम्मीद है। विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग-कारोबार स्थानीय चुनौतियों को हल करने, नवाचार को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा लाभ बढ़ाने के लिए एआई तेजी से अपना रहे हैं। निसंदेह बढ़ती हुई वैश्विक औद्योगिक और कारोबारी चुनौतियां के बीच एआई विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन गया है। ऐसे में भारतीय कंपनियां परंपरागत विकास की डगर को पार करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एआई का उपयोग लगातार बढ़ा रही हैं। यही कारण है कि इन दिनों एआई विषय पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि जहां भारत में तेज आर्थिक विकास में एआई की भूमिका प्रभावी हो गई है, वहीं भारतीय एआई पेशेवरों की जरूरत देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ नई दिल्ली में कहा कि एआई को अपनाने वाले उद्योग भारत को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान के मुताबिक 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इसी तरह केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आयटी मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी 'भारत की एआई क्रांति, विकसित भारत के लिए एक रोडमैप नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2047



तक भारत को 23-25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर एआई पेशेवरों की अहम भूमिका होगी। गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट के अनुसार इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में फरवरी 2025 में आयोजित एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करते हुए कहा कि यद्यपि दुनिया में यह आशंका है कि एआई की वजह से नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण नौकरियां खत्म नहीं होती, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को हाईस्किल्ड बनाते हुए नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है। निश्चित रूप से भारत की नई पीढ़ी डिजिटल दौर के एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन के मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस समय जहां भारत की प्रतिभा संपन्न एआई से सुसज्जित नई पीढ़ी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रही है, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत की एआई हाईस्किल्ड नई पीढ़ी सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) से विदेशी मुद्रा की बड़ी कमाई करने वाली आर्थिक शक्ति के रूप में भी उभरकर दिखाई दे रही है। एआई हाईस्किल्ड मैनपावर के सरल और किफायती रूप से उपलब्ध होने के कारण भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के साथ सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि अब तक भारत में उत्पादकता उतनी तेजी से नहीं बढ़ी है जितनी तेजी से विकास की महत्वाकांक्षा है। इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए, उन क्षेत्रों की पहचान करने का प्रयास किया गया है जहां सरकार और निजी क्षेत्र दोनों द्वारा धन के उपयुक्त निवेश से एआई का उपयोग किया जा सके। यद्यपि देश में भारतजेन, देविका, सूत्र, ऐरावत, सर्वम-1, चित्रलेखा, एवरेस्ट-1 जैसे कई एआई मॉडल्स के लिए पेशेवर काम कर रहे हैं। पर अब भारत के द्वारा शीघ्रतापूर्वक खुद का जनरेटिव एआई मॉडल विकसित करना जरूरी हैं। हमें देश की नई पीढ़ी को एआई हाई-स्किल्स डेवलपमेंट की विशेषज्ञता के लिए और अधिक तेजी से प्रवृत्त करना होगा।

कंप्यूटर विज्ञान, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग साइबर सुरक्षा, डाटा विज्ञान, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन जैसे संबंधित क्षेत्रों के लिए बड़ी संख्या में दक्ष इंजीनियर तैयार करना होंगे। उम्मीद करें कि सरकार जहां इजरायल-ईरान युद्ध से निकले इस संदेश पर अवश्य ध्यान देगी कि पाकिस्तान और चीन की किसी भी आतंकी और सैन्य चुनौती से निपटने के लिए सैन्य ताकत को एआई से और अधिक सुसज्जित करेगी, वहीं देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नई पीढ़ी को दुनिया की कुशलतम एआई पीढ़ी के रूप में संवारने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# करोड़ों योनियों का बंधन



संकलित

दर्शन

ज्ञानी कहते हैं- संसार माया जाल है। इस जाल में उलझक जीव जन्म जन्मांतर तक भटकता रहता है। हो सकता है कि आपने भी अब तक करोड़ों जन्म लिए हों और अगर इस जन्म में माया के बंधन से प्रयास नहीं किया तो आगे भी करोड़ों योनियों में भटकना पड़ेगा। इन्हीं स्थितियों से निकलने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कहा है दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया। मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते। 'यह अलौकिक अर्थात अति अद्भुत त्रिगुणमयी मेरी माया बड़ी दुस्तर है परंतु जो पुरुष केवल मुझको ही निरंतर भजते हैं, वे इस माया का उल्लंघन कर जाते हैं अर्थात संसार से तर जाते हैं।' यह जो माया है बड़ी दुस्तर है, इसको तरना बड़ा कठिन है। असंभव नहीं कठिन है। यह तीन गुणवाली है। तामसी आदमी अपना बिगाड़ करके भी दूसरे का बड़ा बिगाड़ करने में खुश होगा। आलस्य, निद्रा, शराब-कबाब में, कलह में वह मजा लेगा- वह माया के तामसी गुण में बंधा है। राजसी आदमी भोग में, संग्रह में- माया के रजोगुण में बंधा है। मरनेवाले शरीर की सुख-संपत्ति और मान-प्रतिष्ठा में अपना जीवन खपा देता है नासमझ! सात्विक आदमी होम-हवन, यज्ञ-याग किया, दान-पुण्य यह-वह... अच्छा काम किया और लोग बोल रहे हैं: 'अच्छे हैं, नेक हैं, आहा...'बोले : 'अच्छा है, अपना घर है, बेटे वेल-सेट हैं, बेटी का विवाह करा दिया, भगवान की दया है मुझ पर...' वह सात्विक व्यक्ति इन्हीं में बंधा है, फंसा है। यह माया का गुण है।

# अनुभव की खान है बुजुर्ग




संकलित

प्रेरणा

बूढ़ा आदमी दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। बूढ़े की कांपती हुई गर्दन कहती है कि दुनिया में कुछ भी सार नहीं है उसके कांपते हुए हाथ कहते हैं कि परोपकार और दान करना हो तो आज ही कर लो, वर्ना कल कुछ न कर पाओगे। उसके लड़खड़ाते पैर कहते हैं कि तीर्थ यात्रा आज ही कर डालो, वर्ना हम लाचार हो जाएंगे। दुनिया में ऐसा कोई भी नहीं है जो सदैव युवा रहे। राम, कृष्ण, महावीर सभी को बुढ़ापा आया। लेकिन यह मत समझो कि बुढ़ापा जीवन का अंतिम सफर है। बुढ़ापा तो जीवन का एक सुनहरा अध्याय है। किसी भी बूढ़े को निराश और हताश नहीं होना चाहिए। 20 साल का जवान भी निराशवादी है तो वह बूढ़ा है और यदि 80 साल बूढ़ा भी आशवादी है तो वह जवान है। यह मत सोचना कि बुढ़ापे में कुछ नहीं कर सकते, 70 साल की उम्र में सुकरात साहित्य की रचना करते थे। 80 साल की उम्र में कीरो ने ग्रीक भाषा सीखी थी और 90 वर्ष की उम्र तक पिकासो चित्र बनाते रहे। जब 70 साल की उम्र में महात्मा गांधी देश की आजादी के लिए लड़ सकते हैं तो हम बुढ़ापे से क्यों नहीं लड़ सकते। बुढ़ापे में कभी खाली मत बैठना, कुछ न कुछ करते रहना। जो लोग जवानी में ज्यादा इतराते हैं उन्हे बुढ़ापे में आंसू बहाने पड़ते हैं इसलिए जवानी ढंग से गुजारें, बुढ़ापे में रोना नहीं पड़ेगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उपद्रवियों की कारस्तानी से हमसफ़र ट्रेन दुर्घटना होते बची

देश मे कानून व्यवस्था बिगाड़ने और दुर्घनाओं को अंजाम देने केलिए कदम कदम पर शरारती तत्व मौजूद है। आये दिन वंदे भारत ट्रेन पर हमला किया जा रहा था। उपद्रवियों को सरंक्षण मिला हुआ है। यह सोची समझी चाल है । रेल घटना से जानमाल का नुकसान करके सुकून से जीना चाहते हैं। ट्रेनों पर पथराव और नुकसान करना आम बात हो गई है। आनन्द विहार गोरखपुर हमसफ़र को पलटाने के लिए पटरी पर लोहे का भारी भरकम एंगल रखा गया था। हमसफ़र लोहे के एंगल से टकरा गई। लेकिन लोको पायलट की सतर्कता से दुर्घटना से बचा जा सका। यदि ट्रेन पटरी से उतर जाती तो कई लोगो के मरने की पूरी संभावना थी। तेज गति से चल रही ट्रेन को असामाजिक तत्वों ने रेल को पलटाने की कोशिश की। *–कांतिलाल मांडोत सूरत*

## ट्रेंड

### संविधान की हत्या



25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप कर देश के संविधान की हत्या कर दी थी। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### बगोदर के प्रवासी मजदूर



नाइजर में फंसे बगोदर के प्रवासी मजदूरों की सकुशल घर वापसी को लेकर मैं प्रारंभ से ही विदेश मंत्रालय के संपर्क में हूँ। इसी क्रम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिल कर मामले पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### इतिहास का काला अध्याय



25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है, जिसकी विभीषिका को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। जेलों में डाले गए निर्दोष नागरिकों की पीड़ा, परिवारों की व्यथा और लोकतंत्र पर क्रूरतम आघात की गाथा इतिहास के पन्नों में अंकित रहेगी।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### मणिपुर जल रहा है



मणिपुर जल रहा है, लेकिन मोदी जी आज तक वहाँ नहीं गए। देश घूम रहे हैं, विदेश घूम रहे हैं, पर मणिपुर में संविधान की धज्जियाँ उड़ रही है, वहाँ नहीं जाते ! क्या मणिपुर के लोग भारत के नागरिक नहीं हैं ?

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

# जापान का नाटो सम्मेलन में नहीं जाना तनाव का संकेत



जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक अपना नाम वापस ले लिया। शिगेरु इशिबा के अलावा भारत-प्रशांत क्षेत्र के दो अन्य नेता- आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग भी शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होने की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार (ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया और जापान) की बैठक भी शायद नहीं होती। फिर भी जापान का प्रतिनिधित्व उसके विदेश मंत्री ताकेशी इवाया करेंगे, जो नाटो के साथ अपने सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने की इच्छा दर्शाएंगे। हालांकि, इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।

## ऑफ बीट

# तनाव से ग्रस्त बेघर जानवरों को शांत करा रहा संगीत



आम तौर पर यह कहा जाता है कि संगीत मानवता की सार्वभौमिक भाषा है। अब ह्यूस्टन का 12 वर्षीय एक लड़का तनाव से ग्रस्त जानवरों को शांत कराने में इसकी शक्ति को परख रहा है। युवी अग्रवाल ने चार साल की उम्र से कीबोर्ड बजाना शुरू किया था और कई साल पहले उसने देखा कि उसके संगीत से परिवार के बेचैन 'गोल्डन डूडल' कुत्ते बोजो को शांति मिलती है। इसके बाद उसे जिज्ञासा हुई कि क्या इससे तनाव से ग्रस्त बेघर जानवरों की भी मदद हो सकती है। अपने माता-पिता की मदद से उसने 2023 में गैर-लाभकारी 'वाइल्ड ट्यून्स' की स्थापना की ताकि पशु आश्रयों में संगीत बजाने के लिए संगीतकारों की भर्ती की जा सके। अब तक उसने ह्यूस्टन, न्यू जर्सी और डेनवर में नौ आश्रय गृहों में संगीत प्रस्तुति के लिए विभिन्न उम्र एवं पृष्ठभूमियों के लगभग 100 स्वयंसेवी संगीतकारों और गायकों को भर्ती किया है। अग्रवाल ने हाल ही में डेनवर पशु आश्रय गृह में अपने पोर्टेबल कीबोर्ड पर बीटल्स के 'हे जूड' और एड शीरन के 'परफेक्ट' जैसे हिट गाने बजाने के बाद कहा, ''संगीत का आनंद लेने के लिए आपको बोल समझने की ज़रूरत नहीं है। बस धुन, सामंजस्य और लय का आनंद लें। इसलिए यह भाषायी बाधाओं को पार करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# रेलवे यात्रियों के लिए 'बड़ी सौगात'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया एग्जीक्यूटिव लाउंज का उद्घाटन, कहा-11 वर्षों में भारतीय रेलवे में हुआ क्रांतिकारी बदलाव

# सिर्फ 50 रुपए में 'भोपाल के रेलवे स्टेशन' पर मिलेंगी 'लग्जरी सुविधाएं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को रुकने में अब बोरियत नहीं होगी। यात्रियों को सिर्फ 50 रुपए में वीआईपी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की नई बिल्डिंग में आइआरसीटीसी द्वारा एग्जीक्यूटिव लाउंज बनाया गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एग्जीक्यूटिव लाउंज का उद्घाटन किया। नए लाउंज में 50 रुपए में एसी हॉल, चाय-कॉफी, एलइडी टीवी और म्यूजिक सिस्टम का आनंद उठाने की सुविधा मिलेगी।

साथ ही 200 रुपए में अनलिमिटेड खाना भी मिलेगा। लाउंज में यात्रियों के साथ-साथ उनके बच्चों के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। लाउंज में लूडो, कैरम और सांप-सीढ़ी जैसे इंडोर गेम्स की व्यवस्था है, जिससे ट्रेन के इंतजार का समय बच्चों के लिए यादगार बन जाए। लाउंज में रूफटॉप एरिया में कांफ्रेंस और मीटिंग स्पेस भी बनाया गया है। 200 रुपए प्रति व्यक्ति के पैकेज में प्रोजेक्टर, मीटिंग स्पेस, चाय, कॉफी और स्नैक्स की व्यवस्था होगी। यानी अब ट्रेन का इंतजार करते हुए आप अपनी मीटिंग भी निपटा सकते हैं, वो भी बिना किसी होटल की बुकिंग के।



लाउंज में यात्रियों के साथ-साथ उनके बच्चों के लिए भी खास

लाउंज में लूडो, कैरम और सांप-सीढ़ी जैसे इंडोर गेम्स की

**सिर्फ 50 रुपए में ये सब सुविधाएं**

1. एसी हॉल और आरामदायक सोफे
2. चाय-कॉफी, कुकीज
3. न्यूज पेपर और मैगजीन
4. फ्री वाई-फाई और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट
5. एलईडी टीवी और म्यूजिक सिस्टम
6. ट्रेन की जानकारी के लिए डिजिटल डिस्प्ले
7. 200 रुपए में अनलिमिटेड खाना

स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की नई बिल्डिंग में आइआरसीटीसी द्वारा एग्जीक्यूटिव लाउंज बनाया गया है।

## 300 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली ट्रेन भी देखेंगे : डॉ. यादव

भोपाल रेलवे स्टेशन पर एग्जीक्यूटिव लाउंज के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रेल हमारे देश का वह माध्यम है जिससे जुड़ाव आजादी से पहले से रहा है, लेकिन बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने जो क्रांतिकारी बदलाव देखा है, वह अद्वितीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण से लेकर उनके संचालन तक सब कुछ 'मेक इन इंडिया' के तहत हो रहा है। हाई स्पीड बुलेट ट्रेन पर भी तेजी से काम चल रहा है और जल्द ही हम 300 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली ट्रेन भी भारत में चलते देखेंगे।

### भोपाल में अक्टूबर में शुरू हो जाएगी मेट्रो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेट्रो ट्रेन का इंदौर में संचालन प्रारंभ हो चुका है और भोपाल में भी अक्टूबर तक यह सुविधा शुरू हो जाएगी। वहीं, भोपाल के पास रायसेन जिले के उमरिया गांव में रेल कोच फैक्ट्री की स्थापना का कार्य भी शीघ्र आरंभ होने जा रहा है। यह भेल जैसी एक और विशाल इकाई के रूप में विकसित होगी।

### बुफे में यह मिलेगा

यात्रियों के लिए लाउंज में 200 रुपए में अनलिमिटेड वेज बुफे की व्यवस्था है। मेन्यू में इडली-सांभर, बड़ा, छोले-भटूरे, वेज बिरयानी, पास्ता, फ्रेंच फ्राइज, पूरी-सब्जी, खीर, सलाद और सूप जैसे तमाम विकल्प शामिल हैं।

**खबर संक्षेप**

### स्टार पवन के घर में चोरी लाखों का सामान पार

**आरा।** भोजपुरी सिनेमा में पावर स्टार के नाम से चर्चित एक्टर और सिंगर पवन सिंह के घर में चोरी का मामला सामने आया है। बिहार में आरा जिले के न्यू मारुति नगर में सिंह का घर है। चोर घर की खिड़की को उखाड़कर घर में घुसे और करीब 15 लाख के जेवर, 15 हजार कैश और लाइसेंसी राइफल की 30 गोलियां लेकर फरार हो गए। कुछ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी ले गए।



### महाराष्ट्र में पांचवीं से शुरू हो हिंदी की पढ़ाई

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य के स्कूलों में हिंदी पढ़ाए जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। पवार ने सूबे में पहली कक्षा से तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाने के फैसले का विरोध किया है। उन्होंने इस मुद्दे पर महाराष्ट्र में जारी बवाल के बीच सुझाव दिया कि हिंदी की पढ़ाई पांचवीं कक्षा से शुरू की जानी चाहिए।



### नीतीश के मंत्री अशोक बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी असिस्टेंट प्रोफेसर बनने वाले हैं। अशोक असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चयनित हुए हैं। उनका चयन पॉलिटिकल साइंस के लिए हुआ है। वे विधान परिषद के सदस्य हैं और उन्होंने पीएचडी तक पढ़ाई की है। पॉलिटिकल साइंस के लिए आयोग ने 274 उम्मीदवारों का चयन किया है।



### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, 3 की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में एक कार के सड़क पर डिवाइडर से टकराकर पलट जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान सैयद मारुफ (18), अरफात बागवान (20) और रेहान सईद के रूप में हुई है। घटना फुलंब्री तहसील में बिलदा गांव के निकट छत्रपति संभाजीनगर-जलगांव राजमार्ग पर मंगलवार रात करीब 11 बजे हुई। घटना के वक्त पांच दोस्त कार से यहां लौट रहे थे। कार पहले सड़क पर एक डिवाइडर से टकराई और फिर पलट गई।

### वक्फ की जमीन सरकार नहीं छीन सकेगी

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर वक्फ कानून को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी या मोदी सरकार हमसे वक्फ की एक जमीन नहीं छीन सकेंगे। कर्नाटक का रायचूर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने ये बात कही। ओवैसी ने कहा कि मुसलमानों को ये कानून बनाकर डराया जा रहा है।



# पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता को दी विनम्र श्रद्धांजलि

## सिंधु आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति व्यक्त की संवेदनाएं

**रोहतक।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत कई नेताओं ने हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री बुधवार को कैप्टन अभिमन्यु के रोहतक स्थित सिन्धु आवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत परमेश्वरी देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने प्रभु से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालयान, पूर्व मंत्री संपत्त सिंह, पूर्व मंत्री जगदीश नायर, विधायक उमेद पातुवास, विधायक मुकेश पहलवान, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, पूर्व मंत्री जगदीश यादव, पूर्व मंत्री देवेंद बबली, विधायक राई कृष्णा गहलौत, पूर्व सांसद राजस्थान ज्योति मिर्धा, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ चरण दास महंत, विधायक छतीसगढ़ रिकेश सेन, पूर्व विधायक सरदार निशान सिंह, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग, पूर्व विधायक प्रवीन डागर, विधायक असंध योगेंद्र राणा, विधायक कैथल आदित्य सुरजेवाला, विधायक मंजीत चौधरी राजस्थान, आईएएस किरण कौशल छतीसगढ़ भी माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

स्मृति



## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी के निधन पर प्रकट किया शोक

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक प्रकट किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने सिंधु भवन पहुंचकर दिवंगत परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सिंधु भवन पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



**प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री ने भी पूर्व वित्तमंत्री की माता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया :** हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता दिवंगत परमेश्वरी देवी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया तथा सिंधु भवन पहुंचकर दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक से पीड़ित परिवार को इस दुःख की घड़ी से उबरने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि दिवंगत परमेश्वरी देवी की सबसे बड़ी देन यही है कि उनके परिवार में 90 से अधिक सदस्य होने के बावजूद भी सिंधु परिवार एक छत के नीचे रह रहा है तथा परिवार की सांझा रसोई चल रही है। दिवंगत परमेश्वरी देवी ने अपने परिवार को अच्छे संस्कार दिए।

आज भी यह परिवार संयुक्त परिवार के रूप में एकजुटता से रह रहा है। यह इस परिवार की बहुत बड़ी विरासत है। उन्होंने आशा व्यक्त की सिंधु परिवार भविष्य में भी इस विरासत को कायम रखेगा।

### नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

- विधानसभा अध्यक्ष हरियाणा हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि माता जी एक बहुत धनी व्यक्तित्व की मालिक थी जिनके दिए हुए सस्कारों से कैप्टन अभिमन्यू ने समाज में एक बड़ा स्थान हासिल किया है तथा राजनीतिक क्षेत्र में एक बड़ा नाम कमाया है। माता जी को मेरे व मेरे परिवार की ओर से भावपूर्ण व विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। प्रभु उनको अपने ती चरणों में स्थान दे, ऐसी कामना है।
- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी जैसे महान व्यक्तित्व कभी कभी ही दुनिया में आते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनकल्याण को समर्पित कर समाज को नई राह दिखाई। उनके दिए संस्कारों की वजह से परिवार ने तरक्की की है। उनके जाने की भरपाई कभी नहीं हो सकती।
- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी और स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु जी ने जीवन भर मेहनत करके परिवार को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने परिवार को अच्छे कर्मों पर चलने के लिए प्रेरित किया और अच्छे संस्कार दिए। उनकी प्रार्थना है ईश्वर माता जी को अपने श्री चरणों में स्थान दे।
- बॉक्सर विजेंद्र सिंह ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने अपना जीवन बहुत ही सादगी से बिताया। उनके दिए संस्कार की झलक परिवार में दिखाई देती है। वे माता जी को श्रद्धांजलि देते हैं और प्रार्थना करते है कि ईश्वर माता जी को अपने श्री चरणों में स्थान दे।
- बबीता फौगाट ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने पूरे परिवार को संजो कर रखा। यह पूरे समाज के लिए बहुत ही बेहतरीन उदाहरण है। माता जी ने अपना जीवन सदैव दूसरों की मदद करने और जन कल्याण के कार्यों में बिताया।

# बिहार चुनाव में फिर तीर-कमल या फिर लालटेन-हाथ करेगा कमाल या स्कूल बैग समेट लेगा वोट!

हरिभूमि ▶▶ ब्यूरो नई दिल्ली

बिहार में 'लालटेन' की लौ जलेगी, 'हाथ' के साथ सत्ता तक का सफर तय होगा या फिर 'तीर' और 'कमल का फूल' फिर लालटेन की लुटिया डुबायेगा! बिहार विधानसभा चुनाव इसबार बेहद दिलचस्प होने वाला है। खासकर प्रशांत किशोर के दल जनसुराज पार्टी के आकार लेने के बाद। पहली बार चुनावी रणनीतिकार से चुनावी मैदान में खुद का भाग्य आजमाने प्रशांत किशोर नवंबर में संभावित बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में पूरे दमखम के साथ होंगे। चुनाव आयोग ने उनके दल को 'स्कूल बैग' चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है तो उन्होंने दावा किया कि शिक्षा के माध्यम से ही बिहार के विकास का दरवाजा खुलेगा।

चुनावी समर में उनकी उपस्थिति भाजपा, जदयू को नुकसान पहुंचाती है या फिर राजद, कांग्रेस को अभी अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन ये तय है कि दो सालों तक बिहार की गली गली घूमकर मेहनत करने वाले प्रशांत किशोर का दल जनसुराज पार्टी आसन्न चुनाव में अपनी मजबूती का अहसास कराएगी। जन सुराज ने 2024 के उपचुनावों में भी चार विधानसभा सीटों—तारारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज पर 'स्कूल बैग' चिन्ह के साथ अपने प्रत्याशी उतारे थे, हालाँकि उस समय कोई सीट नहीं जीत पाई थी। फिर भी, पार्टी को इमामगंज और बेलागंज में उल्लेखनीय वोट मिले थे। प्रशांत किशोर ने पहले ही बिहार की जनता से अपील की है कि वे 'जात' (जाति) और 'भात' (मुफ्त राशन) के आधार पर वोट देने की प्रवृत्ति को छोड़ दें, क्योंकि इससे राज्य की प्रगति रुकी है। उनकी पार्टी का लक्ष्य बिहार को देश के शीर्ष 10 राज्यों में शामिल करना है। आगामी चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सेहत की वजह से अनुपस्थिति का लाभ हर दल लेने के फिराक में है।

नीतीश का ईसीबी फार्मूला इस बार किस करवट बैठेगा इसपर भी शीर्षासन तेज है।पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोसपा) को 'एलपीजी सिलिंडर' चुनाव चिन्ह दिया गया है। चुनाव चिन्ह को पार्टी के सभी 243 प्रत्याशी बिहार विधानसभा चुनाव में उपयोग किया जा सकेगा।

रालोसपा लंबे समय से बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, और उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी पार्टी को सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों पर केंद्रित रखा है।

'एलपीजी सिलिंडर' जैसे प्रतीक का चयन ग्रामीण और शहरी मतदाताओं को आकर्षित करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, क्योंकि यह घर-घर में इस्तेमाल होने वाली एक सामान्य वस्तु है।

### अन्य पार्टियों को आवंटित चिन्ह

निर्वाचन आयोग ने अन्य पार्टियों को भी चुनाव चिन्ह आवंटित किए हैं। इनमें कभी राजग के सहयोगी रहे पूर्व मंत्री मुकेश सहनी इसबार इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। उनका दल विकासशील इंसान पार्टी को 'नाव' चुनाव चिन्ह आवंटित किया गयाहै जब कि भारतीय सार्थक पार्टी को 'कैंची', लोहिया जनता दल को 'बाल्टी', जन सलामती पार्टी को 'लेडीज पर्स', भारतीय जनता समाज सेवक पार्टी को 'बांसुरी' और राष्ट्रीय समाजवादी लोग अधिकार पार्टी को 'अंगूठी' शामिल हैं।

# महिला को खुला के जरिए तलाक लेने का अधिकार

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

मुस्लिम महिलाओं के तलाक लेने के अधिकार पर तेलंगाना हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम फैसला दिया है। जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य और जस्टिस मधुसूदन राव की बेंच ने कहा कि अगर पत्नी अलग होना चाहती है तो उसे पति से खुला लेने का अधिकार है। अगर पति की मर्जी न हो, लेकिन पत्नी साथ नहीं रहना चाहती है तब भी मुस्लिम महिला को यह अधिकार है कि वह खुला के तहत तलाक ले सके। महिला के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह किसी मुफ्ती से ही खुलानामा हासिल करे।

## तेलंगाना उच्च न्यायालय ने कहा- सलाह मानना बाध्य नहीं

**बेंच ने की अहम टिप्पणी**



*हाईकोर्ट ने मुस्लिम औरतों के हक में सुनाया बड़ा फैसला*

बेंच ने खुला के अधिकार पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि मुस्लिम महिलाओं को मिला खुला का अधिकार अपने-आप में पूर्ण है और इसमें किसी को भी दखल देने का अधिकार नहीं है। इसमें पति और अदालत की सहमति भी सीमित है।

# यही सदमार्ग दिखाएगा, दर्शन सभी जगह करिए लेकिन ध्यान 'एक ही स्वरूप' का करिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी जब प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे तो माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। अंदर आते ही उन्होंने अपनी भावनाएं शेयर करते हुए कहा कि मां के साथ रहने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्होंने एक ऐसा सवाल कर डाला, जो हर भक्त के मन में कहीं न कहीं उठता है। प्रह्लाद ने प्रेमानंद महाराज से पूछा कि भगवन, हम अलग-अलग मंदिरों में जाते हैं, तो भगवान का स्वरूप अलग-अलग होता है। जब ध्यान-भजन करते हैं तो मन में कन्फ्यूजन होता है। किस स्वरूप का ध्यान करें?



### महाराज ने दिया जवाब

महाराज ने जवाब दिया कि इसमें क्या है कि जब हम आचार्य परंपरा से जुड़ते हैं तो हमारा ध्यान अपने इष्ट पर स्थिर हो जाता है। जैसे हम हैं, तो हम राधा वल्लभ जी का ध्यान करते हैं क्योंकि हम हरिवंश महाप्रभु के शिष्य हैं। गोस्वामी हरिदास जी बांके बिहारी जी का ध्यान करते थे। अगर आप अब तक किसी परंपरा से नहीं जुड़े हैं तो मान लीजिए- मेरे इष्ट बांके बिहारी जी हैं। दर्शन सभी जगह करिए लेकिन ध्यान एक ही स्वरूप का करिए। एक जगह निष्ठा कर लीजिए, वहीं से सच्चा सद्मार्ग खुलता है।

## हिमाचल में भारी बारिश से तबाही, आवागमन पूरी तरह से ठप

# सैंज के जीवानाला में बादल फटा, 20 लोग बहे

एजेंसी ▶▶ कुल्लू

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में झमाझम बारिश का दौर जारी है। कुल्लू जिले में बुधवार दोपहर बाद भारी बारिश से तबाही हुई है। सैंज के जीवानाला में बादल फटने से एनएचपीसी के शेड बह गए हैं। जबकि बिहाली गांव को खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही बंजार के होर्नगाड़ में भी भारी बारिश से नुकसान हुआ है। काथीकुकड़ी नाला और मणिकर्ण की ब्रह्म गंगा नाले में भी बाढ़ आई है। शिमला में भी भारी बारिश दर्ज की गई।जालंधर-अटारी-मंडी एनएच पर धर्मपुर के पाड़च्छू में निर्माणाधीन पुल के लिए डंप की गई मिट्टी के कारण खड्ड का प्रवाह रुक गया। इससे खड्ड ने झील का आकार ले लिया है। इसमें गासिया माता मंदिर, सराय और श्मशानघाट जलमग्न हो गए। धर्मसाला में मणुणी खड्ड में बाढ़ आने से करीब 20 लोगों के बहने की खबर है।

### खड्ड का प्रवाह रुकने से बनी झील, गांवों में खतरा

5 जिलों में बाढ़ का खतरा



### चौखंग-नैनगार सड़क अवरुद्ध, बस फंसी

जनजातीय क्षेत्र लाहौल के उदयपुर उपमंडल के तहत में चौखंग-नैनगार मार्ग अवरुद्ध हो गया है। मार्ग पर बीच आने वाले एक नाले का जलस्तर एकाएक बढ़ने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। यहां वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। सड़क बहने से निगम की एक बस भी फंस गई है। चंद्रानदी का जलस्तर बढ़ने से जसरथ गांव के पास झूला टूट गया है और गांव को जोड़ने वाली एक सिंचाई योजना भी ठप हो गई है।

**थुरल में सड़क बनी तालाब :** कांगड़ा के थुरल इलाके में दो घंटे मूसलाधार बारिश से बाजार में जलभराव हो गया। लोअर बाजार की दुकानें सड़क पर पानी भर जाने से बंद करनी पड़ीं।

**पार्वती नदी पर बनी पुलिया बही**
मणिकर्ण घाटी के बलाधी गांव में पार्वती नदी पर बनी अस्थायी पुलिया जलस्तर बढ़ने से बह गई है। एक हिस्सा नष्ट हो गया।

### तवी नदी में उफान, तेज धारा के बीच फंसे शख्स का रेस्क्यू

**जम्मू।** रातभर हुई बारिश के कारण जम्मू की तवी नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी उफान पर है। तवी नदी की तेज धारा के बीच एक शख्स फंस गया। जिसको बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। एसडीआरएफ की टीम शख्स को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला।



### देश में 24 जून तक मानसून की बारिश सामान्य से 4% अधिक

**नई दिल्ली।** 24 जून तक, देश में मानसून की बारिश दीर्घ अवधि औसत (एलपीए) से 4.0 प्रतिशत अधिक है। यह बारिश के मौसम की सकारात्मक शुरुआत का संकेत है।

## सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

# आज मादक द्रव्य निषेध तस्करी रोकथाम दिवस मनाया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग गुरुवार को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश भर में नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के अंतर्गत विभाग ने सभी समर्थित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और सभी गैर सरकारी संगठनों/स्वैच्छिक संगठनों से 1 जून से 26 जून तक जागरूकता कार्यक्रम/कार्यक्रम आयोजित करने और संचालित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा है।



## खबर संक्षेप

### रेपो दर में कटौती से घर खरीदना हुआ आसान



**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष आठ शहरों में मुंबई घर खरीदने के लिहाज से सबसे कम किफायती है, लेकिन हाल में कर्ज पर ब्याज दरों में कटौती ने इसे 2010 के बाद से सबसे किफायती बना दिया है। रिपोर्ट में कहा कि मुंबई सूचकांक के इतिहास में पहली बार 50 प्रतिशत के स्तर से नीचे आया है, जिसे सामर्थ्य की बाहरी सीमा माना जाता है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ईडी द्विवेदी बने जीएम

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक असामान्य कदम के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक (ईडी) पंकज द्विवेदी को पदानवत कर महाप्रबंधक (जीएम) बना दिया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की 27 मार्च, 2024 की अधिसूचना में कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ईडी के रूप में पंकज द्विवेदी की नियुक्ति को रद्द किया जाता है।

### सोना 300 रुपये टूटा, चांदी में 1,100 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली (भाषा)।** कमजोर वैश्विक रुझानों के अनुरूप स्टॉकिस्ट की सतत बिकवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार को 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पांचवें लगातार सत्र में गिरावट को जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 250 रुपये टूटकर 98,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस-सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को मिले-जुले संकेतों के बीच सोना साधारण मंदी के साथ सीमा के निचले छोर पर रहा।'' ''ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद भू-राजनीतिक चिंताओं में कमी आई, जिससे सुरक्षित-पनाहगाह की मांग कम हुई और सोने की कीमतें दो सप्ताह के निचले स्तर पर आ गईं।''

# अंबानी और अदाणी ने दूसरी बार ईंधन बेचने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- दोनों खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर करेंगे स्थापित

मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी ने एक-दूसरे के ईंधन खुदरा नेटवर्क का लाभ उठाकर वाहन ईंधन बेचने के लिए साझेदारी की है।

यह दो अरबपति उद्योगपतियों के बीच दूसरा व्यावसायिक सहयोग है। ब्रिटेन की बीपी के साथ अंबानी का ईंधन उद्यम जियो-बीपी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर स्थापित करेगा।

## दो अरबपति उद्योगपतियों के बीच दूसरा व्यावसायिक सहयोग

### गुणवत्ता वाले ईंधन की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी

इसमें कहा गया, "इस साझेदारी के तहत, चुनिंदा एटीजीएल ईंधन आउटलेट जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले तरल ईंधन (पेट्रोल और डीजल) की पेशकश करेंगे, जबकि चुनिंदा जियो-बीपी ईंधन आउटलेट एटीजीएल के अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) के भीतर एटीजीएल के सीएनजी डिस्पेंसर को एकीकृत करेंगे। इस प्रकार परिवहन उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी।"



*पिछले साल मार्च में बिजली के लिए हुआ था करार : हाल के महीनों में यह दूसरी बार है जब देश के दो प्रमुख अरबपति उद्योगपति एक साथ आए हैं। पिछले साल मार्च में, दोनों ने मध्यप्रदेश में एक बिजली परियोजना के लिए अपने पहले सहयोग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।*

### अंबानी ने मप्र में अदाणी पावर में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी

अंबानी की कंपनी रिलायंस ने मध्यप्रदेश में अदाणी पावर की परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी और संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### जियो-बीपी व एटीजीएल में करार

बयान के अनुसार, "अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) और जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड के परिचालन ब्रांड) ने आज (बुधवार) भारतीय उपभोक्ताओं के लिए वाहन ईंधन खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।"

### सीएनजी डिस्पेंसर भी लगाएगी

बुधवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, अंबानी का ब्रिटेन की बीपी के साथ ईंधन उद्यम- जियो-बीपी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर लगाएगा। इसके साथ ही, अदाणी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जीज का शहरी गैस वितरण संयुक्त उद्यम - एटीजीएल, जियो बीपी के ईंधन स्टेशनों पर सीएनजी डिस्पेंसर लगाएगा।

### जियो-बीपी के देशभर में 1972 पेट्रोल पंप

इस साझेदारी के तहत समूह की मौजूदा और भविष्य की, दोनों इकाइयां आएंगी। जियो-बीपी के पास देशभर में 1,972 पेट्रोल पंप हैं, जबकि एटीजीएल 34 भौगोलिक क्षेत्रों में 650 सीएनजी स्टेशनों का नेटवर्क संचालित करती है।

## अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत भी शामिल

# भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल : डब्ल्यूईएफ रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया है। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है।

अध्ययन में पाया गया कि वित्तीय प्रौद्योगिकी के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक में 10 से अधिक कंपनियों का मुख्यालय है और ये वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

### महामारी के बाद मजबूत व टिकाऊ वृद्धि

डबल्यूईएफ ने कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी का सर्वश्रेष्ठ परिचालन करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, भारत, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील, कोलंबिया, मेक्सिको, इंडोनेशिया और जर्मनी शामिल हैं। वैश्विक महामारी के बाद की मंदी के बावजूद, वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र पारंपरिक रूप से वंचित समूहों तक पहुंचते हुए मजबूत व टिकाऊ वृद्धि दिखा रहा है इन 240 वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के वैश्विक सर्वेक्षण में पता चलता है कि ग्राहक वृद्धि 37 प्रतिशत पर स्थिर है।

**लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच स्थिर वृद्धि**

**शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में सिंगापुर ब्राजील और इंडोनेशिया शामिल**

**प्रत्येक देशों में 10 से अधिक कंपनियों का मुख्यालय**

*एमएसएमई का महत्वपूर्ण हिस्सा*

*सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई), निम्न आय वाले व्यक्ति तथा महिलाएं वित्तीय प्रौद्योगिकी के ग्राहक आधार का महत्वपूर्ण हिस्सा (क्रमशः 57 प्रतिशत, 47 प्रतिशत और 41 प्रतिशत) हैं। खासकर उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में जहां ये क्षेत्र वित्तीय प्रौद्योगिकी के लाभ में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।*




### एआई को अपनाने से प्रदर्शन में हो रहा सुधार

सर्वेक्षण में कहा गया कि कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने से प्रदर्शन में सुधार हो रहा है। 83 प्रतिशत वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों ने एआई के इस्तेमाल से बेहतर ग्राहक अनुभव हासिल करने की जानकारी दी है और लगभग तीन-चौथाई उत्तरदाताओं ने उच्च लाभप्रदता एवं कम लागत की बात कही है। व्यापक आर्थिक स्थितियां वृद्धि के लिए सबसे अधिक उद्धृत चुनौती बनी रहीं, केवल 18 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उन्हें बाधा के रूप में देखा जो 2024 में 56 प्रतिशत से कम है।

### वित्तपोषण के माहौल को लेकर चिंताएं हुई कम

वित्तपोषण के माहौल को लेकर चिंताएं भी काफी कम हो गई हैं। अब केवल 12 प्रतिशत लोग ही इसे बाधा मानते हैं जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 40 प्रतिशत था। विश्व आर्थिक मंच ने कहा कि इन सुधारों के बावजूद वित्तीय प्रौद्योगिकी के मजबूत विकास को बढ़ावा देने के लिए और अधिक काम किए जाने की जरूरत है। खासकर पूंजी तक पहुंच का विस्तार करने और नियामकीय दक्षता बढ़ाने पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

### राजस्व वृद्धि 40 और लाभ वृद्धि 39 फीसदी

वित्तीय प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है। राजस्व वृद्धि 40 प्रतिशत एवं लाभ वृद्धि 39 प्रतिशत है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के कैम्ब्रिज जज बिजनेस स्कूल में कैम्ब्रिज सेंटर फॉर अल्टरनेटिव फाइनेंस (सीसीएएफ) के सहयोग से आयोजित 'वैश्विक वित्तीय प्रौद्योगिकी का भविष्यः तीव्र विस्तार से सतत विकास तक' अध्ययन में पारंपरिक रूप से वंचित बाजार खंडों तक वित्तीय पहुंच का विस्तार करने में वित्तीय प्रौद्योगिकी की निरंतर भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

# बाजार ने पकड़ी रफ्तार, सेंसेक्स 700 और निफ्टी 200 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत
- कच्चे तेल के कीमतों में भी नरमी देखी गई

ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के कीमतों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक यानी 0.85 प्रतिशत चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था।

निफ्टी भी 200.40 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा, ''मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी। ईरान-इजराइल संघर्ष खत्म होने से भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें जगी हैं और निवेशक धारणा को बल मिला है।''

### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में खासी तेजी देखी गई थी।

## जम्मूतवी-भगत की कोठी-जम्मूतवी रेलसेवा अब नये नम्बर से संचालित होगी

**नई दिल्ली।** रेलवे द्वारा जम्मूतवी-भगत की कोठी-जम्मूतवी रेलसेवा अब नये नम्बर से संचालित की जा रही है। साथ ही जम्मूतवी-भगत की कोठी रेलसेवा व 7 अन्य रेलसेवाओं के मार्ग के कुछ स्टेशनों पर समय सारणी में भी परिवर्तन किया जा रहा है।निम्न रेलसेवाओं के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा हैः- 1 गाडी संख्या 19226, जम्मूतवी-भगत की कोठी रेलसेवा जो दिनांक 26.08.25 से नये गाडी संख्या 14804, जम्मूतवी-भगत की कोठी जम्मूतवी से निर्धारित समय 21.00 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 08.40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 20.30 बजे के स्थान पर 09.30 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 19225, भगत की कोठी-जम्मूतवी दिनांक 25.08.25 से नये नम्बर 14803, भगत की कोठी-जम्मूतवी के रूप में संचालित होगी। व इस रेलसेवा का मार्ग में संचालन समय व ठहराव यथावत रहेगे। नोटः (2) नये नम्बरों से संचालित गाडी संख्या 14803/14804, भगत की कोठी-जम्मूतवी- भगत की कोठी रेलसेवा एलएचबी रैंक से संचालित होगी व इस रेलसेवा में 01 सैकण्ड एसी, 03 थर्ड एसी, 02 थर्ड एसी इकोनोमी, 07 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी, 01 पॉवरकार व 01 गार्ड डिब्बों सहित कुल 19 डिब्बे होगे। 2 गाडी संख्या 14722, अबोहर-जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 26.08.25 से अबोहर से प्रस्थान करेगी उत्स रेलवे के मार्ग के बीकानेर, देशनोक, नोखा, नागौर व मारवाड मुंडवा स्टेशनों पर संचालन समय में परिवर्तन किया जा रहा है। 3. माजी संख्या 22463, दिल्ली सराय-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 29.08.25 से दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी उस रेलसेवा के मार्ग के नोखा व देशनोक स्टेशनों पर संचालन समय में परिवर्तन किया जा रहा । 4. गाडी संख्या 22463, दिल्ली सराय-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 29.08.25 से दिल्ली सराय ने प्रस्थान करेगी उस रेलसेवा के मार्ग के नोखा व देशनोक स्टेशनों पर संचालन समय में परिवर्तन किया जा रहा है।

## राशिफल

**मेष** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह** अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर** कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**जॉब**

☛ लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 22500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 09211591851

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# देश के प्रतिष्ठित तीन विश्वविद्यालयों से एकसाथ एमओयू हस्ताक्षरित



**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं देश के तीन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षा, चिकित्सा, योग, आयुर्वेद, कौशल विकास, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं अन्य क्षेत्रों में परस्पर सहयोग हेतु बुधवार को एमओयू साइन किया गया। इस अवसर पर प्रो. इंद्र प्रसाद त्रिपाठी, कुलगुरु, राजाशंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, डॉ. संजय तिवारी, कुलगुरु, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं प्रो. भरत मिश्रा, कुलगुरु, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, मध्य प्रदेश की उपस्थिति रही। सभी विद्वजनों ने पतंजलि में हो रहे राष्ट्र निर्माण के कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि द्वारा किए जा रहे इतिहास लेखन, वनस्पति शास्त्र लेखन, निदान ग्रन्थ, विश्व भेषज संहिता सहित अन्य शास्त्रों के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि ऋषि क्रांति, योग क्रांति तथा शिक्षा क्रांति का यह सफ़र देश के लाखों लोगो को इसी प्रकार लाभान्वित करता रहेगा ऐसा हमे पूर्ण विश्वास है।

# जियो में निवेश मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा रिस्क था : अंबानी



**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने कहा है कि टेलीकॉम सेक्टर की जियो में बड़े पैमाने पर निवेश करना उनके करियर का /"सबसे बड़ा रिस्क/" था। उस समय कई विश्लेषकों को इसकी सफलता पर संदेह था। उनका कहना था कि भारत इतनी उन्नत डिजिटल तकनीक के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि "अगर जियो में निवेश किसी वजह से अपेक्षित लाभ नहीं भी दे पाता, तब भी यह भारत को डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम तो जरूर माना जाता।" मैकिन्ज़ी एंड कंपनी को दिए एक साक्षात्कार में अंबानी ने यह खुलासा किया। रिलायंस जियो में निवेश का फैसला आसान नही था। "उस समय हम अपना ही पैसा निवेश कर रहे थे और मैं स्वयं बहुसंख्यक शेयरधारक था। हमने बड़े रिस्क उठाए क्योंकि हमारे लिए स्केल बहुत मायने रखता है और लक्ष्य भी कहीं ऊंचे थे। 5जी तकनीक पर बात करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि "जियो के 5जी तकनीक की संपूर्ण संरचना पूरी तरह इन-हाउस विकसित की गई है। हमने कोर, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर—हर एक घटक खुद बनाया है। हमने केवल 20% हिस्से में एरिक्सन और नोकिया को शामिल किया, ताकि हम अपने सिस्टम की वैश्विक मानकों की कसौटी पर कस सकें। मैंने अपनी टीम से कहा, तुम्हें इनसे बेहतर बनना है। और उन्होंने कर दिखाया, आज हम वाकई उनसे बेहतर हैं।" भविष्य की योजनाओं का जिक्र करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा कि "मैं हमेशा कहता था कि हमें टेक्नोलॉजी का केवल उपयोगकर्ता नहीं मालिक बनना होगा, हमें इनोवेटर बनना होगा। रिलायंस आज एक डीप-टेक और उन्नत निर्माण कंपनी बनने की ओर बढ़ रही है। दूरसंचार से हमने इसकी शुरूआत कर दी है। अपने पिता धीरूभाई अंबानी को याद करते हुए उन्होंने कहा, "मेरे पिता कहते थे—रिलायंस एक प्रक्रिया है, एक संस्था है जिसे हमारे बाद भी चलना चाहिए। मैं चाहता हूं कि रिलायंस हमारे बाद भी ज़िंदा रहे। 2027 में रिलायंस अपनी गोल्डन जुबली मनाएगा, मेरा सपना है कि रिलायंस 100 वर्षों तक भारत और मानवता की सेवा करता रहे।"




## बीएचईएल को 'आईसीएमएआई एक्सेलेन्स इन कॉस्ट मैनेजमेंट अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को 'मैन्युफैकचरिंग-पब्लिक-मेगा' श्रेणी में प्रतिष्ठित 'आईसीएमएआई नेशनल अवार्ड फॉर एक्सेलेन्स इन कॉस्ट मैनेजमेंट अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भेल के निदेशक (वित्त) श्री राजेश कुमार द्विवेदी ने श्री भर्तृहरि महताब, माननीय सांसद, लोकसभा और वित्त संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्राप्त किया। लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए यह राष्ट्रीय पुरस्कार भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) द्वारा लागत प्रबंधन में असाधारण पेशेवर विशेषज्ञता और अभिनव उपकरणों और तकनीकों को लागू करने में उत्कृष्ट नेतृत्व को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार का उद्देश्य भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर लागत प्रबंधन पद्धतियों की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों को सम्मानित करना है। यह उपलब्धि बीएचईएल के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है, क्योंकि यह प्रतिष्ठित मान्यता सतत विकास और परिचालन उत्कृष्टता के लिए लागत प्रबंधन को एक रणनीतिक आधारशिला के रूप में शामिल करने के लिए बीएचईएल की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 86.07 प्रति डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर में सुधार से बुधवार को रुपये ने अपने शुरुआती लाभ को गंवा दिया और अंत में यह दो पैसे की गिरावट के साथ 86.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों के मजबूत प्रदर्शन ने स्थानीय मुद्रा में भारी गिरावट को रोका। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.00 पर खुला।

## शब्द पहेली - 5909




**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपूर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

मंगल सैणचा, [redacted]

**शब्द पहेली -5908 का हल**





**खबर संक्षेप**



## काश मैने बेहतर प्रदर्शन किया होता : नीरज

**ओस्ट्रावा।** भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। चोपड़ा ने 85 . 29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता । जीत के बाद उन्होंने कहा ,'' मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता ।''उन्होंने कहा ,'' मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था । मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा । आज वह सपना सच हो गया है ।''नीरज ने हालांकि कहा ,'' मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है । दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला । काश कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर पाता ।''

## निशानेबाजी लीग के लिए 400 खिलाड़ियों का पंजीयन

**नई दिल्ली।** आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है। एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''हमें पहली भारतीय निशानेबाजी लीग को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है उससे वास्तव में हम उत्साहित हैं।'' पहली भारतीय निशानेबाजी लीग का आयोजन इस साल के आखिर में 20 नवंबर से दो दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल होंगी।



## खेलो इंडिया विवि खेलों का आयोजन नवंबर में जयपुर में

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) का पांचवां सत्र नवंबर में जयपुर में आयोजित किया जाएगा जिसमें 4,000 से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्णिमा विश्वविद्यालय और राजस्थान विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से अंडर-25 बहु-खेल खेलों की मेजबानी करेंगे। इसमें 200 से अधिक विश्वविद्यालय भाग लेंगे। पिछले सत्र की तरह केआईयूजी 2025 कार्यक्रम में कम से कम 20 खेल होंगे।

## चार देशों के टूर्नामेंट में भारतीय जूनियर टीम तीसरे स्थान पर

**बर्लिन।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया को कप्तान टोबी मेलोन ने दूसरे हाफ में बढ़त दिलाई जिसके बाद रोहित ने 45वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। अजीत यादव ने 52वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। दोनों टीमों के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली और शुरुआती दो क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया ने अंततः तीसरे क्वार्टर में मैच के 40वें मिनट में टोबी के मैदानी गोल से बढ़त बनाई।

**छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का समापन**

# एसएससीबी ब्वॉयज और गर्ल्स की टीम चैंपियन, हरियाणा दूसरे स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में चल रही छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का बुधवार को समापन हो गया। इस चैंपियनशिप में एसएससीबी ब्वॉयज और गर्ल्स की टीम चैंपियन रही, जबकि हरियाणा ब्वॉयज और गर्ल्स की टीम दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में देशभर से आए युवा मुक्केबाजों ने रिंग में फाइनल मुकाबलों में अपनी ताकत, तकनीक का परिचय दिया। हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बेनिवाल और एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन मुख्य तौर पर मौजूद रहे। प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि यह चैंपियनशिप हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश के. सरहदी, रविंद्र पन्नू महासचिव, महम बॉक्सिंग संघ से पूर्ण फौजी सहित रोहतक के सचिव संदीप मौर मौजूद रहे। इस चैंपियनशिप में देश के 32 राज्यों और टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू जैसी यूनिट्स की टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी तकनीकी दक्षता, स्फूर्ति और रिंग में मानसिक मजबूती का प्रदर्शन किया।





रोहतक। हरियाणा लड़के और लड़कियों की टीम फर्स्ट रनरअप रही व एसएससीबी की लड़के, लड़कियों की टीम चैंपियन रही। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे लड़कियों के नतीजे

| मेडल | नाम |
|---|---|
| **44 से 46** | |
| गोल्ड | खुशीचंद |
| सिल्वर | लक्ष्मी |
| ब्रॉन्ज | जिन्नत मलिक |
| ब्रॉन्ज | मोनिका डोले |
| **46 से 48** | |
| गोल्ड | जिया |
| सिल्वर | लक्ष्मी लमानी |
| ब्रॉन्ज | अफासा कालिया |
| ब्रॉन्ज | के महालक्ष्मी |
| **48 से 50** | |
| गोल्ड | अहाना शर्मा |
| सिल्वर | भक्ति |
| ब्रॉन्ज | ममता |
| ब्रॉन्ज | रिया |
| **50 से 52** | |
| गोल्ड | नैतिक |
| सिल्वर | सिमरन |
| ब्रॉन्ज | अलिशा |
| ब्रॉन्ज | समीक्षा सिंह |
| **52 से 54** | |
| गोल्ड | चंद्रिका पुजारी |
| सिल्वर | मारिया |
| ब्रॉन्ज | भार्गवी |
| ब्रॉन्ज | नमिता |
| **54 से 57** | |
| गोल्ड | राधामनी |
| सिल्वर | हर्षिता |
| ब्रॉन्ज | यानीवाल सोनम |
| ब्रॉन्ज | प्रातिमा |
| **57 से 60** | |
| गोल्ड | हर्षिता |
| सिल्वर | सिल्वर |
| ब्रॉन्ज | इशिका |
| ब्रॉन्ज | सिमरनजीत कौर |
| **60 से 63** | |
| गोल्ड | दिया |
| सिल्वर | प्राची |
| ब्रॉन्ज | दाना देनी |
| ब्रॉन्ज | धांति |
| **63 से 66** | |
| गोल्ड | हमूर कौर |
| सिल्वर | प्रिया |
| ब्रॉन्ज | अस्वथी बिजू |
| ब्रॉन्ज | अनन्या ठाकुर |
| **66 से 70** | |
| गोल्ड | हिमांशी |
| सिल्वर | बरिना |
| ब्रॉन्ज | सान्वी |
| ब्रॉन्ज | ए सरनीधि |
| **70 से 75** | |
| गोल्ड | शिवानी तूर |
| सिल्वर | ज्योति |
| ब्रॉन्ज | एश्वर्या |
| ब्रॉन्ज | ई भारकवी |
| **75 से 80** | |
| गोल्ड | प्राची खत्री |
| सिल्वर | दीक्षा |
| ब्रॉन्ज | जयश्री |
| ब्रॉन्ज | अक्षरा |
| **80 से अधिक** | |
| गोल्ड | अंशिका |
| सिल्वर | अंशूका दुहन |
| ब्रॉन्ज | एसएम चारमी |
| ब्रॉन्ज | कौमल |

### ये रहे लड़कों के परिणाम

| मेडल | नाम |
|---|---|
| **44 से 46** | |
| गोल्ड | ध्रुव खर्ब |
| सिल्वर | उदय सिंह |
| ब्रॉन्ज | नरेंद्र कुमार |
| ब्रॉन्ज | आर्यन |
| **46 से 48** | |
| गोल्ड | फलक |
| सिल्वर | प्रियांशु वर्मा |
| ब्रॉन्ज | अंबेकर |
| ब्रॉन्ज | गोपाल |
| **48 से 50** | |
| गोल्ड | लंचेबा सिंह |
| सिल्वर | प्रियांश |
| ब्रॉन्ज | अमन देव |
| ब्रॉन्ज | रोहन जोशी |
| **50 से 52** | |
| गोल्ड | आदित्य |
| सिल्वर | टिकम सिंह |
| ब्रॉन्ज | लवसन सिंह |
| ब्रॉन्ज | मिलन |
| **52 से 54** | |
| गोल्ड | उद्यम सिंह |
| सिल्वर | आशीष |
| ब्रॉन्ज | मिर्जा अली बेग |
| ब्रॉन्ज | अर्श |
| **54 से 57** | |
| गोल्ड | रितेश कुमार |
| सिल्वर | लक्की |
| ब्रॉन्ज | इशाक लाल |
| ब्रॉन्ज | सुभम यादव |
| **57 से 60** | |
| गोल्ड | साहिल दुहन |
| सिल्वर | आर्यन |
| ब्रॉन्ज | सरस्वती |
| ब्रॉन्ज | पृथ्वी ठाकुर |
| **60 से 63** | |
| गोल्ड | लक्ष्य |
| सिल्वर | अमन सिवाच |
| ब्रॉन्ज | जी सुनील कुमार |
| ब्रॉन्ज | कबीर |
| **63 से 66** | |
| गोल्ड | अनंत |
| सिल्वर | नैतिक |
| ब्रॉन्ज | तेस्वीर |
| ब्रॉन्ज | कैफ खान |
| **66 से 70** | |
| गोल्ड | प्रियांश सहरावत |
| सिल्वर | अर्जुन |
| ब्रॉन्ज | प्राध्यन |
| ब्रॉन्ज | महेश सिंह |
| **70 से 75** | |
| गोल्ड | देवेंद्र चौधरी |
| सिल्वर | भव्य प्रताप |
| ब्रॉन्ज | हर्षित |
| ब्रॉन्ज | रोवाश जोसप |
| **75 से 80** | |
| गोल्ड | जयदिप सिंह |
| सिल्वर | हिमांशु यादव |
| ब्रॉन्ज | एन मानाशेह |
| ब्रॉन्ज | दक्ष महलावत |
| **80 से अधिक** | |
| गोल्ड | राहुल |
| सिल्वर | लोविन |
| ब्रॉन्ज | सत्या भार्गव |
| ब्रॉन्ज | अजय कृष्ण एएस |

**'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' : दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा मैच**

# शार्दुल के प्रदर्शन से टीम निराश, दूसरे टेस्ट में कुलदीप को मिल सकती है जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा।

दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।

### शार्दुल की गेंदों में धार नहीं थी

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा।





### स्पिनरों की मदद के लिए कुलदीप की मांग

इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय हैं। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

### कुलदीप को टीम में होना चाहिए : वेंगसरकर

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने कहा, ''कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है।' इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं।



### जडेजा की गेंदबाजी पर भी उठे सवाल


जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके। पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने 'जियोस्टार' से कहा, '' ''कुलदीप यादव को वापस आना होगा। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन शार्दुल ठाकुर को बाहर जाना होगा।''

### ठाकुर चौथे तेज गेंदबाज में सफल नहीं रहे

मांजरेकर ने कहा, ''लेकिन वह पर्याप्त विकल्प प्रदान नहीं करता है। वह टीम में चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका में पूरी तरह से खरा नहीं उतर पाएगा इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन को कड़ा फैसला लेना होगा। हमें यहां की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ आक्रमण के साथ करना होगा और इसके लिए मैं एक तेज गेंदबाज कम रखूंगा और कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल करूंगा। उसे खेलना ही होगा।''

**विश्वकप जीत के 42 साल**

## वह दिन जिसने भारतीय क्रिकेट की कामयाबी की नींव रखी



एजेंसीः नई दिल्ली

पिछले चार साल में जब भी 25 जून आता है तो '83' वाट्सअप ग्रुप के सबसे जिंदादिल सदस्य की यादें बाकी 13 सदस्यों को कचोटती हैं। चार साल पहले यशपाल शर्मा ने आखिरी सांसें ली थी लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा जब कपिल देव की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने 'यश पाजी' को याद नहीं किया हो। कोरोना महामारी से पहले पंजाब के तत्कालीन चयनकर्ता यशपाल दिल्ली में रणजी मैच देखने आये थे । उन्होंने कुछ पत्रकारों को उलाहना भी दिया था कि ओल्ड टैफर्ड में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच की रिकॉर्डिंग उनके पास नहीं है जिसमें उनकी 89 रन की पारी की मदद से भारत ने 34 रन से जीत दर्ज की थी। टूर्नामेंट में यशपाल ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाने वाले यशपाल ने कहा था ,'' जिसके पास भी रिकॉर्डिंग है , मैं उसे 5000 पाउंड देने के लिये तैयार हूं । मेरे पास रिकॉर्डिंग नहीं है । वह मेरी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी थी । ऐसा लगता था कि मैको (मैल्कम मार्शल) का मुझसे अलिखित करार था । '

### द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने उनके बारे में कहा था ,'' वह टीम का बहुत ही लोकप्रिय सदस्य था और हम सभी उसे याद करते हैं ।'' द 83 वाट्सअप ग्रुप में टीम के 14 सदस्य और प्रशासनिक प्रबंधक पीआर मान सिंह हैं ।

**शतरंज टूर्नामेंट**

## ललित बाबू ने मुंबई ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के ललित बाबू ने बुधवार को यहां बेहतर टाई ब्रेक स्कोर के आधार पर आर्मेनिया के मामिकोन घरिबयान को पछाड़कर मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

ग्रैंडमास्टर ललित बाबू ने शीर्ष वरीय जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लाविन पेंटसुलिया के खिलाफ अपनी नौवें और अंतिम दौर की बाजी जीतकर आठ जुटाए। मामिकोन ने भी भारतीय ग्रैंडमास्टर नीलोत्पल दास के खिलाफ अपनी बाजी जीती और उनके भी आठ अंक रहे। ललित बाबू ने हालांकि मामिकोन के 54 के मुकाबले 54.5 के बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण खिताब जीता। उन्हें चार लाख रुपये की इनामी राशि मिली। दूसरे स्थान पर रहे मामिकोन को तीन लाख रुपये मिले। पांचवें स्थान पर रहे भारत के दीपन चक्रवर्ती को एक लाख 25 हजार रुपये की इनामी राशि मिली। जूनियर वर्ग में भारत के कैंडिडेट मास्टर मधेश कुमार अंतिम दौर में व्योम मल्होत्रा को हराकर चैंपियन बने। उन्होंने कुल आठ अंक जुटाए। मधेश को दो लाख रुपये की इनामी राशि मिली। अद्विक अग्रवाल उप विजेता रहे और उन्हें डेढ़ लाख रुपये मिले। शीर्ष वरीय अंश नेरुरकर को तीसरे स्थान पर रहने के लिए एक लाख रुपये की इनामी राशि मिली।




### सानिधी सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई

सानिधी भट को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने ट्रॉफी और 45 हजार रुपये की इनामी राशि मिली। रचित गुरनानी और मिशा परवेज को मुंबई के खिलाड़ियों के बीच क्रमशः सर्वश्रेष्ठ लड़का और लड़की चुना गया। दोनों को 30 हजार रुपये और ट्रॉफी मिली।

## ऋषभ, धिनिधी और रोहित सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में चमके

*भुवनेश्वर। महाराष्ट्र के ऋषभ अनुपम दास ने बुधवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के चौथे दिन दो मिनट 0.65 सेकेंड के समय से श्रीहरि नटराज का प्रतियोगिता रिकॉर्ड तोड़कर और सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक की 15 साल की ओलंपियन धिनिधी देसिंघु ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 56.78 सेकेंड के समय से नया रिकॉर्ड बनाया। विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने प्रतियोगिता में दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु के तैराक रोहित बेनेडिकशन ने इसकेबाद 50 मीटर बटरफ्लाई में 24.11 सेकेंड के समय से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।*

## एआईसीएफ ने खिलाड़ियों के लिए वजीफा योजना शुरू की

नई दिल्ली। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को शीर्ष राष्ट्रीय खिलाड़ी वजीफा योजना (टीएनपीएसएस) शुरू करने की घोषणा की जो प्रतिभा विकास में मदद करने के लिए एक वित्तीय सहायता पहल है।एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग की इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करना है।एआईसीएफ शीर्ष युवा शतरंज प्रतिभाओं के खातों में 60 हजार रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की पहली तिमाही वजीफा राशि तुरंत भेज रहा है। अप्रैल से जून के महीनों के लिए कुल 42.30 लाख रुपये वितरित किए जाएंगे। अंडर-सात से लेकर अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी इस योजना के लाभार्थी होंगे। नारंग ने कहा, ''यह सिर्फ एक योजना नहीं है। यह दर्शाता है कि हम भारत के हर युवा शतरंज खिलाड़ी पर कितना गहरा विश्वास करते हैं।''उन्होंने कहा, ''हमारे इतिहास में पहली बार हम 39 लड़कियों और 39 लड़कों के भविष्य में सीधे निवेश कर रहे हैं। उन्हें अपनी प्रतिभा को सफलता में बदलने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।''

**पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत रैंकिंग में पाया उछाल**

# पंत आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट में दो शतक की बदौलत बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। पहले टेस्ट में पांच विकेट की हार के दौरान पहली पारी में शतक जड़ने वाले भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर हैं।

भारत ने इंग्लैंड को 371 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया था जो मेजबान टीम ने पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले केवल दूसरे विकेटकीपर बने पंत को एक स्थान का फायदा हुआ है।

### गिल भी पांच स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर



### पंत से पहले फ्लावर ने जड़े थे दो शतक

पंत से पहले जिंबाब्वे के एंडी फ्लावर एकमात्र विकेटकीपर थे जिन्होंने एक ही टेस्ट में दो शतक जड़ने की उपलब्धि हासिल की थी। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन की पारी खेली।

### बुमराह गेंजबाजी में शीर्ष पर कायम

टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अधिक बदलाव नहीं हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष पर बने हुए हैं। इंग्लैंड की जीत के दौरान 62 और 149 रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच बने बेन डकेट पांच स्थान की छलांग के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए।

### ओली पोप को भी रैंकिंग में फायदा

डकेट के टीम के साथियों ओली पोप (तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर) और जेमी स्मिथ (आठ स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं जबकि टीम के उनके साथी हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं।

### स्टोक्स ऑलराउंडर सूची में 5वें स्थान पर

पहले टेस्ट में गेंद और बल्ले से प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में तीन स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में 163 रन बनाने वाले मुशफिकुर रहीम 11 स्थान की छलांग से 28वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के ही नजमुल हुसैन शंटो दोनों पारियों में शतक की बदौलत 21 पायदान की लंबी छलांग के साथ 29वें स्थान पर हैं

## सीबीआई की दो मामलों में बड़ी कार्रवाई

# 2.5 करोड़ रुपए के नकली डाक टिकट घोटाले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक ने किया सुसाइड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2.5 करोड़ रुपये के नकली डाक टिकट घोटाले के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में चार लोगों के नाम प्राथमिकी में शामिल थे, जिनमें से एक आरोपी की मृत्यु हो चुकी है। पप्पू सिंह, मृतक राहुल कुमार का भाई, जिसे इस घोटाले में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। राजेश कुमार, निजी व्यक्ति, जिसे सीबीआई ने इस मामले में संलिप्त पाया।

महेंद्र कुमार, राजेश कुमार के पिता, जो एक निजी व्यक्ति हैं और इस घोटाले में सह-आरोपी के रूप में गिरफ्तार किए गए। राहुल कुमार लखावटी उप-डाकघर के तत्कालीन उप-डाकपाल (सब-पोस्ट मास्टर), जिनका नाम एफआईआर में शामिल था। राहुल कुमार की रविवार सुबह एक ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने की खबर है। मृत्यु से पहले, उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उन्होंने अपनी बेगुनाही का दावा किया और वरिष्ठ अधिकारी राजेश पर उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया।

**मामले का विवरण**

सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने जुलाई 2024 में बुलंदशहर के मुख्य डाकघर में छापेमारी की थी, जहां 10 घंटे तक दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में पता चला कि नकली डाक टिकटों का उपयोग रजिस्टर्ड मेल, स्पीड पोस्ट और पार्सल बुकिंग के लिए किया गया, जिससे 2.5 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई। नवंबर 2024 में, दिल्ली के एक व्यक्ति ने लखावटी डाकघर में 3,833 नकली टिकटों का उपयोग करने का प्रयास किया था, जिन्हें नासिक के भारतीय सुरक्षा मुद्रण संस्थान में जांच के बाद नकली पाया गया। इसके बाद, राहुल कुमार और दो अन्य को 26 नवंबर को निलंबित कर दिया गया था। राहुल कुमार ने अपने सुसाइड नोट में दावा किया कि वरिष्ठ अधिकारी राजेश ने उनके खिलाफ जातिगत टिप्पणियां कीं और उन्हें गलत तरीके से निशाना बनाया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि वह जाटव समुदाय से थे और 14 साल तक ईमानदारी से काम किया, लेकिन उन्हें जाति के आधार पर परेशान किया गया। नोट में उन्होंने 5,599 रजिस्ट्रियों में से 3,600 के लंबित होने और 1,766 के प्रेषण का उल्लेख किया, जिसमें टिकटों की खरीद पर सवाल उठाए गए थे, लेकिन जांच में इसे नजरअंदाज कर दिया गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा, मुरादाबाद के पूर्व शाखा प्रमुख के खिलाफ एफआईआर

बैंक ऑफ बड़ौदा, मुरादाबाद के पूर्व शाखा प्रमुख श्री रोहित दहिया के खिलाफ बैंकिंग धोखाधड़ी के एक मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की है। जिसमें वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोपों का खुलासा हुआ। सीबीआई ने इस मामले में उत्तर प्रदेश और गुजरात में कई स्थानों पर छापेमारी भी की है। यह कार्रवाई बैंक ऑफ बड़ौदा से जुड़े हाल के वित्तीय अनियमितता के मामलों की कड़ी में एक और कदम है। इससे पहले, सीबीआई ने बुलंदशहर में बैंक ऑफ बड़ौदा के एक शाखा प्रबंधक को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, 2015 में दिल्ली की अशोक विहार शाखा में 6,000 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा हस्तांतरण घोटाले में भी सीबीआई ने कई अधिकारियों और निजी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

## 47 साल बाद बैंक धोखाधड़ी मामले में भगोड़े सतीश कुमार आनंद गिरफ्तार

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** वहीं, एक अन्य मामले में सीबीआई ने 1978 के एक बैंक धोखाधड़ी मामले में भगोड़े घोषित अपराधी सतीश कुमार आनंद को आखिरकार 47 साल बाद गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई बैंक ऑफ इंडिया को 5 लाख 69 हजार रुपये के नुकसान से जुड़े एक पुराने मामले में की गई, जिसमें आनंद लंबे समय से फरार था। सीबीआई ने भी हार नहीं मानी। इस केस से जुडे दर्जनों अधिकारी रिटायर हो गए फिर भी केस जिंदा रहा। अपनी रफ्तार चलता रहा। सीबीआई की तहकीकात में जैसे ही आधुनिक उपरकणों की आमद बढी बुजुर्ग हो चला सतीश कुमार आनंद धरा गया। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में ट्रेस कर उसे गिरफ्तार किया गया।मामला 1978 का है। जब सतीश कुमार आनंद ने कथित तौर पर बैंक ऑफ इंडिया के साथ 5,69,000 रुपये की धोखाधड़ी की थी। इस धोखाधड़ी के बाद आनंद फरार हो गया और विभिन्न स्थानों पर छिपता रहा, बार-बार अपना ठिकाना बदलता रहा। सीबीआई के अनुसार, आनंद अपने ज्ञात पते, नई दिल्ली और हापुड़, उत्तर प्रदेश, पर नहीं मिला। तलाश में कई चुनौतियाँ आईं।



**फोन नंबर का विश्लेषण किया:** सीबीआई ने आनंद को पकड़ने के लिए व्यापक रणनीति अपनाई। जांच एजेंसी ने उसके अंतिम ज्ञात ठिकानों के आसपास के क्षेत्रों में गहन छानबीन की और स्थानीय सूत्रों से जानकारी जुटाई। इस प्रक्रिया में आनंद के बेटे का फोन नंबर एक महत्वपूर्ण सुराग के रूप में सामने आया। सीबीआई ने बेटे के फोन नंबर के सब्सक्राइबर डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया और उसी के आधार पर एक नए पते की पहचान की। इस पते पर निगरानी रखी गई, जिसके बाद गहन प्रयासों से सतीश कुमार आनंद को ट्रेस कर लिया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सतीश कुमार आनंद को बुधवार को देहरादून की विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद आनंद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### अनिल की कंपनी ने की 600 करोड़ की डील



**मुंबई।** अनिल अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस डिफेंस को जर्मनी की प्रमुख रक्षा और गोला-बारूद मैन्युफैक्चरिंग राइनमेटल वैफे म्यूनिशन जीएमबीएच से 600 करोड़ रुपए का निर्यात ऑर्डर मिला है। रिलायंस समूह के संस्थापक चेयरमैन अनिल अंबानी ने कहा कि अत्याधुनिक गोला-बारूद क्षेत्र में यह अबतक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। यह ऑर्डर रिलायंस डिफेंस की वैश्विक रक्षा और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### 100 करोड़ के साइबर अपराध में ईडी की रेड



**अहमदाबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध से जुड़े 100 करोड़ से अधिक के धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी की। ईडी ने गुजरात के सूरत और अहमदाबाद तथा मुंबई में यह छापेमारी की। यह मामला 2024 में मकबूल डॉक्टर, काशिफ डॉक्टर, बासम डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई, माज अब्दुल रहीम नाडा और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ एक एफआईआर सामने आई।

## कोर्ट में एनआईए का बड़ा

# पीएफआई की हिट लिस्ट में थे पूर्व जज सहित 950 लोग



एजेंसी ▶▶ कोच्चि

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एनआईए ने बताया है कि प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने केरल में 950 लोगों की एक 'हिट लिस्ट' तैयार की थी। इस लिस्ट में एक रिटायर्ड जिला जज का नाम भी शामिल है। यह खुलासा उस वक्त सामने आया जब एनआईए ने इस महीने की शुरुआत में केरल के एक विशेष अदालत में यह जानकारी पेश की। यह मामला 2022 में पलक्कड़, केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से जुड़ा है, जिसमें चार आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई हो रही थी। एनआईए की जांच में 51वें आरोपी सिराजुद्दीन से जब्त किए गए आठ दस्तावेजों में 240 लोगों की सूची मिली, जो अलग-अलग समुदायों से ताल्लुक रखते थे।

### पीएफआई हथियारों की ट्रेनिंग दे रहा

एनआईए की जांच में यह भी सामने आया कि पीएफआई ने श्रीनिवासन की हत्या के पीछे गहरी साजिश रची थी। इस हत्याकांड की तहकीकात के दौरान पीएफआई का लिंक सामने आया है। जांच में पता चला कि संगठन देश में अशांति फैलाने की योजना बना रहा था। एनआईए ने यह भी खुलासा किया कि पीएफआई अपने कैडरों को फिजिकल और हथियारों की ट्रेनिंग दे रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि उनके पास वॉयस क्लिप्स और गवाहों के बयान हैं, जो पीएफआई के 'इंडिया 2047 प्लान' की बात करते हैं। इस योजना में भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने की साजिश थी। इन सबूतों ने पीएफआई के खौफनाक मंसूबों को और साफ कर दिया।

### चारों आरोपियों की जमानत याचिका

एनआईए ने चार आरोपियों (मुहम्मद बिलाल, रियासुद्दीन, अंसार के.पी. और सहीर के.वी.) की जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। ये चारों 2022 में पलक्कड़ में श्रीनिवासन की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए थे। विशेष अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और पेश किए गए दस्तावेजों का जायजा लेने के बाद फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया सच्चाई के आधार मौजूद हैं। इसके बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। इस खुलासे ने देश भर में सुरक्षा एजेंसियों को और सतर्क कर दिया है।

## मर्चेंट्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वेबिनार में केंद्रीय मंत्री गोयल बोले

# तीन वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश होगा भारत, कोई डिगा नहीं सकता



*केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। सरकार, व्यापार जगत, उद्योग, व्यापारी समुदाय और 140 करोड़ भारतीय पीएम के 'विकसित भारत 2047' के विजन के साथ एकजुट हैं*

भारत की मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद काफी मजबूत | कई देशों के साथ एफटीए बेहतरीन अवसर लाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत आने वाले तीन वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक अस्थिरता और चुनौतियों के बावजूद भारत अपनी दिशा से डिगने वाला नहीं है। 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार, व्यापार जगत, उद्योग, व्यापारी समुदाय और 140 करोड़ भारतीय पीएम के 'विकसित भारत 2047' के विजन के साथ एकजुट हैं। गोयल ने यह बात कोलकाता में मर्चेंट्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित एक वेबिनार में कही, जिसका विषय 'भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर यात्रा : वैश्विक चुनौतियों के बीच मार्गदर्शन' था। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार एक बड़े बदलाव पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास है।

### देश तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा

तकनीक के क्षेत्र में भारत की ताकत पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और 3डी प्रिंटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में भी अग्रणी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से डरने के बजाय नए अवसरों को अपनाने की अपील की। गोयल ने कहा कि यह विकास का चक्र है, जिसमें पैमाना बढ़ने से प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और यही निर्यात और समृद्धि को गति देता है। भारत की विकास गाथा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

### बैंकिंग सिस्टम सशक्त

पीयूष गोयल ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 698 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद मजबूत है। हमारा बैंकिंग सिस्टम सशक्त और भरोसेमंद है, जिसकी कर्ज देने की क्षमता भी बहुत अच्छी है। महंगाई फिर से 3 प्रतिशत तक नीचे आ गई है, जो भारत के इतिहास में सबसे कम स्तरों में से एक है।'

### एमसीसीआई के काम को सराहा

पीयूष गोयल ने एमसीसीआई की 124 वर्षों की यात्रा की भी सराहना की और इसे सरकार, उद्योग और व्यापार समुदाय के बीच एक सेतु बताया। उन्होंने कहा कि एमसीसीआई को 'मोबलाइज कॉमर्स एंड कनेक्टिंग इंडस्ट्रीज' कहना बिल्कुल सही होगा, क्योंकि यह संस्था वास्तव में यही काम करती है।

### सेवा, सुशासन और नवाचार पर ध्यान

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान ऐसे विकास पर है जो भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप हो और जो 'सेवा, सुशासन और नवाचार' पर आधारित हो। 'अमृत काल' में इस लक्ष्य को पाने के लिए एमसीसीआई की भूमिका बेहद अहम रहेगी। ऐसे संवाद सरकार को यह समझने में मदद करते हैं कि वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितताओं के बीच उद्योगों को कैसे बेहतर समर्थन दिया जाए। मंत्री गोयल ने कहा कि इतिहास हमें याद दिलाता है कि महान अर्थव्यवस्थाएं शांत पानी में नहीं, बल्कि उथल-पुथल भरे समुद्रों में बनती हैं। यह भारत के लिए सुनहरा मौका है और हमें इसे गंवाना नहीं चाहिए।*

## ब्रिटेन के पीएम स्टारमर का बड़ा ऐलान

# नाटो के साझा परमाणु मिशन में होगा शामिल, यूएस से खरीदेगा परमाणु हथियार ले जाने वाले 12 विमान

एजेंसी ▶▶ हेग



ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर ने बुधवार को बड़ा ऐलान किया कि यूनाइटेड किंगडम अब अमेरिका से 12 ऐसे एफ-35 फाइटर जेट खरीदेगा जो परमाणु बम ले जाने में सक्षम हैं। इसके साथ ही ब्रिटेन अब नाटो के साझा हवाई परमाणु मिशन में भी शामिल होगा। यह कदम देश की परमाणु ताकत को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। ब्रिटिश सरकार ने इस फैसले को एक पीढ़ी में यूके की परमाणु स्थिति की सबसे बड़ी मजबूती बताया है।

### ब्रिटेन की परमाणु क्षमता बढ़ेगी

*ब्रिटेन ने 1990 के दशक में एयर से गिराए जाने वाले परमाणु हथियारों का उपयोग बंद कर दिया था। फिलहाल उसकी परमाणु ताकत केवल पनडुब्बियों से चलने वाली मिसाइलों तक सीमित है। अब यह नया कदम ब्रिटेन की परमाणु क्षमता को और मजबूत बनाएगा। वहीं नाटो में केवल तीन देश अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ही परमाणु शक्ति संपन्न हैं। सात अन्य देश अमेरिकी बी61 बम ले जाने में सक्षम विमान उपलब्ध कराकर इस मिशन में भाग लेते हैं। किसी भी स्थिति में परमाणु हथियारों के उपयोग की अनुमति ब्रिटेन के पीएम, अमेरिकी राष्ट्रपति और नाटो के परमाणु योजना समूह को देनी होगी।*

### सुरक्षा पर खर्च बढ़ाकर जीडीपी का 5% करने की योजना

यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब ब्रिटेन और नाटो के अन्य सदस्य देश 2035 तक अपनी सुरक्षा पर खर्च बढ़ाकर जीडीपी का 5% करने की योजना बना रहे हैं। इसमें से 3.5% रक्षा पर और 1.5% अन्य सुरक्षा और आपदा से निपटने की तैयारी पर खर्च किया जाएगा। फिलहाल ब्रिटेन अपने जीडीपी का 2.3% रक्षा पर खर्च करता है, जिसे 2027 तक बढ़ाकर 2.6% किया जाएगा।

## थम नहीं रहा रूस और यूक्रेन संघर्ष

# रूस के ड्रोन-मिसाइल व तोपखाने से हुए हमलों में 26 की मौत, 100 घायल



**कीव।** यूक्रेन में रूस के ड्रोन, मिसाइल व तोपखाने से हुए हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 घायल हुए हैं। यह जानकारी यूक्रेनी अधिकारियों ने दी। इन हमलों के बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से और सैन्य मदद की मांग की है। रूस-यूक्रेन युद्ध अब चौथे साल में पहुंच चुका है। इस दौरान 12,000 से ज्यादा यूक्रेनी नागरिक मारे जा चुके हैं। रूस ने लगातार यूक्रेनी शहरों व गांवों पर हमले किए हैं। यूक्रेन ने भी जवाब में रूस के कई इलाकों पर ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें आवासीय इलाकों को नुकसान पहुंचा है। मंगलवार दोपहर रूस ने यूक्रेन के डिनप्रो शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। जिसमें सात नागरिकों की मौत हुई और 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

## ईरान ने आईएईए से तोड़े संबंध

# सुरक्षा की गारंटी दिए बगैर नहीं देंगे परमाणु निगरानी रिपोर्ट, संसद में बिल पारित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान की संसद ने बुधवार को एक बिल पारित किया। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था यानी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ संबंध तोड़ने और सहयोग निलंबित करने का फैसला किया है।

मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई का हवाला देते हुए बताया कि विधेयक के अनुसार, निगरानी कैमरे लगाना, निरीक्षण की अनुमति देना और आईएईए को रिपोर्ट पेश करना तब तक निलंबित रहेगा, जब तक परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती। हालांकि, इस संबंध में संसद को अभी भी एक पूर्ण सत्र में विधेयक को मंजूरी देनी है। वहीं, ईरान ने दावा किया कि हमले की वजह के परमाणु बम बनने वाले सारे मटेरियल बर्बाद नहीं हुए हैं।



### ट्रंप की चेतावनी हम फिर मारेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर ईरान ने फिर से अपना परमाणु कार्यक्रम शुरू करने की कोशिश की तो हम फिर उस पर हमला करेंगे। ट्रंप की यह चेतावनी ऐसे समय सामने आई है, जब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अमेरिकी हमले में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। हालांकि ट्रंप ने इस खबरों को फर्जी करार दिया है।

## अमेरिका ने अपनी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में किया यह खुलासा

# पाकिस्तान बना रहा अमेरिका तक निशाना लगाने में सक्षम परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अभी ईरान के परमाणु हथियारों के ठिकानों पर अमेरिका (यूएसए) के हवाई हमले की आग ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि अब भारत के पड़ोस में पाकिस्तान से एक बड़ी ही चिंताजनक जानकारी सामने आई है। जिसका खुलासा खुद अमेरिका की खुफिया एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान गोपनीय तरीके से लंबी दूरी की अंतर-महाद्वीपीय परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास करने में लगा हुआ है। यह एक ऐसी मिसाइल है जो पाकिस्तान से कई हजार किलोमीटर की दूरी पार कर अमेरिका तक निशाना लगाने में सक्षम होगी। पाकिस्तान द्वारा आईसीबीएम का विकास इस बात की ओर भी साफ इशारा करता है



कि अब उसके निशाने पर भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका भी आ गया है। उधर, सिपरी की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के पास कुल 170 परमाणु हथियार हैं। वह परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) में हस्ताक्षरकर्ता के रूप में शामिल नहीं है।

**चीन बना पाकिस्तान का मददगार:** विदेश मामलों पर तैयार की गई अमेरिका की यह रिपोर्ट बताती है कि पाकिस्तान चीन के सहयोग से अपने परमाणु शस्त्रागार को उन्नत करने के लिए जरूरी तकनीक और मटेरियल हासिल करने में लगा हुआ है। उसकी यह कवायद पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा 7 मई 2025 की मध्यरात्रि के बाद की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद शुरू की गई है। अमेरिका के अधिकारियों का कहना है कि अगर पाकिस्तान ने आईसीबीएम स्तर की किसी मिसाइल का विकास किया तो वाशिंगटन के पास उसे 'परमाणु शत्रु' देश के रूप में नामित करने के अलावा कोई और विकल्प शेष नहीं बचेगा। कोई भी ऐसा देश जिसके पास आईसीबीएम है और जो अमेरिका तक निशाना लगा सकती है। वह यूएसए के लिए परमाणु शत्रु देश ही है। अमेरिका की परमाणु शत्रु देश की इस परिभाषा में वो देश आते हैं, जिनके पास परमाणु हथियार होने के अलावा वह अमेरिका के विरोधी हों। वर्तमान में रूस, चीन और उत्तर कोरिया अमेरिका के परमाणु शत्रु देशों की तरह माने जाते हैं।

**पाक का परमाणु कार्यक्रम भारत केंद्रित:** यहां बता दें कि पूर्व में पाकिस्तान हमेशा ही यह दावा करता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम सख्ती के साथ भारत को रोकने पर आधारित है। जिसमें उसकी नीति केवल कम और मध्यम दूरी की मिसाइलों के विकास तक ही सीमित है। जबकि दूसरी ओर अगर अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल को देखें तो इसे परमाणु और परंपरागत हथियारों से लैस किया जा सकता है। यह मिसाइल कुल करीब 5 हजार 500 किलोमीटर की दूरी तक मार करने में सक्षम होती है। पाकिस्तान के पास अभी कोई भी आईसीबीएम मिसाइल नहीं है।

**पाक ने 2022 में बनाई शाहीन-3:** पाकिस्तान के पास भले ही आज कोई आईसीबीएम मिसाइल न हो। लेकिन उसने वर्ष-2022 में सतह से सतह पर मार करने वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल शाहीन-3 का परीक्षण किया था। जो कि 2 हजार 700 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद लक्ष्यों पर निशाना लगा सकती है। इसकी रेंज में भारत के कुछ शहर आते हैं।

आईसीबीएम के विकास के पीछे पाकिस्तान की मंशा किसी भी हमले को रोकने के लिए अमेरिका की उसे खत्म करने की कोशिश हो सकती है। साथ ही ये उसका भारत-पाक के बीच दोबारा से संघर्ष होने के पूर्व भारत की तरफ से इसे रोकना हो सकता है। मामला अमेरिका की चिंता के साथ जुड़ा है। जिसमें उसने पिछले साल पाक के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर नई पाबंदियां लगाई थी। पाक ने अमेरिका के इस कदम को पक्षपातपूर्ण करार दिया था।

**राजनाथ ने की थी आईएईए से अपील:** 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद भारत-पाक के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। भारत ने पाकिस्तान के इलाके में मौजूद कुल 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया था। साथ ही किए गए पाकिस्तानी दुस्साहस के जवाब में उसकी वायुसेना के 11 अड्डों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया था। संघर्ष के दौरान इस तरह की रिपोर्ट भी आई थी कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ अपनी हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल फतेह-2 का प्रयोग किया था। जिसे भारत के व्यापक हवाई रक्षा तंत्र ने ढूंढकर नाकाम कर दिया था। पूरे घटनाक्रम के बाद भारत के कई मंत्रियों जिनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आईएईए) से पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की निगरानी करने की अपील की थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109